राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-195
लखनऊ, रविवार 03 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

डॉक्टर के अच्छे व्यवहार से दूर हो जाती है मरीज की आधी बीमारी : योगी 02

पीएम मोदी ने सहकारिता क्षेत्र को दिया नया जीवन : अमित शाह 12

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएनएल के पूर्व अफसर को तीन साल की कैद

**नई दिल्ली।** लखनऊ की एक विशेष अदालत ने शनिवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में बीएसएनएल के पूर्व अधिकारी को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास और 10 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। सीबीआई के मुताबिक विशेष अदालत ने बीएसएनएल के पूर्व एसडीई मनोज कुमार सिंह को तीन वर्ष के कारावास के साथ दस लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। सिंह उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के पलिया में पदस्थ थे। सीबीआई ने 8 अगस्त 2002 को आरोपित एवं उसकी पत्नी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। सीबीआई का आरोप था मनोज कुमार सिंह और उनकी पत्नी के पास 25 जनवरी 1988 से 9 अगस्त 2002 की अवधि के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति थी। जांच के बाद 7 जनवरी 2005 को सीबीआई ने आरोप पत्र दायर किया गया।

### एनआईए ने पीएफआई से जुड़े सलीम को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तेलंगाना के निजामाबाद में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े अब्दुल सलीम को गिरफ्तार किया है। सलीम पीएफआई का तेलंगाना उत्तर का सचिव है। सलीम पर देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। उस पर यह भी आरोप है कि वह आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती कर रहा था। वह हिंसा के एक मामले में फरार चल रहा था। उस पर दो लाख रुपये का इनाम था। उसके खिलाफ चार्जशीट भी दायर की जा चुकी है। वह इस मामले में पकड़ा जाने वाला 15वां आरोपित है। उसके खिलाफ जून, 2023 में निजामाबाद जिले में वीआई टाउन पुलिस ने मामला दर्ज किया था, लेकिन एनआईए ने इस मामले को अपने पास ले लिया। एनआईए ने पिछले साल दिसंबर में 11 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग हिमपात व बारिश से बंद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के मैदानी इलाकों में भारी बारिश और ऊपरी इलाकों में हिमपात के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यातायात अधिकारियों ने कहा कि रामबन जिले में कई स्थानों पर भूस्खलन और पत्थर गिरने के कारण राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। यातायात विभाग के एक आधिकारिक बयान में आज सुबह कहा गया, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन और पत्थरों के गिरने के कारण कई स्थानों पर अवरुद्ध है। पूरे राजमार्ग पर भारी बारिश हो रही है। लोगों को मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44)पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। अधिकारियों ने कहा कि घाटी से आने-जाने वाली उड़ानों का संचालन सामान्य है। बारिश के मौसम का ताजा दौर शुक्रवार को शुरू हुआ और शनिवार को पूरे जम्मू-कश्मीर में मध्यम से बहुत भारी बारिश और हिमपात जारी रहेगा।

सीएम ने 1100 अन्नपूर्णा भवनों व 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का किया लोकार्पण

# हर गरीब को मिल रहा खाद्यान्न

**पहले होती थी भूख से मौतें, भुखमरी की समस्या का हुआ समाधान**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी काम में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम जनमानस की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप जीवन के हर क्षेत्र में रिफॉर्म से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि जहां शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंच सके वही सुशासन है और सुशासन का यही मॉडल रामराज्य है।

सीएम योगी शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया। राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं। जनप्रतिनिधियों के प्रयास से हर गरीब को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था मगर राशन कोई और ही डकार जाता था। 2017 से पहले प्रदेश के कई जनपदों में भूख से भी मौतें होती थीं। हमने पहले ई पॉश मशीन और अब ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से प्रदेश के 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में हुए रिफॉर्म का लाभ 15 करोड़ लाभार्थियों लोगों को प्राप्त हो रहा है।

तकनीक आधरित खाद्य वितरण प्रणाली से न केवल भुखमरी की समस्या का समाधान हुआ, बल्कि हम कलंक से मुक्त भी हुए हैं। पहले राशन एफसीआई गोदामों से निकलने के बाद बीच से ही गायब हो जाता था, मगर अब लखनऊ से ही बैठकर मॉनीटरिंग होगी कि राशन वास्तव में जिस कोटे की दुकान तक जाना था, वहां तक पहुंचा या नहीं। यह परिवर्तन ही सबका साथ सबका विकास है। यही मोदी जी का मंत्र है जो जमीनी धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, ग्राम्य विकास विभाग की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव खाद्य रसद आलोक कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण एवं प्रदेश के 1100 अन्नपूर्णा भवनों से वर्चुअल माध्यम से जुड़े जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पहले की सरकारों के पास नहीं था कोई विजन

सीएम ने कहा कि पहले की सरकारों के पास विजन न होने के कारण मनरेगा के अंतर्गत एक बार तालाब की खोदाई होती थी, फिर उसे पाट दिया जाता था और फिर से उसे दोबारा खोदा जाता है, मगर आज नये नये निर्माण कार्य हो रहे हैं, अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे हैं। इससे रोजगार भी मिल रहा है और सुविधाएं भी। हर राशन कार्ड के आधार सीडिंग का कार्य चल रहा है। हर व्यक्ति की फैमिली आईडी तैयार हो रही है, जिससे एक जगह बैठे-बैठे तय हो जाएगा कि किसे कौन सी सुविधा मिली है या कौन सी सुविधा देनी है। बहुत जल्द उत्तर प्रदेश की जनता को राजस्व के कागजातों को देखने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने होंगे, एक जगह से ही उन्हें अपने दस्तावेज प्राप्त हो जाएंगे। इस सुविधा को आगे वरासत की प्रक्रिया के साथ भी जोड़ा जाएगा, यही नहीं पैमाइश की समस्या को भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

### 10 विक्रेताओं को सीएम ने सौंपी अन्नपूर्णा भवन की चाबी

सीएम योगी ने प्रदेश के 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इसमें लखनऊ से जगलाल, रायबरेली के अशोक कुमार और धीरेन्द्र विक्रम, बाराबंकी की रेखा देवी और पुष्पा देवी, उन्नाव के लोकई प्रसाद और मालती देवी, हरदोई से अंजनी कुमार और जितेन्द्र, सीतापुर मोहम्मद नियाज खान को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर सीएम ने लाभार्थियों को राशन किट भी प्रदान किया।

### यूपी पुलिस भर्ती : प्रश्न पत्र लीक मामले में दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने दो आरोपियों को यहां विभूति खंड इलाके से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आरोपी उस गिरोह के सदस्य हैं, जो 17 और 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय सिंह चौहान और सोनू सिंह यादव के रूप में हुई है और दोनों ही प्रयागराज के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को शुक्रवार शाम को गिरफ्तार किया गया।

# लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी हुई तो नपेंगे डीएम व एसपी

समृद्धि न्यूज




**भारत निर्वाचन आयोग ने उप्र में तीन दिन तक की चुनाव तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश**

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है। निर्वाचन आयोग शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान यदि कोई गड़बड़ी होती है तो उसके लिए जिलाधिकारी और जिला पुलिस प्रमुख जिम्मेदार होंगे। कड़ी कार्रवाई भी होगी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और जिला पुलिस प्रमुखों को सख्त निर्देश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की तीन दिन तक समीक्षा करने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आज पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना आयोग की प्राथमिकता है। सभी राजनीतिक दलों को बराबर का अवसर मिलेगा।

### चेक के माध्यम से ही होंगे चुनाव के खर्च


मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव में धन और बाहुबल का प्रयोग नहीं होगा। सभी चुनावी खर्च चेक के माध्यम से होंगे। डिजिटल पेमेंट पर सख्त नजर रहेगी। बैंकों की कैश वैन भी शाम पांच बजे के बाद नहीं चलेंगी। इसके लिए आरबीआई से कहा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 30 जिलों की सीमा नौ राज्यों से लगती हैं। साथ ही प्रदेश के सात जिलों की सीमा पड़ोसी देश नेपाल से लगती है। सीमाओं पर निगरानी के विशेष इंतजाम रहेंगे।

### चुनाव के लिए तीन एप

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आधुनिक तकनीक का सर्वाधिक प्रयोग किया जाएगा। आयोग इस बार के चुनाव में तीन एप ला रहा है। एक एप से मतदाता चुनाव में होने वाले प्रलोभन, शराब और रुपये बांटने के बारे में सीधे चुनाव आयोग से शिकायत कर सकते हैं। दूसरा एप वोटर हेल्पलाइन है, जिसके माध्यम से मतदाता अपनी जानकारी ले सकता है। तीसरा एप 'नो योर कैंडिडेट' है। इसके माध्यम से मतदाता अपने उम्मीदवार के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करेगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में 85 साल से ज्यादा उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोग अपने घर से मतदान कर सकेंगे।

# लोकसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की 195 लोगों की पहली सूची




**भाजपा की पहली सूची की खासियत**

- 47 युवा उम्मीदवार, जिनकी उम्र 50 साल से कम है
- 34 केंद्रीय व राज्य मंत्रियों का नाम सूची में
- 27 नाम अनुसूचित जाति से
- 18 प्रत्याशी अनुसूचित वर्ग से
- 28 महिलाओं को मौका
- 57 नाम अन्य पिछड़ वर्ग से



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। अमित शाह गांधीनगर से चुनावी मैदान में होंगे। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं। इसके अलावा दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी को भी लोकसभा का टिकट दिया गया है।

विनोद तावड़े ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल से 12, तेलंगाना से नौ, असम से 11, झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन और अरुणाचल, गोवा, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार और दमन और दीव की एक-एक सीट पर प्रत्याशी तय किए गए हैं।

### उप्र : हारी सीटों पर नए नाम

उत्तर प्रदेश की 51 लोकसभा सीटों में सिर्फ चार सीटों पर ही नये नामों की घोषणा की गयी है। इनमें से श्रावस्ती से साकेत मिश्रा, अंबेडकर नगर से रितेश पाण्डेय जो बसपा से भाजपा में आये हैं। वहीं जौनपुर से कृपाशंकर सिंह और नगीना से ओम प्रकाश का नाम शामिल है। इसी तरह कैराना से प्रदीप कुमार, मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान, नगीना सुरक्षित से ओम कुमार, रामपुर से घनश्याम लोधी, संभल से परमेश्वर लाल सैनी, अमरोहा से कंवर सिंह तंवर, गौतमबुद्धनगर से डा. महेश शर्मा, बुलन्दशहर से डा. भोला सिंह, आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी राजकुमार चाहर, एटा से राजवीर सिंह राजू , आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप, खीरी से अजय मिश्रा टेनी, धौरहरा से रेखा वर्मा, सीतापुर से राजेश वर्मा, हरदोई सुरक्षित से जय प्रकाश रावत व मिश्रिख से अशोक कुमार रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। उन्नाव से साक्षी महराज, मोहनलालगंज से कौशल किशोर, अमेठी से स्मृति ईरानी,प्रतापगढ़ से संगमलाल गुप्ता आदि शामिल है।

# शासन ने निरस्त की आरओ-एआरओ परीक्षा

**सीएम योगी ने ट्वीट कर दी जानकारी**

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज ।** समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद मामले में बड़ा निर्णय लेते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षा निरस्त कर दिया है। मामले की जांच के लिए आयोग ने कमेटी गठित की थी। साथ ही अभ्यर्थियों से भी साक्ष्य मांगे गए थे। परीक्षा के बाद से ही अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे थे और परीक्षा को निरस्त कर नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग पर अड़े थे। साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए दो मार्च की तिथि तय की गई थी। एक सप्ताह के भीतर आयोग कोई निर्णय ले सकता है। छह माह के भीतर दुबारा होगी परीक्षा। इसकी जानकारी सीएम योगी ने ट्वीट कर दी।

आयोग ने अभ्यर्थियों से दो मार्च तक साक्ष्य मांगे थे। जिसकी मियाद शनिवार को पूरी हो गई।। साथ ही आयोग की तीन सदस्यीय आंतरिक कमेटी अलग से मामले की जांच कर रही थी। आयोग ने शासन को एसटीएफ जांच की संस्तुति भी भेजी थी। आयोग की आंतरिक जांच शुरू ही की थी, इसी बीच शासन ने मामले को अपने हाथ में ले लिया और अलग से भी इसकी जांच शुरू करा दी थी।

### 11 लाख ने दी थी परीक्षा

11 फरवरी को हुई आरओ/एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। आयोग की किसी भी परीक्षा के लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आए और परीक्षा में सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान ही पेपर लीक विवाद सामने आने के बाद परीक्षा में शामिल ये सात लाख अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। वहीं, पिछले तीन वर्षों में अभ्यर्थियों के बीच अपनी छवि तेजी से सुधारने वाले आयोग के सामने अब इसे बनाए रखने की चुनौती है।

### उपराज्यपाल ने सत्येन्द्र जैन के खिलाफ दी सीबीआई जांच की मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने 10 करोड़ रुपये की उगाही के मामले में दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दी है। आप के नेता सत्येन्द्र जैन पर जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल के साथ मिलकर जबरन वसूली रैकेट चलाने और दिल्ली की विभिन्न जेलों में हाई प्रोफाइल कैदियों से प्रोटेक्शन मनी के नाम पर उगाही का आरोप है। उप राज्यपाल ने इससे पहले पिछले माह सत्येन्द्र जैन को रुपये वसूलने में मदद करने के आरोप में तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ भ्रष्ट्राचार की जांच के लिए सीबीआई मंजूरी दी थी। राज कुमार ने तिहाड़ जेल से चलाए जा रहे हाई-प्रोफाइल जबरन वसूली रैकेट में मदद की थी।

# सहायक शिक्षक भर्ती में ईडब्ल्यूएस आरक्षण की याचिका हुई खारिज

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दर्जनों याचिकाओं को किया खारिज**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69000 सहायक अध्यापक भर्ती में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने की मांग में दाखिल याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया ईडब्ल्यूएस आरक्षण उत्तर प्रदेश में लागू होने से पूर्व प्रारंभ हो चुकी थी, ऐसी स्थिति में सिर्फ ऑफिस मेमोरेंडम जारी होने के आधार पर राज्य सरकार आरक्षण लागू करने के लिए वैधानिक रूप से बाध्य नहीं है।

शिवम पांडे व दर्जनों अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने दिया है।69000 सहायक अध्यापक भर्ती में शामिल सामान्य वर्ग के आर्थिक पिछड़े दर्जनों अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल कर भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने की मांग की थी। कहा गया कि सांसद ने संविधान में 103 वें संशोधन द्वारा 12 जनवरी 2019 को आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है।यूपी सरकार ने इसे 18 फरवरी 2019 को ऑफिस मेमोरेंडम जारी कर लागू कर दिया। 69000 सहायक अध्यापक भर्ती की प्रक्रिया एक दिसंबर 2018 को शुरू हुई मगर शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019 में आयोजित की गई थी।

### यूपी : दो दिन और बारिश की संभावना, ओलावृष्टि के आसार

**कानपुर।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से देर रात ही कानपुर सहित उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा और हल्की बारिश हुई। शनिवार को कुछ घंटों को छोड़ आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और मेघ गर्जन के साथ बौछारें पड़ी। इससे दिन का तापमान सामान्य से कम हो गया तो वहीं रात में बादलों के आने से रात का तापमान सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दो दिन और मेघ गर्जन के साथ बारिश की संभावना है, ओलावृष्टि के आसार बने हुए हैं। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ को उत्तरी अफगानिस्तान और आसपास के क्षेत्रों पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जाता है।

# आबकारी नीति मामले में सिसोदिया संजय सिंह की हिरासत सात तक बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी। दोनों को उनकी पूर्व में विस्तारित न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। अब वे ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मामले में 7 मार्च तक जेल में रहेंगे। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित उपचारात्मक याचिका के मद्देनजर निचली अदालत ने 17 जनवरी को ईडी और सिसोदिया के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद मामले में सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर विचार किया जाए या नहीं, इस पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पिछली सुनवाई में ईडी ने कहा था कि जब तक उनकी सुधारात्मक याचिका शीर्ष अदालत में लंबित है, तब तक सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। विशेष वकील जोहेब हुसैन ने तर्क दिया था कि दो मंचों से एक साथ राहत मांगना कानूनी अनुशासन के तहत अस्वीकार्य है, उन्होंने ट्रायल कोर्ट से उपचारात्मक याचिका के निपटारे का इंतजार करने का आग्रह किया था। जवाब में, सिसोदिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील मोहित माथुर ने ईडी के इस तर्क पर सवाल उठाया था।

**सौगात**

प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में 15,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# पश्चिम बंगाल को आत्मनिर्भर और निवेश को बढ़ावा देंगी परियोजनाएं

एजेंसी



**कृष्णानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने नादिया जिले के कृष्णानगर में आज एक आधिकारिक समारोह में इन परियोजनाओं का अनावरण किया।

उन्होंने कहा कि परियोजनाओं से बंगाल को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और अधिक निवेश आएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण के लिए राज्य को बिजली पर आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है जो औद्योगिक विकास, रेलवे नेटवर्क और प्रौद्योगिकियों में मदद करती है। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें बंगाल में 11,000 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कभी अत्यधिक विकसित रहे बंगाल ने भारत के स्वतंत्र होने के तुरंत बाद उपेक्षा के कारण धीरे-धीरे अपना महत्व खो दिया। श्री मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के आरामबाग में 7200 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार है और इसी के रास्ते पूर्वोत्तर भारत का विकास भी संभव है।

प्रधानमंत्री ने पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर में स्थित रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन चरण द्वद्व (2 गुणा 660 मेगावाट) का उद्घाटन और शिलान्यास किया। दामोदर घाटी निगम की यह कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना अत्यधिक कुशल एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है। नया प्लांट देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम होगा। इसके अतिरिक्त, मेजिया थर्मल पावर स्टेशन की यूनिट सात और आठ की ग्रिप गैस डिसल्फराइजेशन प्रणाली पर आधारित होगी। लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से विकसित, एफजीडी प्रणाली ग्रिप गैसों से सल्फर डाइऑक्साइड को हटा देगी, स्वच्छ ग्रिप गैस का उत्पादन करेगी और जिप्सम बनाएगी, जिसका उपयोग सीमेंट उद्योग में किया जा सकता है।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के फरक्का-रायगंज खंड के चार लेन की सड़क परियोजना का भी अनावरण किया।

### बिहार में शांति व कानून व्यवस्था का राज-ये मोदी की गारंटी

**पटना/औरंगाबाद (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए भोजपुरी में कहा कि रउवा सब के प्रणाम करइतही। बिहार में शांति और कानून व्यवस्था का राज-ये मोदी की गारंटी है। बिहार में बहन-बेटियों को अधिकार-ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज यहां करीब 21.5 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है। इन परियोजनाओं में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कई परियोजनाएं हैं। इनमें रेल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े काम भी हैं और इनमें आधुनिक बिहार की मजबूत झलक भी है। उन्होंने यही एनडीए की पहचान है। हम काम की शुरुआत भी करते हैं, काम पूरा भी करते हैं और हम ही उसे जनता-जनार्दन को समर्पित भी करते हैं। ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार का विकास-ये मोदी की गारंटी है।

### छह को कुशीनगर एयरपोर्ट पर आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**कुशीनुगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह मार्च को कुशीनगर एयरपोर्ट पर विशेष विमान से आयेंगे और हेलीकॉप्टर से बिहार जायेंगे। पुनः बिहार से लौटकर विमान से दूसरे गंतव्य को प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की प्रारंभिक जानकारी मिलते ही प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। हालांकि पीएम का मिनट टू मिनट कार्यक्रम अभी नहीं आया है। यह तीसरा अवसर होगा जब प्रधानमंत्री यहां आयेंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने सुनी फरियाद, दिए निर्देश

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में तहसील मितौली के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाय। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 26 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये गये जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 17, पुलिस 04, विकास 03, कृषि और विधुत 01-01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम विनीत उपाध्याय, डिप्टी सीएमओ लालजी, तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला ,पशुचिकित्सा अधिकारी अनुपम सिंह सहित जिला स्तरीय तथा तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### संपूर्ण सुपोषण अभियान : डीएम-सीडीओ ने सैम श्रेणी के बच्चों को बांटी सुपोषण किट

तहसील मितौली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत सैम श्रेणी (अति कुपोषित) के 04 बच्चों को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की। डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ-आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री को निर्देश दिए कि वह इन बच्चों का नियमित मॉनिटरिंग करके यह सुनिश्चित कराएं कि सुपोषित किट एवं केंद्र से मिलने वाले पोषाहार का बच्चे को नियमित सेवन कराए। इस अवसर उप जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय, तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला, डीपीओ भारत प्रसाद, सीडीपीओ सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# मार्ग चौड़ीकरण व इंटरलॉकिंग मार्ग का गृह राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण




**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सांसद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने शुक्रवार को अमीरनगर से सरैंया विलियम तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं कस्बे में सांसद निधि से लगी इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया।

गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने फीता काटकर और शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया।आयोजित जन सभा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए पिछली सरकारों को निशाने पर रखा।सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारत का चहुंमखी विकास कर रही है। कोरोना काल का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। सरकार की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि सभी को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। सरकार ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया।

कहा कि पहले की सरकारों में बिजली हफ्ते में शेड्यूल के हिसाब से दिन अथवा रात में आती थी। बीजेपी सरकार में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। किसानों को सिचाई के लिये निःशुल्क बिजली मिल रही है। सरकार ने किसानों को सम्मान देने का कार्य किया है।

इस दौरान सच्चिदानंद शुक्ला, आत्मा नंद शुक्ला, अमीर नगर प्रधान अब्दुल अजीज खान, जिला पंचायत सदस्य तौहीद खान,नीरज शुक्ला, रामनाथ राठौर, सुचित प्रताप सिंह, राजेश कुमार, अनिल स्वामी, पपिल कुमार, पुनीत मिश्रा, राममूर्ति यादव, रोहित शर्मा, कुलदीप शर्मा,अमर सिंह, प्रदीप सिंह, हैप्पी सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


## खबरें एक नजर में

### अवैध तमंचा, कारतूस, कच्ची शराब सहित तीन गिरफ्तार



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** मैगलगंज पुलिस ने कच्ची शराब व वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाकर एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के पास से अवैध तमंचा व कारतूस के अलावा अन्य दो अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की है। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देशन में कच्ची शराब व वांछित वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआई गौरव कुमार द्वारा एक शातिर अभियुक्त बलविंदर सिंह निवासी सेमराघाट को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद की है। वहीं चौकी प्रभारी औरंगाबाद अनूप कुमार मिश्रा ने नन्हें निवासी औरंगाबाद व शैलेंद्र सिंह निवासी ढखौरा के पास से लगभग 35 लीटर कच्ची शराब बरामद करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि बलविंदर सिंह हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरुद्ध सीतापुर व खीरी जनपद में आबकारी अधिनियम, चोरी व मारपीट की धाराओं में छह मुकदमे दर्ज हैं। इसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के अलावा अन्य दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### छप्पर में आग लगाने का आरोप



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी गाँव निवासी एक व्यक्ति पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित भाइयों ने मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगायी हैं। थाना सुबेहा के अहिरन सरैया गाँव निवासी शिव बालक व राम प्रकाश पुत्रगण सुखनन्दन ने भेजे गए प्रार्थनापत्र में पड़ोसी गाँव रोहना मीरापुर गाँव निवासी पवन कुमार पुत्र राम प्रकाश पर छप्परों में आग लगा देने का आरोप लगाया है और कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगायी हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की शाम जब दोनों भाइयों का परिवार खेतों में काम करने गया था इस दौरान किसी ने छप्परों में आग लगा दी थी जिसकी वजह से सोलर पैनल जानवरों का चारा चारपाई तख्त बिस्तर खाद्य सामग्री सब कुछ जलकर नष्ट हो गया था ईशा की दुकान में सब कुछ जानकारी नष्ट हो जाने के बाद वजह से छोटे-छोटे बच्चों के और जानवरों के सामने खाने-पीने और रहने की समस्या खड़ी हो गई है।

### 105 शिकायतें प्राप्त, पांच का निस्तारण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 105 शिकायतें आयीं। जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को तहसील सिरौलीगौसपुर में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। करीब 12 बजे तहसील पहुंचे डीएम एसपी के समक्ष खराब मौसम के बावजूद भी फरियादियों की लाईन लग गई। जिलाधिकारी ने ध्यानपूर्वक एक एक फ़रियाद सुनी और उनके निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें विकास विभाग से सम्बंधित 26, राजस्व विभाग की 22, पूर्ति विभाग की 16, पुलिस विभाग की 15, एवं जल निगम से सम्बंधित 6,समेत अन्य विभागों से 20 शिकायतें आयीं। समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने एसडीएम नेहा ब्याडवाल के साथ तहसील परिसर में 5 पौधे भी रोपित किए। इस मौके पर तहसीलदार वैशाली अहलावत, अधिशासी अभियंता विद्युत दिलीप कुमार,एसडीओ विद्युत राम गोपाल, सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा,एसडीओ वन, सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### शारदा सहायक नहर में मिला युवक का शव, नहीं हुई पहचान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम कसरैलाडीह स्थित दरियाबाद ब्रांच समांन्तर शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात 25 -30 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसरांय पुलिस ने शव को निकलवा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को कसरैलाडीह झाल में एक युवक का शव तैरता हुआ ग्रामीणों को दिखाई दिया। जिसके बाद वहां पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव हमराही पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवा कर पहचान कराने का प्रयास किया किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई। जिसके बाद शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है।शव कई दिन पुराना सडा हुआ है। वहीं इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चैम्बर निर्माण का सौंपा मांग पत्र

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



निघासन सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता की अगुवाई में सिविल न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चैंबर निर्माण के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी निघासन को सौंपा।

निघासन सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता ने अपने दर्जनों साथियों के साथ निघासन एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन देकर बताया कि जनपद खीरी में नेपाल सीमा पर स्थित तहसील निघासन में सिविल न्यायालय संचालित है जिसमें अधिवक्ताओं के बैठने के लिए कोई स्थाई प्रबन्ध नहीं है। ठंडक, गर्मी, बरसात सहित आंधी तूफान में अधिवक्ताओं को खुले आसमान के नीचे बैठकर ही कार्य करना पड़ता है। जिससे अधिवक्ताओं के साथ साथ वादकारियों को भी काफी समस्यायें उत्पन्न होती है। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी कई बार उचित माध्यम से शासन को पत्राचार भी किया जा चुका है।

उक्त समस्याओं को दृष्टिगत निघासन सिविल बार एसोसिएशन निघासन अपने साथी अधिवक्ताओं और वादकारियों के हित में प्रत्यावेदन के माध्यम से अधिवक्ताओं के लिए 40 चैम्बर निर्माण कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया है जोकि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिये अत्यन्त आवश्यक है। निघासन वाहय न्यायालय में 5 एकड़ भूमि है। जिसमें केवल एक न्यायालय व एक आवास बना है।

## किसानों ने की जीवन यापन के लिए आवासीय पट्टे की मांग



**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।** तहसील गोला ब्लॉक बिजुआ खीरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत वसलीपुर में किसानों ने जीवन यापन के लिए समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आवासीय पट्टे की मांग की है। इस पंचायत के ग्रामीणों ने तहसील दिवस में जाकर समाधान दिवस अधिकारी तहसील गोला के समक्ष मांग पत्र प्रस्तुत करके चकबंदी में सुनिश्चित की गई, नवीन परती की भूमि से निर्धन ग्रामीण को आवास बनाने हेतु और अपना जीवन यापन करने के लिए आवासीय पट्टे बनवाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र सौपा है।

# मौसम का बदला मिजाज, बेमौसम बरसात से चिंता में किसान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मौसम का मिजाज शुक्रवार देर रात से अचानक बदल गया तेज हवाओं के साथ बारिश किसानों के लिए मुसीबतें लेकर आई। बेमौसमी बरसात से किसानों का नुकसान होना लाजमी है। बेमौसम बरसात से किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं ,मसूर, चना, मटर, लाही आदि फसलें बर्बाद हो सकती हैं। जिसे लेकर किसान चिंतित हैं।

मौसम के बदले मिजाज से शनिवार को बारिश के साथ दिनभर काले बादल छाए रहे इससे किसान चिंतित हैं। इस समय खेतों में तैयार खड़ी सरसों की फसल की कटाई व मड़ाई हो रही है, वहीं चना, मसूर और गेहूं की फसलें भी पकने की कगार पर हैं। गेहूं की फसल में भरपूर बालियां आ गई हैं, दाना पोषित हो रहा है। शुक्रवार देर रात्रि में मौसम का मिजाज बदल गया। शनिवार सुबह से ही आसमान में बादल छा गए। गरज चमक के साथ दिन भर रुक रुक कर बरसात होती रही। किसानों का कहना है कि अधिक बारिश होने पर फसलें पूरी तरह नष्ट हो जाएंगी।

गेहूं ,चना व मसूर की फसल खराब हो जाएगी। बारिश से सरसों की खड़ी फसल गिरने का खतरा है। इससे दाना प्रभावित हो जाएगा। बारिश के साथ हवा चली तो पकाने की कगार पर खड़ी गेहूं की फसल गिरकर बर्बाद हो जाएगी।

# मनरेगा अन्नपूर्णा भवन का विधायक ने किया उदघाटन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देश पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के अंतर्गत राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) का निर्माण लगभग सभी जिलों में पूरा हो चुका है इसी क्रम में आज विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत लाही एवं विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत लालपुर मजरे अंसारी में बने मनरेगा अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर दिनेश रावत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह भवन पूर्ति विभाग के मानकों के आधार पर तैयार किया गया है इसमें एक प्रतीक्षालय के साथ-साथ जन सेवा केंद्र के संचालन की भी व्यवस्था की गई है और उचित दर दुकानों पर ई वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों का उद्घाटन भी किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अन्नपूर्णा भवन यह उचित दर दुकान (अन्नपूर्णा भवन) अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी। यहां सीसीटीवी कैमरे के साथ ही इंटरनेट व बिजली की भी सुविधा होगी। हर गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद होगी। ई स्केल पास मशीन की स्थापना से सभी लाभार्थियों को अत्यंत सुचिता पूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज अदिति श्रीवास्तव हैदरगढ़ संदीप गुप्ता ग्राम प्रधान लाही ज्ञानमती प्रधान प्रतिनिधि गंगा प्रसाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंसारी अलगू सिंह पूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी ग्राम पंचायत सचिव पवन कुमार शिवकुमार प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू अजय प्रताप सिंह चौहान पिंटू वर्मा मनोज सिंह धर्मेंद्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह अन्नू सिंह अमन चौहान राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

# सांसद उपेन्द्र पर भाजपा ने जताया भरोसा

- दुबारा टिकट मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा से टिकट किसे मिलेगा, इन कयासों, अटकलों पर विराम लग गया। शनिवार की शाम को जैसे ही भाजपा हाई कमान ने उम्मीदवारों की घोषणा की और उसमें बाराबंकी से सांसद उपेन्द्र सिंह रावत को पुनः टिकट देने की घोषणा सुनते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग एक दूसरे को फोन से ही बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल इस तरह का हुआ कि कार्यकर्ता अपने सांसद को बधाई देने के लिए ढूंढने लगे। कोई सांसद के आवास पहुंचा तो कोई सांसद के लगे कार्यक्रमों में बधाई देने लगा। सांसद ने स्थानीय निरीक्षण भवन में पत्रकार वार्ता कर भाजपा के संकल्प पत्र के सुझावों के अभियान की जानकारी दे रहे थे। यहीं उनके चेहरे की चमक से प्रेस प्रतिनिधि भी मुकम्मल हो रहे थे कि भाजपा से दुबारा उपेन्द्र सिंह रावत को ही टिकट मिलेगा। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत को विधायको, राज्यमंत्री सतीश शर्मा सहित जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# झोला छाप डॉक्टर के इलाज से महिला की मौत का आरोप

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सुमन अस्पताल द्वारा धन उगाही और अप्रशिक्षित स्टॉप का मामला थमा नहीं था की एक बार फिर छोलाछाप डाक्टर के ईलाज से शुक्रवार की रात एक महिला ने दर्द से तड़प तड़पकर दम तोड़ दिया।

हालत गंभीर देख महिला को उपचार हेतु जैदपुर सीएचसी लाया गया। जहां पर डॉक्टरों के मृत्यु घोषित करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पी एम हेतु भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बीती रात रमवापुर मजरे तेजवापुर निवासी गुड्डू उर्फ गुरू प्रसाद की पत्नी सुनीता देवी को सीएचसी जैदपुर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। परिजानों ने बताया कि दो दिन पूर्व महिला की तबीयत खराब होने पर भानमऊ के एक बंगाली डाक्टर की पत्नी द्वारा मृतका के पेट में पल रहे बच्चे को खराब व कैंसर होने की बात बताकर अबॉर्शन किया गया। दर्द कम न होने पर तड़पती हुई महिला को शुक्रवार की रात में करीब नौ बजे सीएचसी जैदपुर लाया गया। जहां पर अधीक्षक सुशील सरोज ने बताया कि पहले ही मृत्यु को चुकी थी। बताते चलें कि काफ़ी वर्षो से क्षेत्र जैदपुर, सिद्धौर, कोठी व भानमऊ में गंगागंज रोड पर एक बंगाली डाक्टर व उसकी पत्नी ने अपना मकरजाल फैला कर अबॉर्शन, बवासीर सहित विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार कर मोटी रकम से अपनी जेबें भर लोगों की जान से खेल रहा है। जिसके चलते आज एक महिला को अपनी जान गवांना पड़ा। इसी प्रकार कस्बे सहित आस पास क्षेत्र में ऐसे तमाम बंगली डाक्टर कुंडली बनाकर बैठे कोई दांत, बवासीर तो कोई हैड्रोसील सहित भयंकर से भयंकर बीमारियों का उपचार कर आम जनता को मौत की दावत दे रहे हैं।

जबकि क्षेत्र में छोलाछाप डाक्टरों के उपचार से आये दिन कोई न कोई मौत के आगोश में चला जाता है। फिर भी विभाग तमाशबीन बनकर देख रहा है। जबकि मृतका की बहन द्वारा जैदपुर थाना में पति द्वारा मारपीट दहेज व जबरन दवा खिलाकर मारने के आरोप लगाये गये हैं। वहीं कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल जारी है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण सामने आयेगा।

## विजिलेंस टीम के साथ घर-घर हुई बिजली चोरी की चेकिंग

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विधुत विभाग टोर टू टोर चेकिंग अभियान के अंतर्गत विजलेंस टीम के साथ पहुंचे एसडीओ व जेई को देख कस्बे के मोहल्ला बडापूरा में भीड़ जमा हो गयी। जहां कुछ कनेक्शन भी काटे गये। जानकारी के अनुसार जैदपुर के मोहल्ला बडापुरा मे घरेलू व पावर लूम कनेक्शन को लेकर जांच मे पहुंची बिजलेंस व जैदपुर विघुत उपकेंद्र की टीम द्वारा कुछ कनेक्शन को काटने से नाराज़ लोगो की भीड़ लग गयी और कटे कनेक्शन को पुनः जोड़ने की बात को लेकर व बकाया बिल जमा करने की आपस की वार्ता मे कुछ समय दिया गया।बताते चले कि जहां एक तरफ़ लगातार बुनकरों के कारोबार ने आम जनता को बुखमरी की कगार पर पहुंचा दिया है। वही बुनकरो के बिल सहित सब्सिडी से पीड़ित गरीबो की आवाज को कोई सुनने वाला नही है।जिससे दिन पर बुनकरो की चिंताएं बढ़ती ही जा रही है।वही करोबार की मार से कुछ बुनकर अपना कनेक्शन भी कटवाना चाहते है मगर समस्या व पीडी न होने से निजात नही मिल रही है। मौके पर पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अंसारी ने उच्चाधिकारियो से बात कर होने वाली समस्याओ से छुटकारा दिलाने की बात कही है। इस संबंध में जेई शमसुल लका ने बताया कि कोई खास बात नही है।टोर टू डोर चेकिंग अभियान जांच कर चलता रहेगा। पीडी नही हो पा रही है। आगे जो जानकारी होगी बताया जायेगा। बुनकरो के समाधान हेतु कुछ दिनो और समय दिया गया है।

# आलू उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



एक किलो से लेकर सवा किलो के वजन तक के आलू का उत्पादन कर क्षेत्र के किसान इक़बाल अजीज ने कीर्तिमान बनाया है 12 से 14 टन प्रति एकड़ आलू की पैदावार कर क्षेत्र मे लागत से दोगुनी आय को सच साबित करने वाले किसान इक़बाल अजीज की हर ओर चर्चा हो रही है।

किसी समय काला सोना (अफीम) के लिए जाने जाने वाला बाराबंकी जनपद वर्तमान समय मे ग्रीन सिल्वर (पिपरमेंट) की खेती मे जाना जाता है लेकिन मौजूदा समय मे किसान इन परम्परागत फसलों से हटकर अपनी क्षमता से आगे बढ़कर मेहनत कर रहे हैं और फसलों का जबरदस्त उत्पादन कर खेती किसानी मे नाम ऊंचा कर रहे है।

उन्हीं किसानों में से बड़ागांव निवासी एक किसान इक़बाल अजीज है जो खेती में अपना लोहा मनवा रहे हैं। इस रबी के सीजन मे किसान इक़बाल अजीज ने अपने 8 एकड़ भूमि मे एफसी 11 की खेती कर करीब 12 सौ कुंतल आलू का उत्पादन किया है एक किलो से लेकर सवा किलो के वजन तक के आलू खूब वायरल हो रहे है।

### इक़बाल ने उगाया एक किलो चार सौ ग्राम का आलू

क्षेत्र के बड़ागाव निवासी इक़बाल अजीज के खेत में निकल रहे बड़े बड़े आकार के आलू वर्तमान समय खूब चर्चा मे है उन्होंने आलू में जैविक खाद का प्रयोग किया तथा रसायनिक खाद और कीटनाशक आदि न के बराबर प्रयोग किया तथा आलू की फसल की निराई आदि पर विशेष ध्यान दिया। खुदाई शुरू हुई तो खेत में छोटे आलू बेहद कम निकले ज्यादातर आलू 5 सौ ग्राम से लेकर 8 सौ ग्राम तक के निकले। कुछ आलू एक किलो से लेकर सवा किलो तक के है। सबसे बड़ा आलू एक किलो 4 सौ ग्राम का निकला है। किसान इक़बाल अजीज ने बताया कि हमने पेप्सिको कम्पनी से एफसी 11 आलू का बीज लेकर कम्पनी के सलाहकार ब्रजेश लावानिया व अभिषेक मल्ल की राय मशविरा से खेती की और उम्मीद से ज्यादा पैदावार हुई इक़बाल अजीज ने बताया की 8 एकड़ मे बोये गये आलू मे करीब 12 सौ कुंतल की पैदावार हुई वर्तमान समय मे आलू का रेट करीब 12 सौ रुपए प्रति कुंतल है।

# जनता के सुझावों से बनेगा बीजेपी का चुनाव संकल्प पत्र

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



### मिस्ड कॉल से पार्टी मांगेगी सुझाव

प्रेस वार्ता में सांसद ने बताया कि पार्टी ने मोबाइल फोन नंबर भी जारी किया है। 9090902024 पर मिस्ड कॉल करके या नमो एप डाउनलोड करके भी लोग अपने सुझाव दे सकेंगे।

- सांसद ने संकल्प पत्र सुझाव पेटिका और मिस्ड कॉल नंबर किया लॉन्च
- 15 मार्च तक चलेगा सुझाव प्राप्ति का अभियान
- सांसद बोले.. विकसित भारत मोदी की गारंटी

लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी से और क्या चाहती है, इसके लिए बीजेपी लोकसभा चुनावों के लिए सुझाव पेटी लोगों के बीच रखेगी। इन पेटियों में बीजेपी को लोग सुझाव दे सकते हैं और इन सुझावों के आधार पर ही पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने ''विकसित भारत मोदी की गारंटी'' अभियान के तहत सुझाव पेटी और मिस्ड कॉल नंबर को लॉन्च किया। इस अभियान के जरिए पार्टी का मकसद है कि हर आम व्यक्ति के सुझाव लेना है।प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए सांसद ने बताया कि जिले में दो एलईडी प्रचार वाहन 3 मार्च से 15 मार्च तक संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण करेंगे , प्रत्येक प्रचार वाहन पर सुझाव पेटिका रखी होगी। जिसमे आमजन अपने सुझाव दे सकेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृतकाल में 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। विकसित भारत कैसा हो, इसके लिए देश और प्रदेश की जनता की राय जानने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के दौरान जनता से प्राप्त सुझावों को इसी साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुझाव पेटी में समाज के सभी वर्गो की राय ली जाएगी। इसके साथ ही नुक्कड़ सभाओं ,संगोष्ठी एवम संवाद कार्यक्रम आयोजित करके पार्टी सुझाव एकत्रित करेगी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई,संदीप गुप्ता ,नवीन राठौर मौजूद रहे।

# शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी : जिलाधिकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील सिरौलीगौसपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि जमीन सम्बन्धित विवादों को तत्काल निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 105 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें मौके पर 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 22 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित 15 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 26 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से संबंधित 04 प्रार्थना पत्र, पूर्ति विभाग से संबंधित 16 प्रार्थना पत्र, अन्य विभाग से संबंधित 22 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह , जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री नेहा बर्डवाल, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार , उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय , जिला कृषि अधिकारी राजित राम , तहसीलदार सिरौलीगौसपुर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैंने अपने दूसरे नंबर के पुत्र इशरत खां उर्फ लालू के चाल चलन ठीक न होने के कारण उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए थे। लेकिन अब उसमें काफी सुधार आ गया है तथा सारे गलत काम छोड़ दिये हैं। अब वह अच्छी तरह घर में रह रहा है। उसके आचरण में सुधार हो जाने के कारण मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति में दखल में ले रहा हूँ। उसे मेरी समस्त संपत्ति में अन्य संतानों की तरह बराबर के अधिकार प्राप्त होंगे।

**छोटे खां उर्फ अख्तर खां पुत्र अनवर खां निवासी मो0 इस्लामनगर कस्बा मितौली थाना मितौली जिला लखीमपुर खीरी।**

# नगर निगम ने अवैध कब्जे से मुक्त कराई दस करोड़ की भूमि

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई जारी है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत के आने के बाद से इस तरह के अवैध कब्जों पर तत्काल बुलडोजर दौड़ाया जा रहा है। आज सरोजनीनगर के अमौसी में तीन खसरों में नगर निगम में निहित भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया।

मण्डलायुक्त द्वारा इस सम्बंध में तहसील दिवस में आए प्रकरण में प्राप्त निर्देश के आधार पर नगर निगम और राज्य की टीम ने तीनों खसरों का मापना किया। खसरा नंबर 376 भूमि क्षेत्रफल 0.0970 हेक्टयर, खसरा नम्बर 1209 क्षेत्रफल 0.1440 हेक्टयर और खसरा नम्बर 38 क्षेत्रफल 0.2120 हेक्टयर को अवैध कब्जे मुक्त कराया। इस तरह इन तीनों खसरों के तहत 48760 वर्गफीट जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। इसकी बाजारू कीमत 9.75 करोड़ आंकी गई है।

# पूर्वांचल के विकास को अब कोई रोक नहीं सकता : ऊर्जा मंत्री

**▸ मधुबन में प्रबुद्ध जन सम्मेलन में पहुंचे नगर विकास मंत्री**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने घोसी में 110 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण करने के उपरांत मधुबन में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित किया।

इस दौरान मंत्री ने कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार मऊ जिला समेत पूरे पूर्वांचल के विकास के लिए कृत् संकल्पित है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए नगर विकास मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों द्वारा कोई भी विकास कार्य न तो प्रदेश में कराया गया और न ही मऊ व पूर्वांचल में कराया गया लेकिन आज पूरे देश व प्रदेश में विकास की अविरल गंगा बह रही है। आप हर तरफ विकास को देख सकते हैं। आज मऊ समेत पूरा पूर्वांचल विकास की दौड़ में तेजी से दौड़ रहा है। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष में जिले को 513 करोड़ की परियोजनाएं मिली थी, जो पूर्ण हो गयी है एवं लगभग 600 करोड़ की परियोजनायें वर्तमान में जिले में चल रही है जिसे आप लोग देख रहे है। उन्होंने कहा कि वे मऊ जिले के साथ-साथ पूर्वांचल के विकास व प्रगति के लिए एवं यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली आये, नौजवानों को रोजी रोजगार मिले, इसके लिए सदा समर्पित एवं कृत संकल्पित है।

उन्होंने कहा की मऊ के साथ-साथ पूर्वांचल के विकास एवं यहां के आम जनमानस के विकास के लिए पूर्व में भी काम मैंने किया है, कर रहा हूं और आगे भी बेहतर ढंग से इसको करूंगा। मैं आपका बेटा होने के नाते इस मिट्टी का ऋणी हूं और भरोसा दिलाता हूं।

पिछले दो महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दो बार विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया जा चुका है। इसमें दोहरीघाट से मऊ नई ट्रेन का संचालन एवं मऊ रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार का कार्य जो लगभग 60 करोड़ रूपये से अधिक का है। जो इस बात का स्वयं में प्रमाण है कि मऊ जिला अब विकास की राह को पकड़ चुका है अब इसके विकास को कोई रोक नहीं सकता। ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने हजारों की संख्या में उपस्थित प्रबुद्धजनों का आह्वान करते हुए कहा कि आप में से बहुत से लोग अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं एवं जिले के विकास के प्रति एक अच्छा सोच रखते हैं एक अच्छा नजरिया रखते हैं। मेरा उन सभी से अनुरोध है कि यदि उन्हें कुछ लगता है कि जनपद के विकास के लिये कोई कार्य जरुरी है तो वो निश्चित रुप से मुझे अवगत करा सकते है।

### प्रदेश के हर एक जिले को बनाना होगा विकसित व समृद्ध

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को दुनिया के सबसे विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य को साकार करने के लिए हमें मऊ एवं पूर्वांचल सहित प्रदेश के हर एक जिले को विकसित एवं समृद्ध बनाना होगा। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर एक जिले को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मंत्री एके शर्मा ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों से कहा कि आप सभी लोग मऊ समेत पूर्वांचल में हो रहे सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास एवं परिवर्तन के कारक है। आप हम सभी लोगों का यह दायित्व है कि इस समाज को अपने मऊ को अपने पूर्वांचल को सही दिशा में ले जाए।

## खबरें एक नजर में

### नवाचार-अनुसंधान प्रोत्साहन के लिए तैनात होंगे इंटर्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा में नवाचार व अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में 02 इंटनर्स रखें जाने के निर्देश दिए हैं। इस सम्बन्ध में सचिव ग्राम्य विकास विभाग सुखलाल भारती द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए जिला अधिकारियों को महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा विकसित प्रोग्राम फ़र एक्शन थ्रो इंट्रंशिप इन भारत ( प्रतिभा) पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस प्रोग्राम के अन्तर्गत निर्धारित योग्यता रखने वाले 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं को ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रमों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है, जिससे उनके कौशल में उन्नयन किया जा सके। इसके दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि आगामी 02 माह में प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत में 02 इंटनर्स रखा जाना उपयोगी होगा। इन्टनर्स को राज्य द्वारा जिला ब्लाक उत्पादक उद्यम क्लस्टर स्तर पर या ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किया जायेगा एवं जिला स्तर पर इन्टर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला अधिकारी होंगे। इंटर्न्स को ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित किसी योजना से सम्बद्ध ,चयन किया जायेगा। इंटर्न्स को किसी भी प्रकार की धनराशि नहीं दी जायेगी।

### अखिलेश भाजपा को हटाने के लिए मिलकर करें काम : अंगारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय जनता दल उत्तर प्रदेश में लोकदल से मजबूत और बिहार में मुख्य भूमिका में हैं। बिहार के सीएम नितीश कुमार के बाद तेजस्वी यादव पूर्व उप मुख्यमंत्री बिहार ने विपक्षी गठबंधन को सशक्त बनाने के लिए पीडीए और जातिगत जनगणना की शुरुआत की। भाजपा को निचले पायदान में लाने का काम किया है। उत्तर प्रदेश के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि सपा प्रमुख को चाहिए था कि एक सीट लोकसभा और एक सीट विधानपरिषद की यूपी में देकर आरजेडी को गठबंधन में रखते पर ऐसा न कर आरजेडी के साथ अन्याय किया है,जबकि राष्ट्रीय जनता दल राष्ट्रीय स्तर का दल है और लोकदल से सशक्त मजबूत पार्टी है। अंगारा ने कहा कि हम चाहते हैं कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को विचार करना चाहिए। ताकि सब मिलकर भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंके।

### रामलला के दरबार में फफक कर रो पड़े विधायक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोसाईगंज से समाजवादी पार्टी के बाहुबली विधायक अभय सिंह ने शनिवार को रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन के दौरान विधायक अभय सिंह भावुक हो गए और फफक कर रो पड़े। समाजवादी पार्टी नेतृत्व की ओर से रामलला के दर्शन से रोके जाने पर समाजवादी पार्टी के कुछ विधायकों में रोष था। बीते दिनों अभय ने इस पर खुलकर विरोध दर्ज कराया था। राज्यसभा चुनाव के दौरान अभय पर भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में क्रॉस वोटिंग करने का भी आरोप है। विधायक अभय सिंह ने कहा था कि जब यूपी के सभी विधायक रामलला के दर्शन करने आ रहे थे तो सपा के विधायकों को आने से रोका गया था।

### आरपीआई की संविधान सम्मान रैली चार को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया आठवले चार मार्च को लखनऊ में संविधान सम्मान रैली करने जा रही है। रैली की तैयारियां करीब एक महीने से चल रही है। मेदांता अस्पताल के पास अवध विहार योजना मैदान में हो रही रैली के माध्यम से आरपीआई उत्तर प्रदेश में अपनी ताकत दिखाने जा रही है। आरपीआई आठवले के प्रदेश कार्यालय में मीडिया से मुखातिब प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि संविधान सम्मान रैली की तैयारी पिछले एक महीने से चल रही है। 29 फ़रवरी को लखनऊ में प्रदेश पदाधिकारी सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले संविधान सम्मान रैली की घोषणा की थी। 4 मार्च को भारी संख्या में कार्यकर्ता रैली में जुटने जा रहे हैं।

### राजा नल के किले से अवैध कब्जा हटाने की एसडीएम से मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगराम में स्थित राजा नल पासी द्वारा निर्मित प्राचीन किले के कुछ भाग पर अवैध रूप से कब्जा कर बनायी गयी मस्जिद समेत मकानो को हटाने के लिय एडवोकेट सुशील कुमार रावत ने शनिवार को दर्जनो अधिवक्ताओं के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा से शिकायत की। एसडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये अधीक्षण पुरात्व को जांच कर तत्काल अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये। एडवोकेट सुशील कुमार रावत ने बताया राजा नल पासी का किला माउण्ट आफनगराम के नाम से राष्ट्रीय महत्व के स्मारको की सरंक्षित सूची में है,उक्त किला करीब 40बीघे के आस–पास है लेकिन खण्डहर में तब्दील हो चुके किले के कुछ भाग पर अवैध रूप से कब्जा कर मस्जिद समेत मकानो का निर्माण करा लिया गया हैं।

### कॉलेज में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां में स्थित बाबू सुंदर सिंह इंजिनियरिंग कॉलेज में प्रगति रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में बीटेक, और डिप्लोमा कोर्स के लिए कृष्णा मारुति, मुंजाल शोवा, सूपर होज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, वोल्टसमैन पावर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हुई, उत्तरप्रदेश के कुल 16 कॉलेजों के छात्रों ने प्रतिभाग लिया जिसमें 212 छात्रों ने इंटरव्यू दिया रोजगार मेले में मधुरेंद्र मोदी, संतोष कुमार, मोहित कुमार, सूर्य नारायण उपस्थित रहें, पिछले हफ्ते बाबू सुंदर सिंह के द्वारा बजाज मोटर्स लिमिटेड की ओर से दीपक सिंह ने छात्रों के साथ साक्षात्कार किया था।

# डॉक्टर के अच्छे व्यवहार से दूर हो जाती है आधी बीमारी

## मुख्यमंत्री ने एम्स गोरखपुर में ब्लड बैंक और 10 बेड की डायलिसिस यूनिट का किया लोकार्पण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर में ब्लड बैंक और 10 बेड की डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने इन दोनों सुविधाओं को जनता के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताने के साथ डॉक्टरों को मरीज के साथ अच्छ व्यवहार करने, सकारात्मक प्रतिस्पर्धी बनने तथा निरंतर रिसर्च करते को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी मरीज की आधी बीमारी डॉक्टर के अच्छे व्यवहार से ही दूर हो जाती है। इसलिए ऐसा व्यवहार हो कि मरीज डॉक्टर से प्रभावित होकर जाए।



ब्लड बैंक, डायलिसिस यूनिट के उद्घाटन और दोनों का निरीक्षण करने के बाद एम्स के ऑडिटोरियम में आयोजित लोकार्पण समारोह में सीएम योगी ने कहा कि नकारात्मकता किसी को कभी भी आगे नहीं बढ़ाती है। दूसरों का पैर खींचने वाला कभी खुद इसी कृत्य का शिकार हो जाता है। जबकि सकारात्मकता हमेशा आगे बढ़ने की राह दिखाती है। यदि कोई चिकित्सक नकारात्मक सोच का है तो मरीज का बेहतर उपचार नहीं कर सकता। डॉक्टर को सदैव यह ध्यान रखना होगा कि वह मानवता की सेवा से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस और कोरोना नियंत्रण में अंतर विभागीय समन्वय वाले टीम वर्क मॉडल का अनुभव साझा करते हुए कहा एम्स जैसे मेडिकल संस्थान में श्रेष्ठ परिणाम के लिए सकारात्मकता और टीम वर्क जरूरी है। योगी ने चिकित्सकों से मेडिकल सर्विस क्वालिटी और रिसर्च पर फोकस करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान परीक्षा पास कराने के काम आता है जबकि मरीज के इलाज के दौरान मिला अनुभव ही डॉक्टर के लिए वास्तविक ज्ञान होता है। अधिकाधिक व्यावहारिक अनुभव हासिल करने के लिए डॉक्टर को ओपीडी की संख्या सीमित नहीं करना चाहिए।

### एम्स एक ब्रांड, यह भी करना होगा साबित

मुख्यमंत्री योगी ने कहा एम्स एक ब्रांड है और उसके अनुरूप कार्य दिखने भी चाहिए। जन सामान्य की धारणा होती है कि एम्स के नाम से ही बीमारी दूर भागती है। इसे साबित भी करना होगा। पूरे देश में एम्स की बहुत डिमांड है। नई दिल्ली में पहले एम्स की स्थापना के बाद दशकों तक दूसरा एम्स नहीं बना था। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने प्रधानमंत्री काल में देश को 6 एम्स दिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में एम्स की संख्या अब 22 हो चुकी है।

### इंसेफेलाइटिस व कोरोना नियंत्रण का अनुभव किया साझा

मुख्यमंत्री योगी ने अनौपचारिक अंदाज में मेडिकल फील्ड से अपने जुड़ाव, इंसेफेलाइटिस और कोरोना नियंत्रण के अनुभव को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में पहला ब्लड सेपरेटर यूनिट, डायलिसिस यूनिट सबसे पहले गोरखनाथ मंदिर ट्रस्ट से संचालित गुरु गोरखनाथ चैरिटी हॉस्पिटल में लगाया गया। 2007 में जब गोरखनाथ हॉस्पिटल में ब्लड सेपरेटर यूनिट लगाने की बात हुई तो उस समय के भारत के ड्रग कंट्रोलर चौंक गए थे। उन्होंने बताया कि 1977–78 में दस्तक देने वाली इंसेफेलाइटिस को लेकर 20 साल किए गए संघर्ष से ही वह इसके नियंत्रण का मॉडल तैयार करने में सफल हो पाए। आज इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित है। अंतर विभागीय समन्वय के जिस मॉडल से इंसेफेलाइटिस को नियंत्रित किया गया, उसी मॉडल को अपनाकर वैश्विक महामारी कोरोना को भी सफलता से काबू में कर लिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब कोरोना की दस्तक हुई थी तब प्रदेश के 36 जिलों के सरकारी अस्पतालों में आईसीयू बेड नहीं थे। इस कमी को महज एक माह में दूर कर लिया गया। यूपी ने चीन को छह हजार रुपये कीमत वाली पीपीई किट की जगह ढाई सौ रुपये की किट बनवा दी। चीनी मिलों से इतना सेनेटाइजर बनवाया की 27 राज्यों में भी फ्री सप्लाई दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब सुदृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा था। यदि इच्छाशक्ति से प्रयास किए जाएंगे तो परिणाम भी दिखेगा।

### सरकार हर सुविधा देने को तत्पर

योगी ने कहा कि सरकार जनता के इलाज के लिए चिकित्सा संस्थानों हर सुविधा देने को तत्पर है। बताया कि उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ परिवारों को दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्कीम आयुष्मान योजना का लाभ उपलब्ध कराया गया है। सरकार सभी 75 जिलों में किसी न किसी अस्पताल के जरिये निशुल्क डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध करा चुकी है।

### वक्फ बोर्ड के संपत्ति की सिविल कोर्ट में होगी सुनवाई

**लखनऊ।** वक्फ एक्ट और सर्वे कमीशन पर 15 मार्च को सुनवाई की जाएगी। वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर वकील नृपेंद्र पांडेय की तरफसे याचिका दाखिल की गई है। सिविल जज जूनियर डिविजन अभिषेक गुप्ता ने सुनवाई करते हुए मामले को सिविल कोर्ट में मामला चलाने की बात कही है। बहस के दौरान उत्तर प्रदेश सुन्नी सेन्ट्रल वक्फबोर्ड की तरफ से यह कहा गया कि संपत्ति वक्फबोर्ड की है। इसलिए मुकदमा वक्फ ट्रिब्यूनल मे चलना चाहिए। इस पर दूसरे पक्ष ने कहा कि 2013 में दाखिल वाद मे भी यही आपत्ति उठाई गई थी, जिसे सुनने के बाद एडीजे प्रथम ने इस आपत्ति को खारिज कर दिया था, कि मुकदमे की प्रकृति सिविल नेचर की है। इसलिए सिविल कोर्ट को सुनवाई का पूरा अधिकार है। वक्फ एक्ट इस मुकदमे पर कोई प्रभाव नही डालता है। सर्वे कमीशन पर सुनवाई की मांग इस दौरान उठाई गई। सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने वक्फ की सत्यापित प्रतिलिपि दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय दिए जाने की मांग की की। इसपर कोर्ट की तरफसे 15 मार्च को सुनवाई का दिन निर्धारित किया गया है। इस दौरान संपत्ति को लेकर वक्फएक्ट और सर्वे कमीशन पर सुनवाई होगी

# राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के बेटे को श्रावस्ती से टिकट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** साकेत मिश्र राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्र के पुत्र हैं। वह पूर्वांचल विकास बोर्ड के सलाहकार भी हैं। भाजपा ने विधान परिषद सदस्य और पूर्वांचल विकास बोर्ड के सलाहकार साकेत मिश्र को श्रावस्ती सीट से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद प्रत्याशी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। राम जन्मभूमि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र (पूर्व में प्रधान सचिव प्रधानमंत्री) के बेटे साकेत मिश्र बीते पांच सालों से श्रावस्ती क्षेत्र में सक्रिय हैं। भाजपा ने उनको टिकट देकर मंडल के चारो संसदीय सीटों के लिए समीकरण साधने का संकेत भी दिया है।

देवरिया जिले के मूल निवासी साकेत मिश्र का ननिहाल श्रावस्ती में हैं। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफेन्स कॉलेज से इकोनॉमिक्स की पढ़ाई की। उसके बाद उन्होंने भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) कोलकाता से मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की। इसके बाद साकेत मिश्रा ने भी सिविल सेवा की परीक्षा दी और 1994 में आईपीएम बने। लेकिन फाइनेंस सेक्टर में गहन रुचि होने के कारण बाद में उन्होंने इस्तीफा देकर फिर से फाइनेंस सेक्टर में लौटने का इरादा किया। उन्होंने जर्मनी के ड्यूस बैंक में नौकरी शुरू की। 16 साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई इंटरनेशनल बैंकों में काम किया। इसके बाद उनका रुझान समाज सेवा की तरफ हो गया। वर्ष 2019 में वे श्रावस्ती पहुंचे और लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने 100 से अधिक सभाएं की और माहौल बनाया। लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला, इसके बाद योगी सरकार ने उन्हें एमएलसी बनाया और पूर्वांचल विकास बोर्ड का सलाहकार बना दिया। लेकिन वह क्षेत्र में सक्रिय रहे और क्षेत्र में लोगों के बीच बने रहे।

### देवरिया के रहने वाले हैं साकेत

भाजपा साकेत मिश्र देवरिया जिले के रहने वाले हैं। उनका पैत्रिक गांव कसिली है। उनके पिता नृपेंद्र मिश्रा 1967 बैच के आईएएस रहे हैं। साकेत मिश्रा का ननिहाल श्रावस्ती में है। साकेत के नामा पंडित बदलूराम शुक्ल बहराइच से 1971 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने थे। अब राजनीति में साकेत आए हैं। उनको टिकट देकर भाजपा ने बड़ा संदेश दिया है।

### गौरा में दर्जनों सरकारी जमीनों से शिकायत के दो माह बाद भी नहीं हटा कब्जा

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा ने एसीपी राधारमण सिंह समेत सभी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दियें। मोहनलालगंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा से मोहनलालगंज नगर पंचायत के वार्ड न0-3 के सभासद अखिलेश ने दर्ज कराते हुये बताया दो माह पहले लिखित शिकायत कर गौरा व बिंदौवा गांवो में तालाब, नाली, बंजर, चकमार्ग समेत सुरक्षित सरकारी जमीनो पर दबंगो व प्लाटिंग कम्पनियों ने अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया,सबसे ज्यादा प्लाटिंग कम्पनियों ने तत्कालीन लेखपाल की मिलीभगत से सरकारी जमीने कब्जा कर उसमें प्लाटिंग करने के साथ सड़क बना दी, शिकायत के दो माह बाद तहसील अफसर केवल कागजों में सरकारी जमीनो से कब्जा हटाने के निर्देश देते रहे लेकिन कब्जा नहीं हट सका। एसडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये नायाब तहसीलदार प्रियवंदा मिश्रा को फटकार लगाते हुये राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

# डाकिया घर पहुंचाएगा काशी विश्वनाथ का प्रसाद

**▸ महाशिवरात्रि में घर बैठे स्पीड पोस्ट से पाये प्रसाद : पीएमजी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के नव्य-दिव्य स्वरूप में आने के बाद भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्त खूब उमड़ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ का प्रसाद पाकर लोग अपने को धन्य समझते हैं।

महाशिवरात्रि में देशभर से शिव भक्तों की इच्छा यहाँ दर्शन करने और प्रसाद लेकर अपनी को तृप्त करने की होती है। लोगों की इच्छा होती है कि काश घर बैठे ही उन्हें बाबा भोलेनाथ का प्रसाद मिल सके। ऐसे लोगों को निराश होने की जरुरत नहीं है। वे घर बैठे डाक विभाग के माध्यम से स्पीड



पोस्ट द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं।

पीएमजी वाराणसी एवं प्रयागराज के.के.यादव ने बताया कि डाक विभाग और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच एग्रीमेण्ट के तहत नए स्वरूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद देश भर में स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अपने नजदीकी डाकघर से मात्र 251 रूपये का ई-मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी पूर्वी मंडल-221001 के नाम भेजना है। ई-मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग द्वारा दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाता है। डिब्बा बंद प्रसाद टेंपर प्रूफइनवेलप में होता है। इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके अलावा इसे मात्र 201 रूपये में वाराणसी सिटी डाकघर के काउंटर से भी प्राप्त हो सकता है। श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिङ्ग की छवि, महामृत्युंजय यंत्र, श्री शिव चालीसा, 108 दाने की रुद्राक्ष की माला, बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, भभूति, रक्षा सूत्र, रुद्राक्ष मनका, मेवा, मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल हैं। सूखा होने के कारण यह प्रसाद लम्बे समय तक उपयोग में बना रहता है।

### छात्राओं को डाला ने मारी जोरदार टक्कर, तीन घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब क्षेत्र के इटौंजा थाना इलाके में सीतापुर रोड पर परिषदीय स्कूल से पैदल वापस घर जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित हाफडाला ने जोरदार टक्कर मार दी। शनिवार को चार बजे करीब हुई इस दुर्घटना में तीन छात्राएं गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल ले गई। जहां अस्पताल में छात्राओं की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर किया। इटौंजा थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर चौराहे के पास शनिवार दोपहर लगभग चार बजे के करीब परिषदीय स्कूल से घर वापस जा रही तीन छात्राओं शेजल (9) पुत्री दुर्गेश,काजल (13) पुत्री मोती,अनामिका (13) पुत्री दयाराम निवासी बेहड़ करौंदी को एक अनियंत्रित हाफडाला वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे तीनों छात्राएं घायल हो गईं। चीख– पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना इटौंजा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने आनन–फ़ानन में सभी घायल छात्राओं को बीकेटी साढामऊ स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफ़र कर दिया गया। वहीं पुलिस हाफडाला की तलाश में जुटी है।

**योजना** | पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का किया जाएगा प्रचार-प्रसार

# नहीं जाएगी बिजली, अब सौर ऊर्जा से रोशन होगा हर घर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी के उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से कनेक्ट करने के लिए राज्य सरकार गम्भीर है। पहले तो पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, फिर इससे जुड़ने के लिए उपभोक्ताओं को प्रेरित किया जाएगा। इस योजना से जुड़ने वाले उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि सोलर रूफ टॉप का क्रेज बढ़ा है।

वर्तमान समय में लखनऊ में 10 हजार से अधिक उपभोक्ता सोलर रूफ टॉप से कनेक्ट हैं और इसका लाभ भी ले रहे हैं, लेकिन अब ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को इससे कनेक्ट



करने की तैयारी की जा रही है। सूर्यघर बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी, जो उपभोक्ता के बैंक खाते में आयेगी।

ज्यादातर उपभोक्ताओं को यह जानकारी ही नहीं है कि अगर उन्हें सौर ऊर्जा से कनेक्ट होना है तो किस तरह से आवेदन किया जा सकता है और कितने दिन में संयंत्र स्थापित हो सकता है। इस समस्या को दूर करने के लिए ही डिवीजन वार अभियान चलाए जाने की तैयारी है। पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान भी चलाए जाने की तैयारी की गई है और इस दिशा में कई स्थानों पर प्रचार भी शुरू कर दिया गया है।

उपभोक्ताओं को योजना के फायदे बताने के साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि इस योजना के अंतर्गत सोलर रूफटॉप के लिए आवेदन किया जाना है।आवेदन करते समय बिजली खपत की जानकारी देनी होगी और यह देखना होगा कि 130 स्क्वॉयर फिट एरिया की छत हो। उपभोक्ता पर कोई भी बिजली की बकाया राशि नहीं होनी चाहिए। इसके बाद पीएम सूर्यघर की अधिकाधिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अगर इस योजना के इतर सौर ऊर्जा कनेक्शन के लिए आवेदन करना है तो अपने सबस्टेशन में जाकर प्रार्थना पत्र देना होगा।

### उपभोक्ताओं ने उठाया बिजली व झूठी समस्या निस्तारण का मुद्दा

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद द्वारा चलाए जा रहे वेबीनार कार्यक्रम में सौभाग्य योजना के लाभार्थियों को नि: शुल्क बिजली और उपभोक्ताओं की समस्याओं के निरस्तारण के लिए बनाई गई 1912 में द्वारा समस्याओं के झुठे निस्तारण का मामला गूजा। उपभोक्ता परिषद ने इस दौरान आनलाइन उपभोक्ताओं को विश्वास दिलाया कि परिषद इन समस्याओं के निस्तारण के लिए संघर्ष जारी रखे है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के साप्ताहिक वेबीनार में आज अनेको जनपदों के विद्युत उपभोक्ताओं ने एक सुर में यह मांग उठाई कि जब सौभाग्य में बिजली कनेक्शन फ्री में दिए गए। उस दौरान प्रसारित किया गया कि सौभाग्य में गरीबों को फ्री बिजली मिलेगी। उपभोक्ता परिषद सौभाग्य के विद्युत उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली दिलाने की मांग किए जाने की मांग रखी। उपभोक्ता परिषद ने अपने विद्युत उपभोक्ताओं को बताया उपभोक्ता परिषद लगातार सौभाग्य की एक अलग श्रेणी बनाकर उन्हें रुपया 3 प्रति यूनिट से नीचे रुपया 1.50 प्रति यूनिट की बिजली की मांग कर रहा है। विद्युत नियामक आयोग को भी इसका प्रस्ताव सौंप चुका है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास 5-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने की शिष्टाचार भेंट।

राजनीति में परिवारवाद का वर्चस्व

# बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा ने ठोंका जिले से ताल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।




देश की राजधानी दिल्ली और प्रदेश की राजधानी लखनऊ से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गोण्डा लोकसभा क्षेत्र है।अयोध्या से सटा हुआ जिला है।गोण्डा लोकसभा शहर राजनीतिक दृष्टि से हमेशा एक अलग मिजाज का शहर रहा है।गोण्डा के मतदाताओं ने किसी भी लोकसभा चुनाव में बाहरी प्रत्याशियों को बहुत ज्यादा तवज्जो नहीं दी।

सिर्फ 2009 में सिर्फ पंद्रहवीं लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा जरूर एक बार चुनाव जीतकर संसद भवन पहुंच गए थे।लेकिन 2014 मोदीलहर में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट चुनाव लड़े लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया और वे चौथे स्थान पर रहे।बाकी जो भी बाहरी प्रत्याशी लड़े उनको पराजय का ही मुंह देखना पड़ा।लेकिन फिर इस बार हालांकि प्रमुख राजनीतिक दलों में से फिर एक बार समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा का बाहरी प्रत्याशी होने का मुद्दा फिर गरमाने लगा है। वही लोकसभा क्षेत्र में सिर्फ यही चर्चा है कि क्या अपने बाबा के ही तर्ज पर लोकसभा चुनाव जीतने के बाद श्रेया वर्मा भी अपने लोकसभा क्षेत्र से गायब हो जाएंगी।या फिर लोकसभा क्षेत्र की जनता श्रेया वर्मा को वापस उनके क्षेत्र बाराबंकी भेज देगी।

### गोण्डा लोकसभा का इतिहास कब कौन बना सांसद

देश की स्वतंत्रता के बाद गोंडा में अब तक हुए चुनाव में कभी कांग्रेस, कभी बीजेपी, कभी सपा जीतती रही हैं। 1952 के चुनाव में हिंदू महासभा की शकुंतला नायर गोंडा से सांसद चुनी गईं।1957 के चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की।इसके बाद 1962 में राम रतन गुप्ता कांग्रेस से जीते।1967 में सुचेता कृपलानी ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। 1971 के चुनाव में मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह कांग्रेस से मैदान में उतरे और जीते।1977 में सत्यदेव सिंह ने जनता पार्टी से जीत दर्ज की। इसके बाद 1980, 1984, 1989 में लगातार कांग्रेस के आनंद सिंह जीतते रहे। राममंदिर आंदोलन के बाद से चली लहर में बीजेपी के टिकट पर 1991 में भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह ने यहां कमल खिलाया।1996 में उनकी जगह उनकी पत्नी श्रीमती केतकी सिंह बीजेपी के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ीं और जीतीं।1999 में मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह के बेटे कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने सपा से टिकट हासिल किया और जीत दर्ज की। 2001 में बीजेपी से बृजभूषण सिंह ने सपा के कृतिवर्धन सिंह को हरा दिया।2005 में कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा से जीत हासिल की।साल 2009 में बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस से मैदान में उतरे और जीते।2014 और 2019 में कीर्तिवर्धन सिंह लगातार बीजेपी से जीतते आ रहे हैं।

# हिफ्ज कुरआन मुकम्मल बांधी गयी दस्तार

- पंद्रह वर्षीय मुहम्मद मुइनुद्दीन निज़ामी ने हाफ़िज की डिग्री की मुकम्मल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज



थाना कटरा बाजार अन्तर्गत ग्राम भदैयाँ के मजरा कटहरिया निवासी मुहम्मद मुइनुद्दीन निज़ामी 15 वर्ष पुत्र मुबारक अली निज़ामी ने मुम्बई के कुर्ला स्थित मदरसा दारुल उलूम महबूबे सुबहानी से उस्ताद हाफ़िज़ व कारी हसीबुर्रजा के शागिर्दी में हाफ़िज की डिग्री मुकम्मल की है। जिसको लेकर मदरसे में दस्तार फजीलत व हिफ़्ज़ किरात के नाम से जलसे का आयोजन हुआ। जहाँ मदरसे से पढ़ाई मुकम्मल करने वाले छात्रों के सर पर दस्तार बांध कर प्रमाण पत्र दिये गये। कम उम्र में हिफ़्ज़ मुक़म्मल करने पर मदरसे के प्रिंसिपल सय्यद इकरामुल हक़ साहब, शेखुल हदीस शाकिर हुसैन, सय्यद हसन मियाँ सहित मदरसे के अन्य लोगों ने दुआएँ देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर उनके परिवार के लोगों के साथ साथ रियासत अली, रहमत अली,राहत अली, मो. जावेद, मो. इक़बाल, मो. असलम व मो. रिहान व उनके रिश्तेदारों, दोस्तों ने पहुंचकर माल्यार्पण करते हुए खुशी का इज़हार किया है।

# ग्राम पंचायत रामनगर तरहर में अन्नपूर्णा भवन का जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम ने किया लोकार्पण







गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

शनिवार को विकास खण्ड झंझरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामनगर तरहर में नव निर्मित अन्न पूर्णा भवन का माननीय जिला अध्यक्ष श्री घनश्याम मिश्रा, जिलाधिकारी नेहा शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली ने लोकार्पण किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में शनिवार को प्रातः 10:00 बजे लोक भवन सभागार, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ में नव निर्मित अन्नपूर्णा भवनों के लोकार्पण का कार्यकम आयोजित किया गया। इसी क्रम में जनपद गोण्डा के विकास खण्ड-झंझरी की ग्राम पंचायत-रामनगर तरहर में नव निर्मित माडल अन्नपूर्णा दुकान के लोकापर्ण का सजीव प्रसारण कार्यक्रम सूचना विभाग के द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से दिखाया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त जनपद में नव निर्मित 45 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय, एआरओ पूर्ति विभाग, परियोजना निदेशक डीआरडीए / खण्डविकास अधिकारी झंझरी चन्द्र शेखर, उपायुक्त श्रमरोजगार ( डीसी) मनरेगा जनार्दन प्रसाद, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सतीश त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक बालेश्वर मणि त्रिपाठी, ग्राम पंचायत सचिव दीपक श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान सहित संबंधित विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का वांछित गिरफ्तार



कटरा बाजार /गोंडा ,समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी करनैलगंज चन्द्रपाल शर्मा के नेतृत्व में थाना कटराबाजार पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 59/24, धारा 354,506 भादवि, 9एम/ 10 पाक्सो ऐक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त परवेज उर्फ अमजद को बनगांव पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

- संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारण अधिकारी : डीएम



शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील सदर में डीएम ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील सदर गोण्डा में कुल 91 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा को निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा सुशील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर गोण्डा, तहसीलदार सदर गोण्डा अखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार अनुराग पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण, विद्युत विभाग, बीडीओ रूपईडीह, झंझरी, मुजेहना, पण्डरीकृपाल, एसएचओ कोतवाली नगर, देहात, मोतीगंज, खरगूपुर, इटियाथोक, कौड़िया बाजार, सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिम्मेदारों की मिलीभगत से बिना कार्य कराए ही निकल गए 2.61 लाख रुपये

- कागजों में चल रहा विद्युत लाइन मरम्मत कार्य

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लगातार दावे कर रही है,वहीं दूसरी तरफ धरातल पर हकीकत ठीक उसके विपरीत नजर आ रही है। जिसके जीते जागते उदाहरण के तौर पर कर्नलगंज में विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से बिना कार्य कराये ही बिल बाउचर पास करके भुगतान कर सरकारी धन का बंदर बांट करने का मामला सामने आया है।

मामला विद्युत उपकेंद्र कर्नलगंज से जुडा है। बीते 20 जनवरी 2023 को अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय कर्नलगंज द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल गोण्डा को पत्र प्रेषित किया गया था। जिसमें बिजनेस प्लान वर्ष 2023-24 के तहत परसपुर फीडर पर स्वीकृत डैनियागंज से बाबागंज डबल पोल व बबुरास से पाठक पुरवा शीशामऊ तक जर्जर कंडेक्टर, क्रास आर्म बदलने एवं खराब लाइन रिपेरिंग, मेंटेनेंस का कार्य शामिल था। जिस पर अधीक्षण अभियंता व मुख्य अभियंता वितरण द्वारा सामग्री, कार्टेज, टी. एंड पी. सरचार्ज, लेबर चार्ज आदि के लिए 261689 रुपये की स्वीकृति दे दी गई। भंडार खंड पर सामग्री के लिए मांग पत्र भी प्रेषित किया गया। यही नहीं कागजों में कार्य भी कराया जा चुका है। लेकिन स्वीकृत विद्युत लाइन में अभी तक कोई कार्य नही कराया गया है। इस तरह बिना कार्य कराये ही सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं प्रधान, बीडीसी व ग्रामीण

ग्राम प्रधान शीशामऊ बृहस्पति कुमार दुबे, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामजी तिवारी, पुष्पेंद्र शुक्ल, ज्ञानचंद दुबे ने बताया की डेढ़ वर्ष से अधिक समय पूर्व विद्युत पोल व तार टूटने की वजह से बबुरास गांव व गोकुल पुरवा के बीच नया पोल स्थापित करते हुए करीब 300 मीटर तार लगाया गया था। उसके बाद से अब तक विद्युत लाइन में कोई कार्य नहीं कराया गया है। प्रधान व बीडीसी ने बताया की जर्जर तार टूटने की वजह से गोकुल पुरवा व पाठक पुरवा के बीच अशोक कुमार तिवारी की तीन व राम चरित्र की एक भैंस, राम कृपाल शुक्ल की एक गाय मौत की नींद सो चुकी है। ग्राम करुआ निवासी शेष कुमार पाण्डेय व राहुल पाण्डेय ने बताया कि डैनियागंज से बाबागंज के बीच विद्युत लाइन में कोई कार्य नहीं कराया गया है। तार टूटने पर उसे केवल जोड़कर पुनः सप्लाई देने का कार्य हुआ है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

अवर अभियंता पवन कुमार ने बताया की कुछ कार्य कराया गया है। शेष बचा हुआ कार्य भी कराया जायेगा। एसडीओ नृसिंह नरायन भारती ने बताया की भुगतान के संबंध में अधिशाषी अभियंता बता पाएंगे। वैसे इस कार्य पर अभी भुगतान नहीं हुआ है। हो सकता है ठेकेदार को सामान ना मिल पाया हो। अधिशाषी अभियंता संदीप कुमार मे बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। जांच कराने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।



### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नूरपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शुभारंभ के पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।कलश यात्रा फूलमती घाट तालाब बघेल सरोवर से पवित्र जल लाकर यज्ञ मंडप पर पहुंची जहां कलश पूजन के बाद कथा का शुभारंभ हुआ। हर वर्षों की भाति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव मंदिर पर भागवत कथा के पूर्व गांव की सुहागिन महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली तथा धर्म का प्रचार प्रसार करती हुई फूलमती घाट तालाब बघेल पहुंचकर भूपगंज बाजार होते हुए कथा स्थल नूरपुर पहुंची। प्रथम दिवस कथा प्रवक्ता व्यास पंडित संत कुमार पांडे ने वैदिक विधि पूर्वक कलश पूजन कराया इसके बाद भागवत कथा के महात्म की अलौकिक कथा का वर्णन किया। और कहा की भागवत की कथा इस कलयुग में समस्त जीवात्मा को मुक्ति प्रदान करती है। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान कमलेश पासवान सुरेश निषाद, घनश्याम मौर्य ,मनोज मौर्य, विजय कश्यप, बालू कारीगर, पुजारी, मुरारी, धर्मराज मौर्य,चिंताराम आर्य, पंडित जयमंगलदास, पंडित सांवली प्रसाद पांडे, पाटन नेता, सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# कम उम्र में कर दी शादी, छह माह बाद होगी की दुल्हन विदाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- लखनऊ महिला हेल्प लाइन से सूचना पहुंचते ही रुकी विदाई
- पुलिस और वन स्टॉप सेंटर की अध्यक्ष ने रुकवाया विदाई

जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक का विवाह 18 वर्षीय युवक के साथ कर दिया गया। शुक्रवार को नाबालिक की विदाई की तैयारी हो रही थी। तभी लखनऊ महिला हेल्प लाइन से सूचना जिले को पहुंची। जिस पर मटेरा पुलिस के साथ वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक ने विदाई रुकवा दी है। अब छह माह बाद बालिग होने पर विदाई होगी। मटेरा थाना क्षेत्र के एलासपुर अगैया गांव निवासी 17 वर्ष छह माह की नाबालिक का विवाह भवनियापुर रामगढी गांव निवासी विनोद कुमार यादव के साथ तय हुआ था। तय कार्यक्रम के मुताबिक बृहस्पतिवार को गांव बारात पहुंची। इसके बाद शुक्रवार को विदाई कार्यक्रम शुरू हुआ। लेकिन विदाई से पूर्व ही नाबालिक की शादी की शिकायत लखनऊ महिला हेल्प लाइन में कर दी गई। जिस पर लखनऊ से वन स्टॉप सेंटर बहराइच की प्रबंधक रचना कटियार को सूचना दी गई। रचना कटियार के साथ मटेरा थाने के उप निरीक्षक बृजभान यादव पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। पूछताछ में नाबालिक माता और पिता ने बेटी के बालिग होने का दावा किया। परिवार रजिस्ट्रर नकल के अलावा और कुछ मौजूद न होने पर प्राथमिक विद्यालय से जन्म प्रमाण पत्र मांगा गया। जिसमें छह माह लड़की की उम्र कम मिली। इस पर शादी को रुकवा दिया। नाबालिक की विदाई नहीं हो सकी और दूल्हा बिना विदाई के बारात लेकर चला गया। वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रचना कटियार ने बताया कि लड़के की उम्र भी 18 साल ही है।

### छह माह बाद होगी विदाई



किसी भी लड़की का विवाह 18 वर्ष से कम उम्र में नहीं किया जा सकता है। मटेरा क्षेत्र में 18 वर्ष से कम की युवती का विवाह हो रहा था। जिसे रुकवा दिया गया है। छह माह पूरा होने पर परिवार के लोग वधू की विदाई कर सकते हैं। वैसे माना जाए तो लड़के की उम्र भी 21 वर्ष से कम है।

*रचना कटियार, वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक*

# कूल्हे का प्रत्यारोपण कर डॉक्टर ने बृजेश को दिया नया जीवन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- बीमारी के चलते गल रहा था कूल्हा, बंद हो गया था ब्लड सर्कुलेशन
- बहराइच मेडिकल कॉलेज में पहली बार हुआ कूल्हे का प्रत्यारोपण

स्टेट मेडिकल कॉलेज में शनिवार सुबह खुशियों भरी रही। मेडिकल कॉलेज में पहली बार कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जयदीप पटेल की टीम ने एक युवक के कूल्हे का प्रत्यारोपण कर उसे नया जीवन दिया। साथ ही युवक का खर्च लाखों के बजाए हजारों में सिमट कर रह गया।

जिला मुख्यालय पर स्टेट मेडिकल कॉलेज संचालित है। मेडिकल कॉलेज नित्य नए कीर्तिमान गढ़ता जा रहा है। इसी के तहत शनिवार की सुबह भी मेडिकल कॉलेज और जिले के लोगों के लिए खुशियां लेकर आया। हुआ यूं कि श्रावस्ती जिले के भिनगा थाना क्षेत्र के अमरहवा गांव निवासी बृजेश कुमार (26) पुत्र राम तीरथ 3 वर्ष से कूल्हे की बीमारी से परेशान थे। कुल्हा खराब होने के चलते वह अपने पैर से चल नहीं पा रहे थे। आर्थिक स्थिति काफी कमजोर होने के चलते वह लखनऊ या प्राइवेट अस्पताल में इलाज भी नहीं करवा पा रहे थे। ऐसे में दो सप्ताह पूर्व मेडिकल कॉलेज में शुरू हुए अमृत फार्मेसी का लाभ युवा बृजेश कुमार को मिला। बृजेश कुमार के परिवार के लोगों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से संपर्क साधा। प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार खत्री की देखरेख में शनिवार को मेडिकल कॉलेज में युवक के कूल्हे का प्रत्यारोपण शुरू हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थो डॉ जयदीप पटेल की टीम ने बृजेश कुमार के कूल्हे का सफल ऑपरेशन करते हुए प्रत्यारोपण किया। डॉ जयदीप पटेल ने बताया कि कूल्हे का प्रत्यारोपण करते हुए उसके स्थान पर दूसरा लगा दिया गया है। युवक को मेडिकल कॉलेज की ओर से नया जीवन मिला है। उन्होंने बताया कि ब्लड सर्कुलेशन ना होने के चलते कुल्हा गल रहा था, आने वाले समय में कुछ भी हो सकता था। उन्होंने बताया कि तीन से चार दिन में युवक अपने पैरों से पुनः चलने लगेगा।

### इसके सेवन से रुकता है ब्लड सर्कुलेशन



मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जयदीप पटेल ने बताया कि युवा आज के समय में अल्कोहल, जिम करने के बाद पाउडर और स्ट्रायड का उपयोग अधिक करते हैं। इसी के चलते कूल्हे में कमी होने पर ब्लड सर्कुलेशन बंद हो जाता है और कूल्हा गलने लगता है।

### लाखों का इलाज हजारों में हुआ

मेडिकल कॉलेज में प्रदेश का पांचवा अमृत फार्मेसी खुला है। यहां पर सभी तरह की दवाई 40 से लेकर 60% तक की छूट पर मिलती है। इसका लाभ सभी को मिल रहा है। इसी का है कि सरकार की ओर से शुरू की गई अमृत फार्मेसी के इलाज से युवक हजारों रुपए में ठीक हो गया जबकि बाहर लखनऊ में कूल्हा प्रत्यारोपण का इलाज होता तो तीन से चार लाख रुपए का खर्चा आता।

*डॉक्टर संजय खत्री प्राचार्य*

# 2700 वाहनों का बकाया है 12.50 करोड़ रुपये टैक्स




- 605 वाहन स्वामियों को जारी हुई आरसी, बकाया स्वामियों को जारी किया नोटिस
- बीते सत्र का भी बकाया है वाहन मालिकों का टैक्स

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में संचालित 2700 से अधिक वाहनों का टैक्स सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में जमा नहीं हो सका है। जबकि मार्च माह समापन को है। इसको देखते हुए एआरटीओ की ओर से वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। सभी को एक सप्ताह में टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।जिले में विभिन्न चार पहिया बड़े और छोटे वाहन का संचालन होता है। इसका टैक्स सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में जमा होता है। लेकिन इस बार काफी संख्या में लोगों ने अपने वाहन का टैक्स नहीं जमा किया है। इससे सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले के 2700 वाहन स्वामियों ने टैक्स नहीं जमा किया है। जबकि उनको मोबाइल पर मैसेज भेजकर जानकारी भी समय समय पर दी गई है। ऐसे में वाहन का टैक्स न जमा होने पर सभी वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही सभी को मार्च के पहले से दूसरे सप्ताह में टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके द्वारा वाहन का टैक्स नहीं जमा किया जायेगा, उसके विरुद्ध फाइन लगाया जाएगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के 605 वाहन स्वामियों को आरसी भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। लोगों को वाहन का टैक्स हर हाल में समय से जमा करना होगा।

### बीते वर्ष 3337 को जारी हुआ था नोटिस

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि बीते सत्र में भी कई वाहन मालिकों ने टैक्स नहीं जमा किया था। जिस पर जिले के 3337 वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया था। जबकि 461 वाहन स्वामियों को आरसी जारी की गई थी। इसके बाद सभी ने टैक्स जमा किया था।

### 1.85 लाख की हुई थी वसूली

जिले में वाहन मालिकों से जो टैक्स मिलता है। इसके द्वारा सरकार के राजस्व को बढ़ाया जाता है। बीते सत्र में एक करोड़ 85 लाख की वसूली की गई थी। इसके अलावा अन्य राजस्व को बढ़ावा दिया गया था।

**राजीव कुमार एआरटीओ**

# मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया बंगला चक में निर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

- पूरे देश में गरीब जनता को वितरण किया जा रहा निःशुल्क खाद्यान्न : मंजू सिंह
- जनपद की समस्त 1300 उचित दर दुकानों पर ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों की स्थापना की जायेगी : नरेंद्र तिवारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।






मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन से प्रदेश में नवनिर्मित 1100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) के लोकार्पण तथा 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेईंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों द्वारा खाद्यान्न वितरण कार्य का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर विकास खण्ड रिसिया के ग्राम पंचायत बंगला चक में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड के प्रतिनिधि रणविजय सिंह, प्रमुख रिसिया के प्रतिनिधि संजय जायसवाल, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, बीडीओ रिसिया विनोद यादव, पूर्ति निरीक्षक हरीश चन्द्र दुबे, ग्राम प्रधान उमा देवी, उचित दर विक्रेता सरोज सिंह सहित अन्य के साथ नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन के शिलालेख का अनावरण किया।

इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के सम्बन्ध में डीएसओ ने बताया कि लागू व्यवस्था के तहत जिले की उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात कार्डधारकों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। परन्तु अब जनपद की समस्त 1300 उचित दर दुकानों पर ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बताया कि ई-पॉस मशीन पर कार्डधारक के अंगूठा लगाने के पश्चात ई-वेईंग मशीन पर अनुमन्य खाद्यान्न की तौल करने के उपरान्त ही कार्डधारक को खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि जनपद में ई-वेईंग स्केल प्राप्त हो गयी है, जिनके स्टाम्पिंग का कार्य प्रगति पर है। जिले के उचित दर विक्रेताओं को मशीन संचालन का प्रशिक्षण देने के उपरान्त समस्त दुकानों को ई-वेईंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों से आच्छादित कर दिया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत 75 उचित दर दुकानों को अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) के रूप में विकसित किया जाना है।

अब तक 40 अन्नपूर्णा भवन के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। अन्नपूर्णा भवनों पर सीएससी सहित सहित, राशन प्राप्त करने वाले कार्डधारकों के बैठने हेतु उचित स्थान होगा। उपायुक्त, श्रम रोजगार ने बताया कि जनपद में 39 अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। आगामी 01 सप्ताह में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण कर इन्हे पूरी क्षमता के साथ संचालित करा दिया जायेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंजू सिंह व सांसद बहराइच के प्रतिनिधि ने ग्रामवासियों को अन्नपूर्णा भवन मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में पूरे देश में गरीब जनता को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। वक्तागण ने जिले के अधिकारियों का आहवान किया शीघ्र से शीघ्र से अन्नूपर्णा भवनों को संचालित कर ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि मंजू सिंह ने अन्य अतिथियो के साथ अन्नपूर्णा भवन परिसर में पौधरोपण भी किया।

# विकासखंड खीरों में सेवा ही संकल्प यात्रा संपन्न

**स्वतंत्र राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का भाजपा समर्थकों ने पुष्प माल्यार्पण कर किया भव्य स्वागत**



**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बृहस्पतिवार को विदेश एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सेवा ही संकल्प यात्रा खीरों विकासखंड के भीतर गांव में सम्पन्न हुई भीतर गांव पहुंचते ही राज्यमंत्री ने सर्वप्रथम मां आनंदी देवी के दर्शन किए उसके बाद करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया राज्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा 2024 के लोक सभा चुनाव में रायबारेली में कमल खिलाने की अपील की एवं कांग्रेस व वर्तमान रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी पर तीखे प्रहार भी किए राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि सांसद का चुनाव जीतने के बाद एक दिन भी सोनिया गांधी रायबरेली नहीं आईं हैं अब फैसला आप सभी को करना है कि आपको रायबरेली में किस प्रकार का सांसद चाहिए कभी न आने वाला या फिर आपके बीच रहकर आपकी सेवा करने वाला।

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह कहा कि प्रधानमंत्री का कहना है कि सभी पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए सेवा ही संकल्प यात्रा कार्यक्रम गांव-गांव में आयोजित की जा रही है,जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिल सके भाजपा सरकार के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन एवं अन्य प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार कि मंशा है कि देश के प्रत्येक नागरिक जो योजना प्राप्त करने के लिए योग्य है उन्हें अवश्य योजना का लाभ प्रदान किया जाय कार्यक्रम के दौरान हरचंदपुर ब्लॉक प्रमुख पीयूष प्रताप सिंह ने योजनाओं से वंचित लोगों से जानकारी ली कहा कि जिनको योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है उन लोगों का नाम नोट कर उनको योजनाओं के लाभ के लिए अधिकारियों से बात-चीत कर जल्द निस्तारण के लिए कहा।पीयूष प्रताप सिंह ने एक-एक लोगों की समस्याएं सुनी।

## कल केंद्रीय न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का एक दिवसीय रायबरेली दौरा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** केन्द्र की मोदी सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल दो द्विवसीय दौरे पर 4 एवं 5 मार्च को लखनऊ क्लस्टर की चारों लोकसभा रायबरेली, मोहनलालगंज, लखनऊ एवं उन्नाव में लोकसभा चुनाव 2024 की सांगठनिक योजनानुसार दो द्विवसीय प्रवास पर आयेंगे। उक्त जानकारी देते रायबरेली लोकसभा के प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने क्षेत्र में बताया कि केन्द्रीय मंत्री मेघवाल 4 मार्च को सबसे पहले रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में फ़िरोजगांधी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित लोकसभा क्षेत्र के लाभार्थी सम्मेलन में अपरांह 2 बजे रहेंगे,उसके बाद सायं 4 बजे सिविल लाइंस के निकट लोकसभा चुनाव कार्यालय में लोकसभा मार्गदर्शक समिति(कोर ग्रुप) एवं लोकसभा संचालन समिति(प्रबंध समिति) की बैठक में रहकर सायं 5 बजे लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के निर्धारित कार्यक्रम हेतु प्रस्थान करेंगे। लोकसभा प्रभारी श्री तिवारी ने बताया केन्द्रीय मंत्री मेघवाल के साथ लखनऊ क्लस्टर प्रभारी एवं उ०प्र० सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं पूर्व मन्त्री मुकुट बिहारी वर्मा विशेष रूप से रहेंगे।

# बछरावां को 158 करोड़ रुपए की सौगात

**राज्यमंत्री के प्रति धन्यवाद सभा का हुआ आयोजन**

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के चिराग एवं विकास पुरुष कहे जाने वाले प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के अथक प्रयास एवं केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के निर्देशन में बीते 1 मार्च को बछरावां को 158 करोड़ की सौगात मिलने के अवसर पर आज नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गण मान्य जनों के द्वारा स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री के प्रति धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया हैद्य इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के संरक्षक सौरमंडल शुक्ला ने कहा कि हम सभी कई वर्षों से अनवरत प्रयासरत थे कि बछरावां चौराहे पर लगने वाले जाम से छुटकारा मिल सके और हमारे कस्बे को एक बाईपास जो लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से बांदा बहराइच मार्ग को जोड़ते हुए पुनः लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ेड इस संबंध में गत दिवस 158 करोड़ रुपए की लागत से यह सौगात बछरावां क्षेत्रवासियों को प्राप्त हुई हैद्य इसके लिए हम केंद्रीय मंत्री एवं स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैंद्य इसी कड़ी में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम जनपद के चिराग दिनेश प्रताप सिंह एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का हार्दिक आभार प्रकट करते हैंद्य धन्यवाद सभा के इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण नारायण चौधरी , भारतीय जनता पार्टी के मंडल मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, आशुतोष रावत, अवध राम प्रधान, अजय शुक्ला, राजकरण, बृजेश चौधरी, सभासद बालकृष्ण पांडे, सतीश तिवारी, ज्ञान सिंह, सोनू सोनकर, राजकुमार गुप्ता, धर्मेंद्र सोनी, राजकुमार सोनी सहित अन्य गणमान्य जन सहित पत्रकार बंधु उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम का कुशल संचालन कुंवर वीरभान सिंह ने किया।

## खबरें एक नजर में

### सवारियों से भरा ई-रिक्शा पलटा, चार महिलाएं घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर बिशनपुर के पास नव निर्माणाधीन पुलिया के पास सवारियों से भरा ई रिक्शा पलटा, जिसमें 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजामऊ से शादी समारोह में शिरकत करने के बाद अपने घर रसूलपुर वापस लौट रही महिलाओं से भरा ई रिक्शा सड़क किनारे पुलिया के पास पलट गया, जिसमें 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईद्य स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गयाद्य जहां पर सभी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गयाद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने बताया कि अभी–अभी एक ही रिक्शा पलटने से चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई है, जिनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात दो की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवारी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई युवक की मौत की सूचना परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया। डलमऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरा उबरनी निवासी सोमेश प्रताप सिंह उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र इंद्र बहादुर शुक्रवार को दोपहर बाद डलमऊ तहसील से मुराई बाग जगतपुर मार्ग से अपने घर गौरा उबरनी जा रहा था तभी पचखरा मोड के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल स्वर सोमेश प्रताप सिंह को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस नें उपचार के लिए डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया हालत गंभीर होने पर वहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई डलमऊ हल्का नंबर दो इंचार्ज नितिन मलिक ने बताया कि शुक्रवार को मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई

### आठ मार्च तक आम जनता के लिए बंद रहेगा पार्क

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्यान अधिकारी जय राम वर्मा ने बताया है कि उद्यान विभाग के अधीन राजकीय पौधशाला टी0पी0एन0 रायबरेली में पर्यावर्णीय पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। जिसका लोकार्पण 09 मार्च 2024 को उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। निर्माण कार्य प्रगति पर होने तथा साफ–सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से पार्क आम जनमानस के लिए 08 मार्च 2024 तक बंद रहेगा।

### पत्नी की बेवफाई से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगा जान दी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पत्नी के मायके चली जाने और पति के खिलाफमुकदमा दर्ज करा देने से क्षुब्ध होकर एक युवक ने गांव के बाहर स्थित झोपड़ी में फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेरियागाड़ा के मजरा सिंघूपुर निवासी जालिम पुत्र राधेश्याम का शव बीते शुक्रवार को दोपहर के समय गांव के बाहर झोपड़ी में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। शव लटकता देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शनिवार को सुबह क्षेत्र के नानामऊ गंगातट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सूत्रों के अनुसार अरसा पूर्व जालिम की पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी और पत्नी ने पति के खिलाफकोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। इसी बात से क्षुब्ध होकर युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

### मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ नगर के लखनऊ रोड स्थित रचना श्री जूनियर हाईस्कूल में प्राइमरी वर्ग की छात्राओं के मध्य मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा अपने हाथों में अलग–अलग बनावट की मेंहदी रचकर प्रदर्शित किया। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में स्कूल की अरबिया, वैष्णवी, सनम, इकरा, अनन्या व जैनब आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप डायल 112 पुलिस की सुविधाओं का लाभ लेने के लिए सूचना कार्यालय लखनऊ के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया गया और इसकी उपयोगिता के बारे में नाटक और गीतों के माध्यम से लोगों को बताया गया डलमऊ तहसील परिसर में सूचना कार्यालय लखनऊ के कलाकार मोनू शर्मा ने टीम के साथ गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक के जरिए उत्तर प्रदेश सरकार की डायल 112 पुलिस की उपयोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अनियमिताओं और घटनाओं तथा छेड़छाड़ आदि की घटना के साथ दुर्घटना दैवीय आपदा के समय 112 पर फोन कर इसका उपयोग किया जा सकता है और बताया कि सूचना मिलने के कुछ ही समय बाद डायल 112 पुलिस मौके पर मौजूद होकर समस्याओं का निराकरण कर रही है कलाकारों की टीम द्वारा नाटक के जरिए लोगों को जानकारी देते हुए जागरूक किया गया इस मौके पर टीम के सोनी शर्मा रितिक मुखर्जी साजिद शाह कबीर खान आदि के साथ क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, निस्तारण करने के दिये निर्देश




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आए हुए फारियादियों की समस्या सुनकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में आने वाली जन समस्याओं को गम्भीरता से सुनें तथा जन समस्याओं की शिकायतों का निस्तारण भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कहा कि पुनः शिकायत नही आनी चाहिए पुनः शिकायत प्राप्त होने के साथ ही जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व , पुलिस तथा विकास सहित अन्य विभागों से संबंधित जन समस्याए प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इसी दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए ताकि तत्समय पर ही निस्तारण किया जा सके। तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 83 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 02 का शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्तापूर्ण किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम व तहसीलदार सदर सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तहसील दिवस

**32 में दो शिकायतों का हो पाया निस्तारण**




**महराजगंज।** तहसील सभागार में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली पूजा यादव द्वारा किया गया तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रही मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने कहा की फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक अधिकारी और कर्मचारी सुने और उनका निस्तारण करें लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारी बक्से नहीं जाएंगे ।वहीं तहसील दिवस मे 32 की शिकायती पत्र फरियादियों द्वारा दिए गए जिनमें में केवल दो शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया राजस्व विभाग की 11 शिकायतें पुलिस की 9 विकास की तीन शिकायत अन्य 9 शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आये ।इस मौके पर एसडीएम राजितराम गुप्ता सीओ यादवेंद्र पाल खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह कोतवाली प्रभारी बालेंद्रु गौतम सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पत्नी से प्रताड़ित पति ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महिला उत्पीड़न के कई मामले आप लोगों ने देखे होंगे सुने भी होंगे लेकिन आज एक ऐसा ही मामला तहसील दिवस में देखने को मिला जहां एक युवक अपनी पत्नी से ही इतना प्रताड़ित हो गया कि कुछ दिन पहले उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश भी की गलीमत रही कि सही समय पर परिजनों के द्वारा अस्पताल पहुंचने पर उसकी जान बच सकी ।

दरअसल पूरा मामला रायबरेली के महाराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुमहुरा का है जहां के रहने वाले अनवर अली पुत्र शाफिकुल हसन के द्वारा तहसील दिवस में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि कई बार मेरी पत्नी के द्वारा गैर व्यक्ति से बात करने पर इसका विरोध किया गया जिस पर ससुराल पक्ष के द्वारा लगातार मुझे वह मेरे परिवार को धमकाया जाता था प्रताड़ित किया जाता था जिससे तंग आकर मैंने जहर खाकर अपने जीवन लीला समाप्त करने की भी सोच ली थी थाने पर तहरीर देने के बाद भी मेरी कोई मदद नहीं की गई बल्कि थाने पर तैनात एक सिपाही के द्वारा मुझे कार्यवाही के एवज में पैसे की मांग भी की गई मेरे ससुराल पक्ष जो की लकड़ी की ठेकेदारी करते हैं और थाने पर उनकी अच्छी पकड़ होने के कारण थानेदार के द्वारा मेरी कोई भी मदद नहीं की जा रही है उल्टा मुझे ही फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेज देने की बात कही जा रही है मेरे पिताजी भी दोनों पैर से विकलांग है और घर की माली स्थिति भी ठीक नहीं है मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं पीड़ित पक्ष में पुलिस अधीक्षक से तहसील दिवस में पहुंचकर न्याय की गुहार जरूर लगाई है।

गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के द्वारा रायबरेली पद ग्रहण करने के बाद उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि थाने पर ही समस्याओं का निस्तारण करें फरियादी पुलिस अधीक्षक कार्यालय अगर पहुंचेंगे तो उसके जिम्मेदार थाना अध्यक्ष होंगे लेकिन इसका असर होता रायबरेली में नहीं दिख रहा है फिलहाल अपनी छवि को लेकर जहां पुलिस अधीक्षक पहचाने जाते हैं अब देखने वाली बात यह होगी कि इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक को जानकारी हो जाने के बाद संबंधित थाने पर क्या पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं या देखने वाली बात होगी।

## खेतों में विशालकाय अजगर मिलने से मचा हड़कंप

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** खेतों में विशालकाय अजगर मिलने से गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते थे कि पूरा मामला बछरावां कोतवाली क्षेत्र के इचौली मजरे देवईया गांव का है। जहां पर खेतों में अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम का प्रयास भी विफल रहा, क्योंकि मौका पाकर अजगर भाग निकला।

अजगर की वजह से खेतों में रखवाली करने वाले किसान अब अपने खेत नहीं जा रहे हैं, क्योंकि उनके मन में अजगर का डर बना हुआ हैद्य किसानों का कहना है कि हम लोग अपनी फसल की सुरक्षा करने के लिए रात में भी खेतों में जाते हैं परंतु अजगर की वजह से अब हम सब रात में अपने खेतों की ओर नहीं जाएंगे।

# बोल्डर पर चलन को मजबूर हुए ग्रामीण



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के दुसौंती गांव में जिला पंचायत रायबरेली से लोरिक बाबा संपर्क मार्ग का निर्माण होना था जिस पर ठेकेदार के द्वारा बोल्डर डालकर सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया किंतु किन्ही कारणों से ठेकेदार कार्य को छोड़कर भाग गया जिससे गांव वालों को बोल्डर पर चलने में असुविधा हो रही है तमाम बच्चे साइकिल से गिरकर चोटिल हो जाते हैं गांव के समस्त नागरिकों में सरकार की इस व्यवस्था के प्रति आक्रोश है जिसका परिणाम आगामी चुनाव में देखने को मिल सकता है ऐसे में जनप्रतिनिधि भी अपने कान में उंगली डाले हुए बैठे हुए हैं जबकि उनका कार्य है समाज में फैलते हुए इन आक्रोषों को समाप्त कर मोदी जी की राह आसान करें किंतु क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के साथ-साथ सदन तक के प्रतिनिधियों से दुसौंती के संपर्क मार्गों की चर्चा एवं शिकायत दर्ज कराई गई किंतु देखा यह गया है दुसौंती गांव को जोड़ने वाले समस्त मार्ग बदहाल एवं दयनीय है ।अतः सरकार द्वारा इसका संज्ञान ना लिए जाने पर जनता अपने आप को ठगी हुई महसूस कर रही है।

# झूठ, फरेब व आंकड़ों की बाजीगरी पर चल रहीं सरकारें : अन्नू टण्डन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

भारत विश्व का पहला ऐसा देश है, जहां की 60 प्रतिशत आबादी मुफ्त सरकारी राशन के सहारे जीवन यापन कर रही है। बेरोजगारों की लम्बी कतार लगी है फिर भी देश की सरकार खुद को विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति होने का दावा कर रही है।

विधानसभा भगवन्तनगर के दो दर्जन गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद एवं सपा की लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती अन्नू टंडन ने उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि झूंठ फरेब और आंकड़े की बाजीगरी पर चल रही देश और प्रदेश की भाजपा सरकार सरकारी राशन पर जीने वालों को भारतवासी नहीं मानती है लिहाजा आंकड़ेबाजी में अडानी और अम्बानी सरीखे पूंजीपतियों को ही भारतवासी मान उन्हीं की अमीरी को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बता रही है, बेरोजगारी अशिक्षा और गरीबी से जूझ रहे देशवासियों से भाजपा का सिर्फवोट से रिश्ता व सरोकार है जिनके आर्थिक सामाजिक और शैक्षिक उत्थान के लिए भाजपा के पास कोई योजना नहीं है, लिहाजा इस ओर से लोगों का ध्यान बंटाने के लिए पूरे देशवासियों को जातीय धार्मिक और प्रान्तीय खाचों में बांट नफरत की खेती कर रही है। श्रीमती अन्नू टंडन ने आज विधानसभा भगवन्तनगर के जगतखेड़ा, ककरारी, बैजुआमऊ, पकरा खुर्द, हुलासीखेड़ा तुरकहा, त्रिपरारपुर, लखमदेमऊ, परसंडा, महराजपुर, गुलरिहा, मलौना, माधवगंज, केदारखेड़ा, दुर्गागंज, विहार आदि गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से घर-घर जाकर संवाद किया तथा भारतीय संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव में बहन अन्नू टंडन को जिताने की अपील करते हुए कहा कि यह आपके सुख-दुःख में लगातार कंधे से कंधा मिलाकर आपकी सेवा करती आ रही है और आगे भी निःस्वार्थ भाव से सेवा करती रहेगी।

भ्रमण के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अंकित परिहार, ओमप्रकाश पासवान, दिलीप यादव, मंजीत यादव, हाजी सैय्यद इरफान, छोटेलाल कुरील, शकील अहमद, संतोष पासवान, मूलचन्द्र पासवान, रामविशुल लोधी, बसन्तलाल अम्बेडकर, श्रीमती रामनरेश लोधी, दिनेश पटेल, श्रीनारायण पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**प्राथमिक उपचार के बाद युवक जिला अस्पताल रेफर, हालत नाजुक**

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया! जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ गई! आनन-फानन युवक को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लालगंज पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया! प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के सराय बैरियाखेड़ा गांव निवासी पवन सिंह (उम्र 22 वर्ष) पुत्र सूरज बक्श सिंह उर्फ टीटी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई! परिजन लगभग 4 बजे युवक को इलाज हेतु लालगंज सीएचसी ले गए जहां से हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया!सूत्रों की मानें तो युवक की हालत में सुधार है! विश्वस्त सूत्रों की मानें तो पूर्व में भी डेढ़-दो माह पहले युवक द्वारा यह खौफनाक कदम उठाया जा चुका है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग लपटों की भेंट चढ़ी गृहस्थी

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

बीती रात को थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों से छप्पर में अचानक लगी आग से गरीब की गृहस्थी लपटों की भेंट चढ़ गई !ग्रामीणों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया !इस दौरान आग बुझाते समय एक चिंगारी 4 साल के मासूम के गाल पर गिर गई,इससे वह आंशिक रूप से झुलस गया। थाना क्षेत्र के पूरे परगहिन मजरे चक चोरइहा गांव के रहने वाले कमल कुमार पुत्र महादेव परिजनों के साथ छप्पर के नीचे रहकर गुजर बसर करते हैं !बीती रात को छप्पर में अचानक आग लग गई,इससे अपरा तफरी मच गई।

आग की लपटों को देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग की लपटों से जूझने लगे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी !कमल का राशन,कपड़े आदि आग की भेंट चढ़ गए !आग बुझाने में एक चिंगारी पास में खड़े 4 साल के मासूम के गाल पर गिर गई,इससे वह आंशिक रूप से झुलस गया,उसको घरेलू उपचार कर दिया गया है !वहीं पीड़िता माया पत्नी कमल कुमार की मानें तो आगजनी से उसका घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है।



### छप्पर के नीचे गुजर-बसर करने को मजबूर परिवार

गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना धरातल पर काम कर रही है!इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है! जबकि पीएम आवास योजना की प्रक्रिया डूडा विभाग,नगर पालिका और प्रशासनिक लेखपाल के सत्यापन के बाद पूरी होती है!वहीं,दूसरी ओर पीएम आवास योजना से जुड़े कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं,जहां पर पात्र होते हुए भी पीएम आवास पात्रता सूची से या तो बाहर कर दिया गया है या फिर अभी तक उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया!मामला लालगंज तहसील के पूरे परगहिन मजरे चक चोरहिया का ही है,जहां बीती रात अज्ञात कारणों से लगी आग ने आशियाने को जलाकर राख कर दिया!बताते चलें कि छप्परनुमा आशियाने में छोटे–छोटे बच्चों के साथ कमल कुमार पुत्र महादेव का परिवार रहने को मजबूर हैं! पात्र होते हुए भी यह परिवार पीएम आवास योजना से वंचित है,इस परिवार को पीएम आवास योजना के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का भी लाभ नहीं मिल पाया,जो कि भाजपा सरकार की लागू योजनाओं को सच्चाई का आइना दिखाने के लिए पर्याप्त है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खरगापुर विकास खण्ड कुम्भी गोला खीरी

पत्रांक मेमो / टेण्डर / 2023- 2024 — दिनांक 02/03/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खरगापुर में निम्नलिखित कार्यों पर ईंट, मिट्टी इत्यादि सामग्री पर आवश्यकता है। इच्छुक फर्म दिनांक- 03-03-2024 से 08-03-2024 तक अपना टेण्डर ग्राम पंचायत में समय दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 08-03-2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत खरगापुर में समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी खरगापुर से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र.स. | कार्य का नाम | प्राकलन धनराशि | |
|---|---|---|---|
| 1- | पेंट रोड से प्राथमिक विद्यालय तक खड़ंजा निर्माण कार्य | 399172/- | लंबाई 200 मी. |

प्रधान श्री पिंकू वर्मा, ग्राम पंचायत खरगापुर, विकासखंड कुंभी गोला खीरी

सचिव श्रीमती शैल्वी बाजपेई, ग्राम पंचायत खरगापुर, विकासखंड कुंभी गोला खीरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत संकल्पा, विकासखंड रमिया बेहड़, जनपद लखीमपुर खीरी

पत्रांक/ मेमो निविदा/आमंत्रण सूचना — दिनांक 02.03.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत - संकल्पा, विकासखंड - रमिया बेहड़ की कार्य योजना 2023- 24 मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य में सामग्री आपूर्ति हेतु सील बंद लिफाफा में इंटरलॉक ईंट, अव्वल ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, गिट्टी ,बालू आदि की आपूर्ति इच्छुक फर्म दिनांक 4/03/2024 से 8/032024 तक आमंत्रित की जाती है निविदा दिनांक 8/03/ 2024 को शाम 3:00 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी स्वीकृत अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.स | कार्य का नाम | |
|---|---|---|
| 1- | कलुआ कोट डामर रोड से शालिक राम के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | लंबाई 85 मी |
| 2- | प्रतापी बेहड में शंकर के घर से हरद्वारी के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | लंबाई 85 मी |

ग्राम प्रधान रामप्यारी, ग्राम पंचायत संकल्पा, विकासखंड रमिया बेहड़ खीरी

ग्राम सचिव श्री अमित सिंह, ग्राम पंचायत संकल्पा, विकासखंड रमिया बेहड़ खीरी

## भाजपा ने राजनीति में हासिल की महारथ

भारत में आया राम गया राम की राजनीति तब शुरू हुई जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। उन पर थोक में निर्वाचित प्रतिनिधियों को खरीदकर विपक्षी दलों को कमजोर करने का आरोप लगता था। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के जमाने में यह जोर पकड़ा जब उन्होंने कांग्रेस सरकार बनाने के लिए थोक में विपक्षी विधायकों को खरीदा, हालांकि पार्टी चुनाव में अल्पमत में थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस कला में महारथ हासिल कर ली है और भारतीय राजनीति में इस खतरे को अगले स्तर पर ले गये हैं। जैसा कि राजनीतिक विश्लेषक और कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता संजय झा ने एक बार कहा था कि जिस तरह से अब दलबदल हो रहा है, 2024 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस (नेहरू) बनाम कांग्रेस (मोदी) के बीच मुकाबला होने जा रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि भारतीय राजनीति को कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की भाजपा की भव्य योजना के बजाय भाजपा कांग्रेस सदस्यों से भरी हुई हो जायेगी।गंभीर बात यह है कि इस तरह की व्यापक आया राम, गया राम की राजनीति एक बुनियादी सवाल उठाती है – नैतिकता को क्या हो गया है, खासकर भारतीय राजनीति में। परिपक्व पश्चिमी लोकतंत्र में ऐसा अक्सर होता नहीं दिखता। लोग एक विशेष विचारधारा के प्रति अपनी प्राथमिकता के कारण एक विशेष पार्टी में हैं जिसके माध्यम से वे लोगों की सेवा करना चाहते हैं। यहां भारत में राजनीतिक विचारधारा केवल अपनी सेवा करना प्रतीत होती है। इससे भी बुरी बात यह है कि भाजपा, जो एक विचारधारा पर आधारित पार्टी होने और एक अलग पार्टी होने का दावा करती है, अब आया राम गया राम की राजनीति के सबसे खराब रूप में शामिल हो गई है। यह न केवल अक्सर होता है बल्कि थोक में होता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन लोगों के खिलाफगंभीर भ्रष्टाचार और आपराधिक मामले लंबित हैं और खुद भाजपा ने उन पर आरोप लगाये हैं, उन्हें अपने पाले में ले लिया है। एक बार कार्रवाई होने के बाद, मामले या तो गायब हो जाते हैं या ठंडे बस्ते में डाल दिये जाते हैं, जिससे कथित अपराधियों को बड़ी राहत मिलती है। ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का अब कोई मूल्य नहीं रह गया है। यह इस तथ्य को उजागर करता है कि देश में साक्षरता, कौशल और शैक्षिक स्तर में पर्याप्त सुधार के सभी बड़े दावों के बावजूद हमारी शैक्षिक प्रणाली पूरी तरह से दोषपूर्ण है। सच तो यह है कि हमारी शिक्षा प्रणाली जीवन की मूलभूत आवश्यकता यानी नैतिकता नहीं सिखाती। नैतिक शिक्षा का मतलब धार्मिक शिक्षा नहीं है। देखिए इस देश में लोग किस तरह गाड़ी चलाते हैं। नियमों का उल्लंघन करने में डर की कोई झलक नहीं है। यहां तक कि पुलिसकर्मी भी ट्रैफिक सिग्नल पर दूसरी तरफ मुड़ जाते हैं, यह जानते हुए भी कि बड़ी संख्या में लोगों ने सिग्नल पर लाइन पार करके या सिग्नल जंप करके नियमों का उल्लंघन किया है। भारत में नियम दंड मुक्ति के साथ तोड़े जाने के लिए बने हैं। दोपहिया वाहन चालक अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट नहीं पहनते हैं और पुलिसकर्मी इस उल्लंघन पर संज्ञान नहीं लेते हैं। एक विशेष पोस्टिंग पाने के लिए पुलिसकर्मियों ने स्वयं नियमों का उल्लंघन किया होगा और भ्रष्टाचार में लिप्त होंगे। मूल रूप से कानून का कोई डर नहीं है, जिसे आसानी से झुकाया जा सकता है, खासकर नैतिकता की कीमत पर अमीर और शक्तिशाली लोगों द्वारा। जब उन्हें पढ़ाने वालों में ही नैतिकता नहीं है तो स्कूली छात्रों को दोष क्यों दिया जाये? वे सत्ताधारी स्थानीय राजनेताओं को रिश्वत देकर स्कूलों में, विशेषकर सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नौकरियां पाते हैं।

**इन फसलों के लिए एमएसपी एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में फ्लोर प्राइस बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं -वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए चि्ंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। श्एमएसपीश् का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार एमएसपी के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है। मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार एमएसपी से कम दाम पर न हो।**

# एमएसपी को कानूनी दर्जा देने से मजबूत होगी कृषि

**के आर सुधामन**



**कॉम्पिटिशन से निजी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाजार भाव एमएसपी के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की जरूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है। दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव एमएसपी से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब एमएसपी का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी एमएसपी नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाजार एमएसपी के नीचे ही चलता रहा।**

कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यतरू गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी एमएसपी पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाजार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 एमएसपी फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है। अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं, जिनका निजी बाजार मजबूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है।

इन फसलों के लिए एमएसपी एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में फ्लोर प्राइस बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं -वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए च्टिल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। श्एमएसपीश् का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार एमएसपी के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है। मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार एमएसपी से कम दाम पर न हो। जहां मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी एमएसपी से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना जरूरी हो तो अंश-कालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए।

कॉम्पिटिशन से निजी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाजार भाव एमएसपी के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की जरूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है। दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव एमएसपी से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब एमएसपी का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी श्एमएसपीश् नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाजार एमएसपी के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल एमएसपी के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी।

उदाहरण के लिए गेहूं को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव एमएसपी के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले। नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष एमएसपी की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूं और चावल को छोड़कर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 एमएसपी फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएंगे।

इसे अनिवार्य करने के लिए एमएसपी की घोषणा से उपार्जन को जोड़ना होगा और केंद्र द्वारा संचालित एफसीआई को जिम्मेदारी एवं वित्तीय खर्च उठाना होगा। हर राज्य के लिए गेहूं और धान के साथ चुनिन्दा क्षेत्रीय फसलों पर यह नियम लागू होगा। केन्द्र और राज्य इसे तय करेंगे। कई मायनों में एफसीआई का काम बढ़ेगा। उन्हें उन राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर या सार्वजनिक व्यवस्था में निवेश करना होगा, जहां आज उपार्जन की व्यवस्था नहीं है। एफसीआई को गेहूं और चावल इन नए इलाकों से भी खरीदने होंगे और उसे अन्य फसलों के लिए भंडारण और वितरण की व्यवस्था बनानी होगी। गेहूं और चावल को छोड़कर एफसीआई को 30 प्रतिशत दूसरी फसलों का भण्डारण करना चाहिए, अन्यथा बिना उपार्जन वाली एमएसपी व्यवस्था एक खोखली घोषणा भर बनी रहेगी। जैसा पहले कहा गया है, केवल उपार्जन से बात नहीं बनेगी। मंडी में निजी बाजार भाव को ऊपर उठाना होगा। 60-70 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से होना है। इसके लिए राज्य सरकार को सार्वजनिक मंडी को मजबूत बनाना होगा और उसमें निवेश करना होगा। पारंपरिक मंडी को बेहतर बनाना और वहां खुली नीलामी एवं निगरानी की व्यवस्था कायम करनी होगी। इन सब पर अध्ययन हैं, लेकिन उनकी अनुशंसाओं पर काम नहीं हुआ है। तीसरी सूची उन फसलों की है, जिनका बाजार भाव एमएसपी से बहुत दूर है। कई दशकों की मार से इन फसलों की मांग घट गई है।

## विचार

# विलुप्त होने से पहले इन्हें बचा लो!

**आयुषी दवे**

**(विश्व वन्यजीव दिवस/03 मार्च/ विशेष)**

**1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया। नेशनल पार्क, वन्यजीव अभयारण्य, टाइगर रिजर्व, हाथी रिजर्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किए गए। समय-समय पर इनकी गणना भी की जाती है। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफैंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लैपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि शुरू किए गए। वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्य से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें।**

जब हम वन्यजीव या वाइल्डलाइफ जैसे शब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता, भालू जैसे बड़े जानवरों का ख्याल आता है। दरअसल वन्यजीव उन सभी जीवों को कहा जाता है जिन्हें मनुष्य ने पालतू न बनाया गया हो। वन्यजीवों में न केवल जानवर बल्कि वह सभी पेड़-पौधे, कीड़े-मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते हैं जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्य के दखल के रहते हैं।

वन्यजीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाए जाते हैं। ये हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं, क्योंकिपृथ्वी में पाए जाने वाले हर पारितंत्र यानी इको सिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घास भूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है।

पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रिया को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी खतरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य श्रृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है। इसीलिए इनका संरक्षण बेहद अहम हो जाता है। इस दिशा में विश्व के बहुत सारे सरकारी, गैर-सरकारी संगठन निरंतर प्रयासरत हैं। यह संगठन अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को इनके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करते हैं। ऐसे ही बड़े प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2013 को 68वें सेशन में हर साल तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी।

तीन मार्च की तिथि को इसलिए निर्धारित किया गया, क्योंकि तीन मार्च, 1973 में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वेटिव ऑफ नेचर के 80 सदस्यों ने सीआईटीईएस (साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच अहम अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। इस साल इसका विषय है ÷लोगों और ग्रह को जोड़ना- वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज÷। विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरों और पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। भारत में भी इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया। नेशनल पार्क, वन्यजीव अभयारण्य, टाइगर रिजर्व, हाथी रिजर्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किए गए। समय-समय पर इनकी गणना भी की जाती है। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफैंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लैपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि शुरू किए गए। वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्य से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियां कम होंगी तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। अधिक विविधता का अर्थ है बेहतर प्रतिरोध।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा वन्यजीव और प्रकृति में माध्यम से आता है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं न कहीं वन और वन्यजीवों पर आश्रित हैं। इसीलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। वन्यजीवों का न केवल आर्थिक और सामाजिक महत्व बल्कि सांस्कृतिक महत्व भी है। ये शुरू से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं।

इतना ही नहीं एक बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी प्रकृति और वन्यजीवों के करीब रहने की सलाह दी जाती है। हर जगह लोग भोजन से लेकर ईंधन, दवाएं, आवास और कपड़े तक अपनी सारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन्यजीवन और जैव विविधता आधारित संसाधनों पर निर्भर हैं। प्रकृति हमें और हमारे ग्रह को जो लाभ और सुंदरता प्रदान करती है उसका आनंद लेने के लिए यह जरूरी है की लोग यह सुनिश्चित करें कि पारिस्थितिकी तंत्र फलने-फूलने में सक्षम हो और पौधों तथा जानवरों की प्रजातियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए अस्तित्व में रहने में सक्षम हों। निश्चित ही इस दिशा में वैसे तो बहुत से काम किए जा रहे हैं परन्तु पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने के लिए अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। जरूरत यह भी है कि हम वन्यजीवों के महत्व को समझें।

## बिहारी क्रिकेटर कब खेलेंगे टीम इंडिया से?

**आर.के. सिन्हा**

मौजूदा भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बिहार के दो नव युवा खिलाड़ी आकाशदीप और मुकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। पर यह बिहार का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि दोनों खिलाड़ी बिहार की टीम से नहीं खेलते। यह दोनों खेलते हैं बंगाल की टीम से रणजी ट्रॉफी में। इसकी वजह यह है कि बिहार में क्रिकेट मैनेजमेंट तार-तार हो चुका है। आकाशदीप का संबंध बिहार के रोहतास जिले से है। आकाशदीप ने रांची टेस्ट मैच में अपनी सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट करके सनसनी मचा दी थी। उनके दादा निशान सिंह स्वाधीनता सेनानी थे। अब आकाशदीप 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए हिमाचल प्रदेश जाएंगे और भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। उनकी तरह ही मुकेश कुमार भी हैं।

बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैंत्र मुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई। अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए बिहार के प्रतिभाशली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गईं। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी।

खबर यह थी कि मुंबई की टीम जिस स्टेडियम में मैच खेल रही थी उसकी हालत बेहद खराब थी। वहां पर दर्शकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं थी। मैच को देखने के लिए रोज हजारों दर्शकों को भारी कठिनाई में मैच देखना पड़ा। जब देश में एक से बढ़कर एक बहुत सारे स्टेडियम बन चुके हैं, तब सारे बिहार में एक भी कायदे का स्टेडियम नहीं है। यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं मानी जा सकती।

इस बीच, ईशान किशन तो बीते कई सालों से भारतीय टीम में हैं। लेकिन वे भी झारखंड के लिए खेलते हैं। उन्हें 2016 में अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम का कप्तान बनाया गया था। ईशान 2018 से इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं। ईशान का जन्म बिहार के नवादा जिला में हुआ था। उनके जन्म के बाद उनका परिवार पटना शिफ्ट हो गया था। उन्हें भी झारखंड शिफ्ट होना पड़ा क्यों बिहार में क्रिकेट का कोई इंफ्रास्टक्चर नहीं है। क्रिकेट प्रेमियों को याद होगा कि संयुक्त बिहार के दौर में दिल्ली की टीम के कई बड़े खिलाड़ी बिहार से खेलने के लिए दिल्ली को छोड़ देते थे। इस लिहाज से रमेश सक्सेना का नाम सबसे पहले जेहन में आता है।

उन्होंने एक टेस्ट मैच भी खेला। रमेश सक्सेना ने 1960-61 में अपना पहला प्रथम श्रेणी का मैच खेला था। उन्होंने 1966-67 में दिल्ली को अलविदा कह कर बिहार का रुख कर लिया था। रमेश सक्सेना के अलावा हरि गिडवाणी भी दिल्ली के बाद बिहार चले गए थे। उन्होंने लंबे समय तक बिहार की नुमाइंदगी की। यह दोनों क्लासिक बल्लेबाज थे। हरि गिडवाणी की पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मिठाई की एक बहुत मशहूर दुकान भी है। बिहार को क्रिकेट ही नहीं बल्कि सभी खेलों में अपने जौहर दिखाने होंगे।



## राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनुः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

**हृदयनारायण दीक्षित**



**यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था। एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं।**

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग ब? रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था। शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने वैदिक इंडेक्स में लिखा है, भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है। अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था। एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं।

इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं। आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं, यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।

आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है। फिर रोगों का कारण बताते हैं, इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं। रोगों से बचने के लिए जीवनशैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बड़ी।

अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बड़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं। कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव पेटिका लांच

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। इस चुनाव में आम जनता से सीधे जुड़ाव को लेकर क्षेत्रीय सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत सुझाव पेटिका को लांच किया। इस सुझाव पेटिका के माध्यम से आम जनता से मिलने वाले सुझावों के आधार पर भारतीय जनता पार्टी अपना चुनावी संकल्प पत्र तैयार करेगी, ताकि लोकसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी मतदाताओं को सीधा बीजेपी से जोड़ा जा सके।

इस दौरान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का दावा किया तो वहीं सपा और कांग्रेस के गठबंधन को लाभ हानि का गठबंधन बताते हुए देश-प्रदेश को लूटने वाला गठबंधन बता डाला।



इस सुझाव पेटिका को लॉन्च करने के दौरान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने पत्रकारों से भी वार्ता की। उन्होंने वार्ता करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भी तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत हासिल करेगी और फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। यही नहीं उन्होंने दावा करते हुए कहा गया कि बीजेपी छोटे राज्यों की पक्षधर है बीजेपी सरकार में ही पूर्व में कई छोटे राज्य बनाए गए है और अब जल्द ही बुंदेलखंड राज्य भी बीजेपी सरकार में बनाया जाएगा जिसको लेकर वह खुद संसद में कई बार अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग को उठा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर काम कर रही है किसी प्रकार का जाति धर्म का भेदभाव विकास कार्यों में नहीं किया जा रहा और सभी को सरकार की योजना का लाभ दिया जा रहा है। यही नहीं उन्होंने वार्ता के दौरान सपा और कांग्रेस पर भी सीधा निशाना साधा उनका कहना था कि सपा और कांग्रेस विचारधारा से गठबंधन नहीं कर रही है बल्कि अपना लाभ और हानि देखकर ही है गठबंधन बनाया गया है। इस गठबंधन को देश के दोनों ही दलों द्वारा देश प्रदेश को लूटना है और इस गठबंधन को देश की जनता जानकारी देगी, क्योंकि अब देश की जनता जागरुक है और यह गठबंधन कभी सफल नहीं होगा। सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी पर भी कटाक्ष किया उन्होंने कहा कि सपा प्रत्याशी सपा पार्टी द्वारा दिए गए पर्चे को पढ़कर बयान देते हैं और जिस पार्टी से अजेंद्र लोधी चुनावी मैदान में है वह कभी भी मंदिर जाने का साहस भी नहीं जुटा पाएंगे।

सांसद ने सपा और कांग्रेस को इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी से कोसों दूर बताया और कहा कि पूर्व में भी इन दोनों ही दलों के गठबंधन हुए जो कामयाब नहीं हुए थे और इस बार भी जनता इन्हें नकार देगी। वार्ता के दौरान एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता सहित पार्टी के लोग मौजूद रहे।

### कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल घोषित हुए भाजपा के हमीरपुर-महोबा तिंदवारी प्रत्याशी

भारतीय जनता पार्टी ने अपने वर्तमान सांसद पर भरोसा बरकरार रखते हुए पुनः सांसद उम्मीदवार घोषित किया है उनके उम्मीदवार घोषित होते ही उनके समर्थकों एवम भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की बेदाग छवि सबसे अलग बनाती है उन्होंने हमेशा ही छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं का हमेशा सम्मान किया है भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता का कहना है कि पार्टी ने जो निर्णय लिया है वही सभी कार्यकर्ता एवम आम जनमानस भी चाहते थे सांसद का सरल स्वभाव एवम बेदाग छवि फिर से जीत दिलाएगी एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर का कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है बहुत ही सराहनीय है सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर फिर से जीत हासिल करेंगे

# तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में दर्ज हुई 18 शिकायतें

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



चरखारी तहसील सभागार में शासन की मंशानुरूप समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सुगमता से न्याय दिलाने के उद्देश्य से आज तहसील समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मुहम्मद मुईनुल इस्लाम व उप जिलाधिकारी चरखारी डाक्टर प्रदीप कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 18 शिकायती प्रार्थना पत्र आये जिसमें पूर्ति विभाग से सम्बंधित 01 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, समाधान दिवस में राजस्व से सम्बन्धित 06, पुलिस से संबंधित 04, पूर्ति विभाग से 03, डूडा से 02, इसी प्रकार चकबंदी, लघु सिंचाई, विकास खण्ड से सम्बन्धित एक एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए,

अपर जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी ने आये हुए सभी फरियादियों की शिकायतों को संजीदगी एवं गम्भीरता पूर्वक सुना एवं शिकायतों से सम्बन्धित कर्मचारियों को आदेशित किया कि जल्दी से जल्दी समस्याओं का निस्तारण होना चाहिए एवं समस्याओं के निस्तारण संबंधी फीडबैक लेने की बात कही,इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड, नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा, कोतवाली से एस. आई. मतरंजन मिश्रा, वही खरेला थाने से एस. आई.,विकास खण्ड से एडीओ चेतराम वर्मा, समाज कल्याण एडीओ नदीम,कानूनगो प्रदीप खरे, लेखपाल लक्षण सिंह, अलोक सौनकिया, सुभाष यादव, सहित तहसील स्तर के अधिकारीयों, कर्मचारीयों की मौजूदगी रही

## खबरें एक नजर में

### भाजपा ने खीरी से टेनी तो धौरहरा से रेखा वर्मा को दिया टिकट



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** तमाम अटकलों के बाद लखीमपुर खीरी की दोनों सीटों क्रमशः खीरी से अजय मिश्र टेनी सहित धौरहरा लोक सभा सीट से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा पर भाजपा नेतृत्व ने भरोसा जताते हुए एक बार फिर टिकट दिया है, जिससे समर्थकों में एक बार खुशी की लहर दौड़ गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में अजय मिश्रा टेनी ने सपा प्रत्याशी पूर्वी वर्मा को 218257 पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी तो वहीं धौरहरा सीट से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी बसपा प्रत्याशी अरशद सिद्दीकी को 160611 मतों से पराजित किया था। उसके बाद मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय गृहराज्य मंत्री के पद से भी नवाजा था।

### तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 26 में से 03 तथा तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 17 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन के मंशा के अनुरूप संपूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर–उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा लखीमपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिना वाहन नंबर के हादसे का शिकार हुए युवक की गाड़ी का चेचिस नंबर भी सही नहीं है।नानपारा लखीमपुर मार्ग पर मोतीपुर थाना क्षेत्र के खैरी जंगल के पास शुक्रवार रात को बाइक सवार मिहीपुरवा की ओर जा रहा था। रात 10.30 बजे लखीमपुर से आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने पर चौकी इंचार्ज अरुण कुमार द्विवेदी, दीवान राम आशीष वर्मा, अमित कुमार समेत अन्य मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों से शिनाख्त के लिए पूछताछ की। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष है।उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि बाइक में वाहन नंबर नहीं है और चेचिस नंबर भी सही नहीं है। जिसके चलते पहचान करने में दिक्कत हो रही है। लखीमपुर खीरी जिले और बहराइच के थानों में मृतक की फोटो पहचान के लिए भेजी गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो मित्रों की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा बहराइच मार्ग पर देर शाम को बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दो मित्रों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हुआ है। उसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के मोहल्ला कल्लन खां कसाई टोला निवासी अरमान पुत्र हशीम अपने मित्र शूएब (25) और शीबू (27) बाइक से जिला मुख्यालय आए थे। इसके बाद तीनों दोस्त शुक्रवार को शाम सात बजे बाइक से पुनः अपने घर जा रहे थे। राम गांव थाना क्षेत्र के बहराइच नानपारा मार्ग पर झांसा बनवारी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके चलते शूएब और शादाब की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अरमान गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजवाया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाया। इसके बाद मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नल की टोटियों में मिट्टी युक्त पानी सप्लाई आने से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज।**

कस्वे की जल सस्थान की वाटर सप्लाई का इस समय वद से वदतर हाल वना हुआ है। आलम यह है कि विगत दस दिनो से जल सस्थान के कर्मियो द्वारा निरन्तर मिटटी युक्त वाटर सप्लाई की जा रही है। उपभोक्ताओ की शिकायत के वाद भी पानी लाइन को सुधारा नही जा रहा है। जिससे टोटियो मे गन्दा पानी आने के सवव उपभोक्ताओ को पीने योग पानी नही मिल रहा। जिससे आक्रोशित है कनेक्शन धारक।

वताते चले कि विगत दस दिन पूर्व जल सस्थान की मैन लाइन फटने से उपभोक्ताओ को पाँच दिन वाटर सप्लाई से वचित रहना पडा था उपभोक्ताओ के शोर शरावा करने के वाद जैसे तैसे लाइन का सुधार किया गया उसी समय से आज तक निरन्तर



टोटियो मे मिटटी युक्त पानी आने से कनेक्शन धारक पानी पीने के उपयोग मे नही ला पा रहे है इसी कारण कस्वे मे पीने के पानी को लेकर त्राहि माम मचा हुआ है उपभोक्ता कर्मियो से गन्दे पानी आने की शिकायत करने के वावजूद अनसुना कर रहे है।जिससे आक्रोशित उपभोक्ता धरना प्रर्दशन का मन वना रहे है। इस समस्या के निराकरण के सम्वन्ध मे जव जल सस्थान जे ई पवन सिह से दूर भाष पर सवाददाता ने वात करना चाही तव उन्होने फोन रिसीव नही किया।

# अन्नपूर्णा भवन व ई-वेइंग युक्त ई-पास मशीनों का लोकार्पण

**अन्नपूर्णा भवन बनने से अब एक जगह पर मिलेगा राशन**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र व प्रदेश सरकार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे करोड़ों नगरवासियों को प्रतिमाह निःशुल्क राशन उपलब्ध करा रही है। लोगों के लिए सरकार अनेक कल्याणकारी योजनायें संचालित कर पात्र लाभार्थियों को लाभांवित कर देश को सशक्त बनाने में जुटी हुई है।

नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा रामनगर में मंदिर के सामने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल शॉप) तथा ई-वेइंग युक्त ई-पास मशीनों के लोकार्पण कार्यक्रम में यह विचार हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी संसदीय क्षेत्र के सांसद कुं पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने



व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवन का निर्माण हो जाने से अब लोगों को यहां-वहां नहीं भटकना पड़ेगा बल्कि एक स्थान पर अपना राशन प्राप्त कर सकेगें।

सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने नौ वर्ष के कार्यकाल में जो देशवासियों के हित में कार्य किये हैं उन्हें अन्य सरकारें 70 वर्षों में भी नहीं कर सकी। जिससे प्रत्यक्ष प्रमाण करोड़ों गरीबों को पक्के मकान, घर-घर गैस सिलेंडर, हर घर नल योजना, निःशुल्क खाद्यान्न, पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रालोन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना आदिअनेक योजनायें हैं जिससे देशवासी लाभान्वित हो रहे हैं।जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में पूर्व से ही ई-पॉस मशीनों के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वितरण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री उप्र सरकार के निर्देशानुपालन में जनपद में ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों की आपूर्ति की गयी है जिनको उचित दर विकेताओं को उपलब्ध कराया गया है। जनपद में प्राप्त ई-पॉस मशीनें को अब ई-वेईंग स्केल से लिंक किया गया है जिससे कार्डधारकों को वितरण प्रारम्भ किया जायेगा। ई-पॉस मशीनें, ई-वेईंग स्केल आपस में लिंक होने से कार्डधारकों को अनुमन्य मात्रा प्राप्त हो सकेगी तथा ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के माध्यम से वितरण होने से कतिपय क्षेत्रों / विकेताओं के घटतौली किए जाने सम्बन्धी शिकायतों पर पूर्ण विराम लग जायेगा। कार्यक्रम में सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने फीता काटकर अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, पालिकाध्यक्ष डा. संतोष चौरसिया, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक प्रवीण वर्मा, आलोक पटैरया, लेखाकार अरुण शुक्ला, राजेश त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्कूल स्वास्थ्य व कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप विश्व श्रवण दिवस के पूर्व किशोर / किशोरियों में कान एवं श्रवण से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालयों मैं किशोर एवं किशोरियों मैं होने वाले शारीरिक एवम मानसिक परिवर्तनों की सही जानकारी और उनकी स्किल डेवलप करने की कवायद के तहत इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण देकर सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है साथ ही साथ आयरन एवं अल्बेंडाजोल की गोलियों



का सही तरीके से सेवन एवम रख रखाव करना भी प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र/ छात्राओं को सिखाया जा रहा है इसमें प्रधानाध्यापकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण एवम सहायक अध्यापको को चार दिवसीय प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट ट्रेनर डॉ इफ्तिखार खान डॉ पंकज सक्सेना एवम अध्यापक राजकुमार तिवारी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिया गया, चिकित्साधीक्षक डॉ पी के सिंह राजपूत के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थीयों एवं ट्रेनर को सर्टिफिकेट वितरित किये गए और कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने की शुभकामनाएं दीं गईं।

### पुलिस ने मन्द बुद्धि व्यक्ति को परिजनों को सौंपा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बकेवर पुलिस ने गुमशुदा मन्द बुद्धि व्यक्ति को बरामद कर उसे परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बिजौली के पास एक मन्द बुद्धि का व्यक्ति धूम रहा है आपरेशन मुस्कान के तहत उक्त सूचना पर उपनिरीक्षक हेमन्त कुमार सोलकीं ने त्वरित कार्यवाही करते हुये मन्द बुद्धि के व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राहुल पुत्र राकेश बहेलिया उम्र करीब 25 वर्ष निवासी इनायतपुर थाना निगोही तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर बताया। तदोउपरान्त उ.नि. हेमन्त कुमार सोलकी द्वारा जरिये उचित माध्यम परिजनो से सम्पर्क कर गुमशुदा राहुल परिजनों के सुपुर्द किया। बालक को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा थाना बकेवर इटावा पुलिस की प्रशंसा की गयी।

# ग्लोबल पीस फाउंडेशन सम्मानित



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उम्दा कार्य करने के लिए ग्लोबल पीस फाउंडेशन को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने यह सम्मान ग्रहण किया।

इस संबंध में इटावा क्लब में आयोजित कार्यक्रम में इस फाउंडेशन के कामकाज की सराहना की गई और सम्मानित किया गया। सद र विधायक सरिता भदौरिया ने फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह को सम्मान प्रमाणपत्र दिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, भाजपा नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता मौजूद रहे। सीमा सिंह ने कहा कि इस सम्मान से हौंसला बढ़ा है और अब अधिक परिश्रम के साथ संस्था की ओर से कार्य किया जाएगा।

# खुदी पड़ी सड़क कांवरिया के लिए जानलेवा साबित हो सकती है

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

शिव भक्ति कांवरिया जो मध्य प्रदेश से आते हैं ओवर ब्रिज से होते हुए साइड से निकलकर पुराना बस स्टैंड होते हुए साबित गंज होते हुए तहसील से निकलकर पचराह होते हुए मध्य प्रदेश को जाते हैं इसी रास्ते में बीएसए छात्रावास के पास नगर पालिका ने पाइपलाइन ठीक करने के लिए 10 दिन पूर्व गड्ढा किया था जो आज तक भरा नहीं गया इसी मुख्य मार्ग से होकर से वक्त कांवरिया निकलेंगे नगर पालिका की लापरवाही शिव भक्त कांवरियों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है इसलिए अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल नगर पालिका से मांग करती है कि उपरोक्त गड्ढे को अति शीघ्र भरकर मार्ग को चालू करें। उपरोक्त मांग अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन



कश्यप ने की है श्री कश्यप ने आगे बताया कि नगर पालिका इतनी लंबे समय तक इतनी बड़ी लापरवाही कैसे कर सकती है मांग को चालू करने की मांग करने वाले प्रमुख रूप से अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के संरक्षक इंद्र नारायण पांडे उपाध्यक्ष दिनेश कुमार बाथम आनंद अग्निहोत्री जय सिंह चौहान राजेश सिंह चौहान कोषाध्यक्ष सुदीप कुमार जैन रोहित गुप्ता राजेश कश्यप बंटी वकील बॉबी पाल विजय शर्मा अमित मिश्रा दिनेश कुमार यादव सुनीत सिंह चौहान अतुल त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

### एआईएमआईएम कायालय पर मनाया स्थापना दिवस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम जिला कार्यालय पर पार्टी का 66वें स्थापना दिवस के मौके पर झण्डा फहराया गया साथ ही कुछ लोगों को पद बांटे गए और पार्टी की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताया गया। ज़िला अध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यह पार्टी जिस बुलंदी पर हैं है उस बुलंदी पर पहुंचाने के लिए ओवैसी परिवार ने बहुत कुर्बानियां दी हैं आज इस कुबानियों के कारण जिस तरह से पार्टी का विस्तार हुआ है उसे देखकर सियासी दलों के होश उड़ गए हैं। सभी राज्यों में पार्टी ने कामयाबी हासिल की है और आने वाले समय में पार्टी 2024 में भी लोकसभा चुनाव भी मजबूती से प्रत्याशी लड़ाएगी इसी कड़ी को समाप्त करते हुए पार्टी ज़िला अध्यक्ष ने केक काटा और लोगों को मुबारक बाद दी।

# सिपाही की हत्या से गांव में दहशत का माहौल

**सैफई/इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना सैफई इलाके के गोवेपुरा गांव में सिपाही की नृशंस हत्या से सनसनी फैल गई। मृतक के भाई ने ताऊ और उसके परिवार के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

सैफई के गांव गोवेपुरा में खेत पर लगे ट्यूबवेल पर पड़े टिनशेड में लेटे सिपाही पर फावड़े से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना पर एसएसपी ने जांच पड़ताल की है। वहीं, फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए है। सिपाही मथुरा में तैनात था और आलू की खोदाई कराने के लिए आया था।वह खेत पर ही लगे ट्यूबवैल की कोठरी पर पड़े टिनशेड में रुक गया था। शनिवार सुबह गांव के प्रमोद कुमार अपने खेत की ओर निकले, तो



अनिल का खून से लथपथ शव देखकर परिजनों को सूचना दी। इस पर परिजन पहुंच गए। जमीन के विवाद में हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा और एसपी ग्रमीण सत्यपाल सिंह थाना पुलिस लेकर मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी जुटाई। वहीं, फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। मृतक के छोटे भाई नीरज कुमार यादव ने सैफई थाने में तहरीर दी है। इसमें अपने ताऊ, उनके बेटे और प्रपौत्र पर जमीन के विवाद में हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने ताऊ और भाई को हिरासत में ले लिया और शव का पोस्टमार्टम कराया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि घटनास्थल का जायजा लेकर परिजनों से बात की है। उन्होंने मृतक के ताऊ और उनके परिवार के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। जांच पड़ताल की जा रही है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# न्यायालय ने सुनायी आरोपी को तीन वर्ष कारावास की सजा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध एसएसपी संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी व मानीटरिंग पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते आरोपी को न्यायालय द्वारा 3 वर्ष के कारावास तथा 20 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

विगत 15 जुलाई 2017 को वादिनी ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर अभियुक्तगण द्वारा वादिनी की 13 वर्षीय पुत्री बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी, तहरीर के आधार पर धारा 363, 366 भादवि पंजीकृत किया गया।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी निरीक्षक श्री विकास कुमार द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त राहुल शर्मा पुत्र मुकेश कुमार शर्मा निवासी 186 ओल्ड पी.ए.सी. गली थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम, पैरोकार का. पवन आर्या एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी दशरथ सिंह चौहान द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोगों से संबंधित अभियुक्त को न्यायालय अपर शत्र न्यायाधीश /स्पेशल जज पोक्सो एक्ट इटावा द्वारा 3 वर्ष के कारावास की सजा व 20,000 रूपये का अर्थदंड दिया गया।

# तहसील भरथना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील भरथना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील भरथना में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने



अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीता राम, क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान,उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत , उप जिलाधिकारी न्यायक राजेश वर्मा ,तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा ने विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान में मांगा सहयोग

▸ लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र हेतु जनता जनार्दन के सुझावों का होगा स्वागत



उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**भाजपा के** लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक राठौर द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में मणीन्द्रालय गेस्ट हाउस उरई में भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद भानु प्रताप वर्मा ने बताया कि आज पूरे भारत वर्ष में लोकसभा चुनाव 2024 हेतु भाजपा के संकल्प पत्र सुझाव अभियान की सुझाव पेटिकाएं लॉन्च की गई हैं। इन पेटिकाओं में आम जनता सुझाव पत्र भरकर डाल सकती है।

पत्रकारों से वार्ता करते हुये उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी अकेली पार्टी है जो अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र मानकर काम करती है। पिछले सभी चुनावों में हमने जो वायदे जनता से किये हैं वो पूरे किए हैं चाहे राम मंदिर का निर्माण हो या अनुच्छेद 370 हटाना हो या फिर ट्रिपल तलाक को रोकने का कानून या फिर विकास कार्य। भाजपा की सरकारों ने सब संकल्प पूरे किए हैं। विभिन्न प्लेटफार्म पर सुझावों और समर्थन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। 15 मार्च 2024 तक वीडियो वैन, चुनाव कार्यालय के माध्यम से जनता से संवाद तथा ''विकसित भारत मोदी की गारंटी'' सुझाव पेटिका में जनता के सुझावों को एकत्र किया जाएगा जो भाजपा के संकल्प पत्र का आधार बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की कार्य योजना तैयार होगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के लिए हम अपना संकल्प पत्र तैयार कर रहे हैं इसके लिए हम जनता के बीच जाकर उनके सुझाव लेंगे भाजपा हमेशा अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए जानी जाती है। हमने जो कहा उसे मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया है। हमारा कोई हिडन एजेंडा नहीं है बल्कि हमारा हरदम ओपन एजेंडा होता है पिछले संकल्प पत्र में जो बातें कही गई थी वह सभी बातें हमारे संकल्प पत्रों का हिस्सा रहीं है हमारे सभी संकल्पों को मोदी व योगी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है और आज भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि जनता की आकांक्षाएं पार्टी तक पहुंचे और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अगले 5 वर्षों में हमारी सरकार जनाकांक्षाओं को पूरा करें। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से लोकसभा क्लस्टर क्षेत्रीय महामंत्री शिव विलाश शिवहरे, लोकसभा प्रभारी मदन पांडेय, जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, वरिष्ठ नेता रविकांत द्विवेदी, लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक राठौर एवं मनोज यादव, शक्ति गहोई अग्निवेश चतुर्वेदी, अनिल बहुगुणा, दिलीप सेठ, पुष्पेन्द्र सिंह सेंगर, अवध शर्मा सहित अनेकों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोदी के नेतृत्व में अलौकिक भारत की कल्पना ने साकार रूप लिया: पांडेय

**उरई।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रभारी मदन पांडेय ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र दल है जो जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप अपने संकल्प तय करता है। विश्व गुरु के रूप में सांस्कृतिक, सामरिक, आर्थिक मजबूती के साथ विश्व को दिशा देने के लिए हम तैयार हैं विकसित भारत मोदी की गारंटी के साथ वीडियो वैन से इस विकास और उत्थान की गाथा को लेकर शहर, गांव, गली, मोहल्ले, मजरे, पगडंडियों पर चलकर हर जनता तक पहुंचाने का हम काम करेंगे। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत और अलौकिक भारत की कल्पना ने साकार रूप ले लिया है। 2014 से पूर्व जिसकी कल्पना भी नहीं थी इस असंभव को संभव करने की गाथा रथों के माध्यम से जनता तक पहुंचेगी वीडियो वैन के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद होगा और उनके सुझावों को समावेशित किया जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप 9090902024, ट्विटर, वॉइस मैसेज, आईवीआर के माध्यम से भी सुझाव एकत्र किए जाएंगे जो भाजपा के संकल्प पत्र को स्वरूप प्रदान करेंगे।

# नगर पालिका परिषद उतरौला के वार्ड नम्बर 17 के वासियों ने भ्रष्टाचार का खोल मोर्चा



उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**मूलभूत सुविधाओं** की मांग को लेकर शनिवार को उतरौला के मोहल्ला आर्य नगर वार्ड नंबर 17 के वार्ड वासियों ने प्रदर्शन किया। वार्डवासी रामचंद्र चौहान, ननकू चौहान, सुशील चौहान, रेखा, पलटू राम कौशल्या ने बताया कि मोहल्ला आर्य नगर वार्ड नंबर 17 लोनियाडीह के लोग कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। मोहल्ले में सड़क, बिजली, पानी, नाली, साफ-सफाई से संबंधित समस्याएं बरकरार हैं। मोहल्ले में स्थायी नाली की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान हैं। नाली के अभाव में गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। लोगों को गंदा पानी से होकर आने-जाने में परेशानी होती है। वार्डवासियों की मानें तो मोहल्ले की सड़क का हाल भी बदहाल हो चुका है। अधिकतर सड़कें मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी हैं। वर्षों पहले जो सड़क को अलकतरा चटाया गया, उसके बाद सड़क का हाल देखने कोई नहीं आया। ऊबड़-खाबड़ सड़क पर लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है। मुख्य सड़क को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग न होने के कारण यहां के लोगों को मोहल्ले के पीछे से लंबी दूरी तय करना पड़ता है। मोहल्ले की अधिकतर सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं। जहां लाइट लगी भी है, अधिकतर खराब हो चुकी है। मोहल्ले में पेयजल की समस्या भी बरकरार है। लोग यहां निजी नल से पानी की आपूर्ति करते हैं। मोहल्ले की बड़ी समस्या बिजली का पोल व तार है। कई लोगों के घर से सटा बिजली का पोल है, तो छत के बीचोंबीच से होकर बिजली तार गुजरा है। यह बड़े हादसा को दावत दे रहा है। गंदगी की भरमार के चलते वार्ड वासियों का जीना मुहाल है। मच्छर का प्रकोप बढ़ जाने के बावजूद फागिंग टीम कभी नहीं आती है।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मार्च को

**अयोध्या।** जिला एवं सत्र न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 09 मार्च को जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी,फौजदारी तथा राजस्व न्यायालयों में लम्बित मुकदमों के साथ साथ प्री-लिटिगेशन (मुकदमा दायर करने से पूर्व) वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह समझौते के माध्यम से कराया जायेगा।राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, बिजली एवं जल के बिल से संबंधित शमनीय दण्ड वाद,चेक बाउंस से सम्बंधित धारा 138 एनआई एक्ट एवं बैंक रिकवरी, राजस्व वाद,मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद व अन्य सिविल वाद सन्दर्भित किये जाने योग्य होंगे। उपरोक्त वाद निस्तारण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क किया जा सकता है।उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेन्द्र सिंह यादव ने दी है।

### करमा ब्लॉक के शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को दी विदाई

**करमा।** शनिवार को करमा ब्लॉक के शिक्षकों ने करमा ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार यादव जी को विदाई दी। करमा ब्लॉक के सृजन के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार कि प्रथम नियुक्ति भी इसी ब्लॉक में हुई थी। खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द जी ने नये ब्लॉक को अध्यापकों के साथ मिलकर ब्लॉक की शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ खेल विधा को बेहतर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यव्यवहार की प्रशंसा करते हुए उन्हें नये जिले व ब्लॉक में बेहतर ढंग से कार्य करने की शुभकामनाएं दी।खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि इस जनपद व ब्लॉक में अपने बेहतर कार्य अनुभव सभी के सामने रखा तथा सभी विनम्रता व लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मण्डलीय अध्यक्ष रविभूषण सिंह, जिला महामंत्री धीरेन्द्र पति तिवारी, रविन्द्र बहादुर चौधरी, वकील अहमद खान, राजकुमार मौर्य, आशीष निरंजन, उमेश श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, राधेश्याम पाल, नवीन राय, भोलानाथ, महेन्द्र दुबे, फूलकुमारी, बसंत, कृष्ण कांत, गोपाल सिंह कुशवाहा, अनुपमा सिंह, पूनम, भगवानी देवी,प्रदीप दुबे, वंदना मौर्य, श्रीनारायण वर्मा, संजय कुमार, अनवर हुसैन, प्रमोद आनंद, स्मिता पाल, सुषमा शुक्ला, अंशु सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक व अनुचर ने प्रतिभाग किया।

### मौत को दावत देता हाईटेंशन तार के नीचे हो रहा खनन का खेल

**सोनभद्र।** सोनभद्र की पत्थर खदानों को हाइग्लि डेंजरस जोन बनाने में सम्बंधित विभागों का अहम रोल है। पत्थर खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण सम्बंधित विभाग ही हैं। इनकी लचर व्यवस्था के चलते अनगिनत गरीब मज़दूर असमय ही मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। लगातार लोगों के द्वारा शिकायत करने पर भी इनके कानों पर जुई भी नहीं रेंगती। नियम विपरीत खनन लगातार हो रहा है। परन्तु खनिज विभाग और जिला प्रशासन कुम्भकर्णी नींद सो रहा है। प्रशासन की नींद तभी टूटती है जब खदान में कोई हादसा होता है। जनपद सोनभद्र में अवैध खनन अपने चरम पर पहुंच चुका है। इस पर खनिज विभाग आंखे मूंदे हुए है। जय हिन्द मानवाधिकार जिला अध्यक्ष मोहम्मद सेराज हुसैन की तरफ से सम्बंधित विभाग से गुहार लगाई गई थी कि राधे राधे इंटर प्राइजेज की पत्थर खदान में नियमों को ताक पर रखकर हाईटेंशन तार के नीचे अवैध खनन किया जा रहा है। जबकि हाईटेंशन तार से खदान की दूरी निर्धारित50 मीटर से कम है। इसके बाद भी बिल्ली मारकुंडी के उक्त खदान में अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इस पर खनन विभाग सोनभद्र का कहना है कि उक्त खदान से हाईटेंशन लाइन की दूरी 50 मीटर से अधिक है। जबकि स्थानीय लोगों का दावा है कि खनिज विभाग गुमराह कर रहा है। हकीकत में हाईटेंशन लाइन की दूरी50 मीटर से कम है। आखिर क्या बात है कि खनिज विभाग आने वाले खतरों से आंख मूंदे हुए है। खदान में हैवी ब्लास्टिंग होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ऐसे में ज़िम्मेदार मोहकमा एक दूसरे पर गलतियां थोपते हुए जांच के नाम पर लीपापोती कर देंगे। निराश होकर जय हिंद मानवधिकार एसोसिएशन सोनभद्र अब इस प्रकरण में डीजीएमएस वाराणसी परीक्षत्र से शिकायत कर जांच की कार्रवाई अमल में लाएगा। जहां हाईटेंशन लाइन छतिग्रस्त होने पर ग्रिड फेल होने से करोड़ों का नुकसान हो सकता है। वहीं दूसरी ओर खदान में दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

### कार्यभार ग्रहण करने पर बीईओ का शिक्षकों ने किया स्वागत

**कदौरा (जालौन)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बबीना में खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्ञानप्रकाश अवस्थी ने विकास खण्ड कदौरा का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई कदौरा ने नवागंतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी को मिष्ठान खिला कर फूल मालाओं व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई ने शिक्षा अधिकारी को 4 मार्च को डिजिटलाईजेशन के विरोध में प्रांतीय आवाहन पर ब्लॉक स्तर पर दिये जाने वाले ज्ञापन की लिखित सूचना ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, व ब्लॉक मंत्री तालिब बेग द्वारा दी गयी, उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष और मंत्री अपने संयुक्त सम्बोधन में कहा कि संगठन नवागंतुक शिक्षा अधिकारी से आशा करता है कि ब्लॉक के शिक्षकों की समस्याओं का समय पर निस्तारित करेंगे, जिस पर श्री ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने संगठन को विश्वास दिलाया कि शिक्षकों की ब्लॉक स्तर की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जायेगा। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों में सौरभ निरंजन, नजर मुहम्मद, कमलेश पाल, महेंद्र याज्ञिक, शमीम अहमद, जागेश यादव, मिस्टर सिंह, प्रवीण कुमार, रिजवान खाँ, प्रशांत कुमार, शमशाद बेगम, मेघना, संध्या कुमारी, सुरेश चंद उपाध्याय आदि शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्तिथि रहे।

### डिजिटलाइजेशन व्यवस्था के विरोध में चार को शिक्षक सौंपेंगे ज्ञापन

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर शिक्षकों के ऊपर जबरदस्ती थोपी जा रही डिजिटलाइजेशन व्यवस्था के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई डकोर 4 मार्च 2024 को समय 3 बजे खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से श्रीमान महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ को संबोधित ज्ञापन अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह राजपूत व मंत्री राजेश बाबू शुक्ला की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी शिक्षक बहिने एवं भाइयों से निवेदन है की डिजिटलाइजेशन व्यवस्था लागू करने से पहले अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 4 मार्च 2024 को समय 3 बजे बीआरसी मड़ोरा पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं भारी संख्या में एकत्रित होकर अपने साथ हो रहे इस अत्याचार के खिलाफअपनी उपस्थिति अवश्य दें।

# अयोध्या में बनेगा गुजरात यात्री निवास

▸ प्रदेश के बजट में दस करोड़ रुपए किए आवंटित

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**गुजरात के** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार के कैबिनेट मंत्री सहित 25 प्रतिनिधियों के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को अयोध्या पहुंचकर श्री रामलला का दर्शन किया।अयोध्या पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री पटेल सहित मंत्रिमंडल सदस्यों का महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौजूद प्रदेश के कृषि मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से स्वागत किया और उनकी अगवानी की।एयरपोर्ट से निकलकर मुख्यमंत्री श्री पटेल का काफिला श्री रामलला मंदिर पहुंचा,जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें दर्शन पूजन कराया।यहां से निकलने के बाद एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश इस अमृतकाल में राम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करोड़ो देशवासियों के लिए अमृत उत्सव समान है।हर एक हिन्दू का एक संकल्प था कि अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए।प्रभु श्रीराम चन्द्र की कृपा से ऐसे ऐतिहासिक मंदिर की भूमिपूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा दोनों ही पवित्र कार्य का सौभाग्य प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्राप्त हुआ।उन्होंने बताया कि अयोध्या में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गुजरात भवन के लिए भूमि आवंटित की गयी है।इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद और गुजरात सरकार द्वारा द्वारा गुजरात यात्री निवास निर्माण हेतु दस करोड़ का बजट भी आवंटित किया गया है।इस अवसर पर गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी सहित गुजरात के कैबिनेट मंत्री व अधिकारियों तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री,जनपद अयोध्या के प्रभारी मंत्री श्री शाही सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### उतरौला शिक्षा क्षेत्र में उच्च शिक्षा पिछड़ेपन का झेल रहा है दंश

**उतरौला(बलरामपुर)।** प्रदेश की पुरानी तहसीलों में शुमार होने के बाद भी उतरौला उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ेपन का दंश झेल रहा है। तहसील क्षेत्र में गिनी चुनी ही उच्च शिक्षण संस्था है। ऐसे में उतरौला क्षेत्र के सूफ़ी संत पीर जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने अपने अनुयाइयों के सहयोग से उतरौला के चांद औलिया में एक उच्च शिक्षण संस्थान का निर्माण करवा रहे हैं। क्षेत्र वासियों का कहना है कि उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना कर शिक्षा का अलख जगाने का कार्य उन्होंने किया। जो क्षेत्र के लिए शिक्षा जगत में मील का पत्थर साबित होगा। सूफी संत पीर जलालुद्दीन छांगुर बाबा ने कहा कि इस डिग्री कालेज में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। इस पिछड़े हुए क्षेत्र में उच्च शिक्षा की अलख जगाने का प्रयास कर रहा हूं। कॉलेज संचालित हो जाने के बाद क्षेत्र के तमाम छात्र आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त कर नौकरी व अन्य रोजी-रोजगार से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि उतरौला शिक्षा क्षेत्र में बहुत पिछड़ा है खास तौर पर उच्च शिक्षा की समुचित व्यवस्था नही है। बचपन से देखता आ रहा हूं कि शिक्षण संस्थान के अभाव में कई पीढ़ियां उच्च शिक्षा से आज भी वंचित रह जाते हैं। हमारा प्रयास है कि उच्च शिक्षा का स्तर सुधारने के लिये क्षेत्र में अच्छे शिक्षण संस्थान स्थापित हो सकें। क्षेत्र वासियों का कहना है कि अपने सामाजिक कार्यों के कारण लोगों में हमेशा चर्चा में रहने वाले सूफीसंत जलालुद्दीन छांगुर बाबा हमेशा हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक के नाम से जाने जाते हैं।

# आबादी के बीच में हाईटेंशन तार जाने से बड़ी घटना की आशंका बरकरार

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**गरीब के** जमीन के ऊपर से निकाल दिया 6 लाइन हाईटेंशन तार, गरीब किसान भटक रहा है तार हटवाने के लिए, कार्यदाई संस्था वादा करने के पश्चात भी अभी तक नहीं हटाया तार। विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या के मजरा नगरिया में राजेश कुमार निषाद के तीन भाइयों की जमीन है, एक भाई राजेश का मकान बन चुका है और दो भाईयों का मकान अभी तक नहीं बन सका, क्योंकि मेहनत, मजदुरी ही एकमात्र आय का साधन है। राजेश कुमार निषाद के घर के बगल से हाईटेंशन तार मंसूर जोत के लिए पहले से निकला हुआ है उसी के बगल में दो पोल लगाकर ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था जिसका विरोध किया गया तो ट्रांसफार्मर नही लगा लेकिन उसी दो पोल पर क्रास आर्म लगाकर तीन तार और लगा दिया गया जिससे दूसरे भाई की जमीन पुरी तरह हाईटेंशन तार के जाल से छाजन बन गया। जिसका कोई आवश्यकता भी नहीं है। कार्यदाई संस्था द्वारा वादा किया गया कि इसे जल्द ही हटा दिया जाएगा किंतू महीनों बीत जाने के बाऊजूद तार हटाया नही गया। उन गरीबों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर,,6 लाइन में नए वाले तीन तार हटाने की मांग की है। एसडीओ रमेश मौर्या ने बताया कि मेरे संज्ञान में नहीं था जांच करवाकर पीड़ित किसान के समस्या को दूर किया जाएगा।

# मंडलायुक्त की उपस्थिति में समाधान दिवस में सुनी गयी समस्यायें

▸ डीएम ने लापरवाह अधिकारियों पर दिये कार्रवाई के संकेत

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**शनिवार को** मंडलायुक्त विमल दुबे की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी के तेवर बेहद तल्ख रहे जिसमें उन्होंने इस दिवस और समस्याओं के प्रति गंभीर न रहने वालों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में वैसे तो जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय को अध्यक्षता करनी थी लेकिन अचानक मंडलायुक्त विमल दुबे भी इस दिवस में आ गए। इस दौरान 46 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कीरतपुर प्रधान पवनदीप निषाद ने ग्राम सभा की भूमि के अभिलेखों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है तो देवकली निवासी अश्वनी निषाद ने भी राजस्व विभाग के जिम्मेदार पर प्लाट पर जबरन कब्जा कराने का आरोप लगाया इसके अलावा नरसिंह निवासी सुरौला ने सूर्य मंदिर तक पक्की सड़क बनाए जाने की मांग की है वही पूर्व सभासद सुरजीत सिंह के नेतृत्व मे टरननगंज निवासियों ने खोया मण्डी स्थित अंग्रेजी शराब ठेका हटाए जाने की मांग की और कहा कि इससे उनके मुहल्ले में अराजकता फैलती है। वही इस दौरान मौजूद मंडलायुक्त ने शिकायतों को गम्भीरता से सुनकर सम्बन्धित विभाग के जिम्मेदारों को शिकायतों का निस्तारण समय से और गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डा. ईराज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, पीडी शशिकान्त दुबे, डीसी मनरेगा अवधेश दीक्षित, डीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी, एसडीएम, सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी, बीडीओ संदीप मिश्र, चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता के अलावा सभी विभागों के जिम्मेदार मौजूद रहे।

### मदरसा अल जमीअतुल गौसिया अरबी कालेज में कांफ्रेंस का आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर)।** 5 मार्च को बाद नमाज ईशा उतरौला के मदरसा अल जमीअतुल गौसिया अरबी कॉलेज के प्रांगण में प्रबंधक अयाज मुस्तफा खान के जेरे एहतमाम तजल्लियाते शहे जीलां कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 42 छात्रों की दस्तरबंदी होगी। मदरसा के लिपिक मोईन सिद्दीकी ने बताया कि जलसे में फजीलत के 6, आलिम के 8 हाफिज के 13, कारी के 15 छात्रों को अमामा व जुब्बा पहनाकर उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा। हाफिज फरहान की किरत से सालाना जलसे का आगाज किया जाएगा। बिहार के डॉ मुफ्ती शहरयार, मुम्बई के मुफ्ती जुल्फिकार अहमद बरकाती एवं मौलाना फैजान रज़ा जमाली जलसे को खेताब करेंगे। नातख्वां कोलकाता के असद इकबाल, रहीम रज़ा बलरामपुरी व बहराइच के जिया यजदानी नात व मनकबत पेश करेंगे। बिलग्राम शरीफ के सैयद मीर रिजवान अहमद बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

योजनाएं | ग्रामीणों से शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानी हकीकत

# सदर विधायक ने देवकली में अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का किया शुभारंभ

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**शनिवार को** जिलाधिकारी तथा सदर विधायक ने महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम देवकली में अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने गांव में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की हकीकत भी परखी। शासन अब राशन वितरण प्रणाली में बदलाव कर रहा है जिसमें प्रथम चरण में राशन की दुकानें सडक पर बनाई जा रही है जिससे राशन कार्ड धारक को किसी के दरबाजे नही जाना पड़े इसकी लिए आपूर्ति विभाग माडल शाप का निर्माण कर रहा है जहां पर राशन वितरण के साथ कई जन सुबिधाए भी मुहैया होगी। इसी के चलते शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा देवकली में अन्नपूर्णा मॉडल शाप का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होने आवास, पेंशन किसान सम्मान निधि, कोरोना काल से लेकर मुफ्त राशन तक उपलब्ध कराने सहित सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वही जिलाधिकारी ने अन्नपूर्णा मॉडल शाप के बारे बताया कि राशन कार्ड धारकों को बितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने व शत प्रतिशत राशन उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है ।अव जो उपभोक्ता घटतोली की शिकायत करते थे लेकिन इससे अब निजात मिल जायेगी। वही इन दुकानों में आय, जाति निवास, पेंशन आदि के फार्म भी भर सकते जिससे लोगो को इधर उधर नही भटकना पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान सीडीओ भीम जी उपाध्याय, पीडी शशीकांत दुबे तथा डीसी मनरेगा अवधेश दीक्षित, डीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी, बीडीओ महेवा संदीप मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी, एआरओ उत्तम कुमार, पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन, आपूर्ति लिपिक शुभेंद्र तिवारी, शेखर बाबू, हर्षित दीक्षित, एपीओ लोकेंद्र यादव जेई, महेंद्र कुमार सचिव, अमर सिंह, टीए रामगोपाल निरंजन प्रधान बाल सिंह, प्रधान कीरतपुर पवनदीप निषाद, प्रधान मैनुपुर बबलू पंडित उरकरा कला प्रधान शिवदास श्रीवास, अनूप तिवारी सहित सैकड़ों लोग रहे मौजूद रहे।

### डीयू छात्र संघ के मीडिया प्रेसिडेंट बने हर्ष देव पाण्डेय




**सोनभद्र।** दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्थानीय निवासी छात्र हर्ष देव पांडे को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ का मीडिया प्रेसिडेंट बनाए जाने पर स्थानीय लोगों ने हर्ष व्याप्त करते हुए बधाई दिया है। ज्ञातव्य है कि दिल्ली विश्वविद्यालय मे अध्ययनरत छात्र हर्ष देव पाण्डेय विकास खण्ड रावर्ट्सगंज के लसाड़ा निवासी सत्येंद्र देव पांडे उर्फ बचऊ पांडे के पुत्र हैं दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव अपराजित ने शुक्रवार को हर्ष के मनोनयन की घोषणा की है।


## कार्यालय ग्रा0पं0 बरई वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:06/ ग्रा0पं0/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 02/03/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 03/03/2024 से 08/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 08/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्राइमरी पाठशाला बरई से झब्बूलाल के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3.44 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (चमेली देवी) ग्रा0पं0 बरई, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

# जिले में नवनिर्मित 24 अन्नपूर्णा भवन का हुआ उद्घाटन

- सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर बीजा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर बीजा में आयोजित हुए कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-पॉस से ई-वेईंग स्केल को लिंक कराने की व्यवस्था का ऑनलाइन लोकार्पण किया गया, जिसका सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत एवं जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडलउचित दर दुकान) का उद्घाटन फीता काटकर किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि जनपद कन्नौज में 24 उचित दर दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फ्लस्वरूप आज लोकार्पण किया गया है। कहा कि अब सरकारी प्रापर्टी अलग कर दी गई है। नई-नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से घटतौली की समस्या से निजात मिलेगी। गरीब, शोषित, वंचित के लिये सरकार कटिबद्ध है। भूमि से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु नई टेक्नालॉजी का प्रयोग कर समस्याएं दूर होगी। नव निर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) के माध्यम से पीएम वाणी के अन्तर्गत ब्राड बैण्ड एवं सीएससी सेवा पर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनवाने एवं विद्युत देयकों के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जनमानस की रोजमर्रा की वस्तुओं की बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गयी है। 484 वर्गफुट के परिसर में खाद्यान्न



वितरण कक्ष, सी0एस0सी0 कक्ष, जनोपयोगी वस्तुओं का विक्रय काउण्टर, उपभोक्ताओं के लिए बैठने का स्थान, सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत खाद्यान्न को अन्नपूर्णा भवन तक किसी भी मौसम में सुगमता से पहुंचने की सुविधा उपलब्ध है। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद में पूर्व से ही ई-पॉस मशीनों के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वितरण कराया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुपालन में जनपद में ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों की आपूर्ति की गयी है जिनको उचित दर विक्रेताओं को उपलब्ध कराया गया है। जनपद में प्राप्त ई-पॉस मशीनों को अब ई-वेईंग स्केल से लिंक किया गया है जिससे माह मार्च 2024 में कार्डधारकों को वितरण प्रारम्भ किया जायेगा। ई-पॉस मशीनें, ई-वेईंग स्केल आपस में लिंक होने से कार्डधारकों को अनुमन्य मात्रा प्राप्त हो सकेगी तथा ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के माध्यम से वितरण होने से कतिपय क्षेत्रों/विकेताओं के घटतौली किए जाने से सम्बन्धी शिकायतों पर पूर्ण विराम लग जायेगा। लाभार्थियों को अनुमन्य आवश्यक वस्तुओं का ई-वेईंग स्केल मशीन से मिलान होने के उपरांत ही ट्रांजेक्शन पूर्ण होगा, जिससे लाभार्थियों को उनकी अनुमन्य मात्रा शत-प्रतिशत प्राप्त हो सकेगी। कार्डधारक आधार प्रमाणीकरण के साथ-साथ आइरिस स्केन तथा ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगे। नवीन पीओएस मशीन से कार्डधारकों को खाद्यान्न प्राप्ति की रसीद के साथ-साथ, उपभोक्ता के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्ति की सूचना प्रेषित की जायेगी। बताया कि जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिन्हित कर उनमें व्यापक परिवर्तन लाते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत उन्हे मॉडल शॉप के रूप में विकसित किया जाना था जिसके क्रम में जनपद में विकासखण्ड कन्नौज में 06, विकासखण्ड जलालाबाद में 02, विकासखण्ड गुगरापुर में 02, विकासखण्ड उमर्दा में 02, विकासखण्ड हसेरन में 03, विकासखण्ड छिबरामऊ में 03, विकासखण्ड तालग्राम में 03 एवं विकासखण्ड सौरिख में 03 अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकानों) का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण समेत ग्राम प्रधान व कोटेदार तथा तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# तहसील समाधान दिवस में मौके पर निपटी सिर्फ तीन शिकायतें

- डीएम व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील समाधान दिवस
- 80 शिकायतों में तीन का मौके पर हुआ निस्तारण
- मौसम की खराबी के कारण फरियादियों की तादात रही कम



तहसील समाधान दिवस के दौरान शिकायतें सुनते अफसर — समृद्धि न्यूज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**तहसील** सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बारिश के चलते सुबह कम संख्या में फरियादी पहुंचे। पर दोपहर होते ही फरियादियों की तादात बढ़ने लगी। समाधान दिवस खत्म होने तक 80 फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। आयोजित समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सुबह 10 बजे तहसील पहुंच गए। जब दोनो अफसर पहुंचे, तो उस समय बूंदाबांदी चल रही थी। इस बजह से फरियादी काफी कम थे। डीएम ने करीब आधा घण्टे तक मौजूद अफसरों के साथ पिछले समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। इसके बाद शिकायतों के सुनने का सिलसिला जारी हुआ। हसेरन विकास खण्ड के हरौली ग्रामसभा की प्रधान नीलम देवी ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी ग्राम सभा के तीन मजरों में अभी तक न तो टोटी लगी है और न ही पाइप लाइन में पानी आ रहा है। जबकि ठेकेदार द्वारा सीसी रोड भी खोदकर खुली छोड़ दी गई है। इस पर डीएम ने बीडीओ हसेरन को मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए। दौलीखाती गांव निवासी अमर सिंह ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि तिर्वा के मण्डी बाजार निवासी एक सर्राफा व्यवसायी उसका एक लाख 80 हजार रूपए लेकर फरार है। यह धनराशि उसने आभूषण खरीदने के लिए उसे दी थी। इस दौरान 80 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। इनमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# भाजपाईयों ने पत्रक बांट उपलब्धियों का किया बखान



**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**केन्द्र व** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा देश व प्रदेश के लोगो के हितों में कई जन कल्याणकारी योजनाओ का क्रियान्वयन कर उनके जीवन स्तर को सुधारनें का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते विभिन्न योजनाओ के पात्र भारतीय जनता पार्टी के कार्यों व उपलब्धियों की सराहना कर रहे हैं। यह बात शनिवार को बूथ चलो अभियान के तहत के शक्तिकेन्द्र गांधीनगर में भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ जिला संयोजक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू ने कही। इससे पूर्व उन्होनें बूथ संख्या 490, सर्वेश वाल्मीकि, 492 में बूथ अध्यक्ष व शक्तिकेन्द्र सयोंजक उमेश शर्मा के साथ वार्ड में डोर-टू-डोर पहुंच कर योजनाओं के लाथार्थियों व नागरिकों से सम्पर्क कर पार्टी की नीतियों से अवगत कराकर उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान मण्डल कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष केके राजपूत आदि मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

- तहसील के निकट कीमती जमीन का फर्जी फोटो लगाकर हुआ था बैनामा
- मामले में चार अभियुक्त पहले जा चुके जेल



पुलिस हिरासत में खड़े दोनों अभियुक्त

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**धोखाधड़ी कर** कीमती जमीन का बैनामा करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनो को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया। यहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि तहसील के निकट एक कीमती जमीन का बैनामा महिला की फर्जी फोटो लगाकर किया गया था। इस मामले में जमीन मालकिन फर्रूखाबाद सेन्ट्रल जेल रोड निवासी विद्यावती ने तिर्वा कोतवाली में छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मैनपुरी जिले के परोर थाना क्षेत्र के सत्यराज पुत्र नर सिंह व विनय कुमार पुत्र रघुराज सिंह अभी तक फरार चल रहे थे। पुलिस ने दबिश देकर दोनो अभियुक्तों को गिफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# भाकियू किसान ने भ्रष्ट कोटेदारों के खिलाफ खोला मोर्चा

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**तहसील समाधान** दिवस के अवसर पर छिबरामऊ तहसील परिसर में भाकियू किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम घिलोई खास के कोटेदार के विरुद्ध ग्राम वासियों के साथ पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा जिसमें कोटेदार के द्वारा गरीब मजदूर एवं किसानों का लगातार शोषण किया जा रहा है । कम पढ़ें लिखे लोगों को अंगूठा लगाने के बाद भी नेटवर्क प्राब्लम है दोबारा आने को कहकर भ्रमित करना। सभी कार्डधारकों को पहले अंगूठे लगने हेतु बुलाया जाना फिर पांच दिन बाद राशन वितरण हेतु बुलाया जाना। घटतौली करना प्रति कार्डधारकों को लगभग तीन किलो राशन कम देना। हर माह निशुल्क राशन वितरण में गड़बड़ी करके मजदूर तथा गरीब वर्ग के लोगों को मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना राशन वितरण का कोई भी दिन निश्चित ना होना तथा कोई भी



समय निश्चित ना होना अंगूठा लगने के बाद लाभार्थी चार-पांच दिन बाद जब पहुंचता है तो कोटेदार कहता है राशन खत्म हो गया अगले महीने आओ इस प्रकार मजदूर वर्ग के गरीब लोगों को मजदूरी छोड़कर कई बार राशन डीलर के यहां दौड़ लगानी पड़ती है फिर भी राशन नसीब नहीं हो पता है और जिन्हें मिल भी जाता है उन्हें प्रति यूनिट 1 से डेढ़ किलो कम मिलता है।प्रदेश प्रवक्ता डॉ रजनीश दुबे ने कहा की गरीबों और मजलूमों की लड़ाई पूरी ताकत के साथ तहसील से संसद तक लड़ने को तैयार है ।भ्रष्ट कोटेदार खुद सुधर जाएं अन्यथा हम उन्हे सुधार देंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के उपरांत अनवार अली को मंडल उपाध्यक्ष कानपूर एवं वीर सिंह को तहसील महासचिव छिबरामऊ और दर्जनों किसानों ने संघठन की सदस्यता ली. नवनियुक्त पदाधिकारियों को सभी ने माल्यार्पण कर शुभकामनायें दी। इस मौके पर डॉ रजनीश दुबे, सोनू बघेल, आनंद तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, अभिषेक पाठक, नवीन त्रिवेदी, आदित्य दुबे, रविंद्र बाथम, सोनू बाथम, गणेश बाथम , हरिओम शाक्य, आनंद दुबे , विनय दुबे , अनुराग दुबे, अमरदीप चतुर्वेदी,गंगा दयाल सविता, डॉ योगेंद्र यादव, नसरुद्दीन, हरिश्चंद्र बाथम , धनीराम बाथम, कबीर खान, नवी आलम, हकीम अली, असरफ, दीपक दुबे, अजय दुबे, विकास दुबे अंशुल दुबे आदि पदाधिकारी व पीड़ित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष एल्डर्स कमेटी बार एसोसिएशन छिबरामऊ को लिखित पत्र सौंपा

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**बार एसोसिएशन** छिबरामऊ जनपद कन्नौज के सामान्य सदस्यगण है। बार एसोसिएशन छिबरामऊ के द्वारा जारी मतदाता सूची में कई ऐसे अधिवकाताओ के नाम सम्मलित किए गए है जो बार एसोसिएशन कन्नौज के सदस्य है जबकि बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि अधिवक्ता एक समय में एक ही बार का सदस्य रहेगा तथा वायलाज के अनुसार यदि कोई सदस्य बार की सदस्यता ग्रहण करता है तो उसे पहले दो वर्ष तक साधारण सदस्य रहना पड़ेगा तत्पश्चात उसे मत का अधिकार प्राप्त होगा और कुछ अधिवक्ताओं के सीओपी के कालम में फर्जी सीओपी नम्बर अंकित किए है। एवं कुछ ऐसे अधिवकताओ के नाम भी सम्मालित किए गए जिन्होंने ने अभी तक सीओपी नही प्राप्त की है तथा कुछ ऐसे अधिवक्ता है। जो अन्य व्यवसाय में



लिप्त है या कही अन्य जगह नौकरी कर रहे है। जब माडल बयालाज के अनुसार मतदाता सूची का अनुमोदन वरिष्ठ/ कनिष्ठ सदस्यगण करेंगे तत्पश्चात आम सदन की बैठक में रखी जायेगी लेकिन बार एसोसिएशन छिबरामऊ द्वारा ऐसा नहीं किया है। बार एसोसिएशन छिबरामऊ द्वारा जारी की गई त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची के आधार पर निष्पक्ष चुनाव कराना सम्भव नही है। ऐसे में बार एसोसिएशन छिबरामऊ की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया जाना आवश्यक है तत्पश्चात बार एसोसिएशन छिबरामऊ की चुनाव प्रक्रिया की अग्रिम कार्यवाही की जाए। बार एसोसिएशन छिबरामऊ द्वारा जारी त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची सही करा कर बार एसोसिएशन छिबरामऊ का चुनाव संपन्न कराने की कृपा करें।

राजनीति | नव मनोनीत पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय में हुआ जोरदार स्वागत

# भाजपा किसान मोर्चा ने जिला कार्यकारिणी का किया गठन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा चुनाव** से पहले पार्टी के फ्रंटल संगठनों को सक्रिय करने की कवायद तेज हो गई। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा ने जिला कार्यकारिणी का गठन किया। नव मनोनीत पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामबाबू कटियार ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। नव गठित कार्यकारणी में सौरिख निवासी अखिलेश राजपूत को जिला महामंत्री के पद का दायित्व सौंपा गया है वहीं मुकेश पांडेय, राजेश यादव, प्रमोद सिंह बैस, सिंटू दुबे, मंगल सिंह और प्रत्यूष त्रिपाठी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है, साथ ही देवेंद्र राजपूत, शिवम त्रिपाठी, शुभु मिश्रा, सुशांत शुक्ला, रामलखन राजपूत और अंकुर कटियार को जिला मंत्री मनोनीत किया है। वहीं अमित गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष व अमित ठाकुर को जिला



कार्यालय प्रभारी के पद का दायित्व सौंपा गया है तथा रणवीर श्रीवास्तव को जिला मीडिया प्रभारी और आकाश कटियार को सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीति किया गया हैं। जिला कार्यकारिणी में दीपू प्रजापति, शिवम दुबे, रामगोपाल वर्मा, शैलेन्द्र राजपूत, रणजीत सिंह, अंकित कुशवाहा, श्यामजी दुबे, क्षितिज तिवारी, चंदन प्रजापति, अमित प्रजापति, अशोक गुप्ता और संदीप कश्यप को सदस्य मनोनीत किया गया हैं। नव गठित कार्यकारिणी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों का भाजपा कार्यालय में पार्टी जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया समेत अन्य नेताओं ने फूलमाला पहना कर स्वागत किया। श्री भदौरिया ने बताया कि भाजपा के सभी फ्रंटल संगठन आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी सक्रियता के साथ क्षेत्र में जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धिया गिनाएंगे और पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## खबरें चलते-चलते

### प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था जर्जर है: विजय मिश्रा




**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में दो पक्षों की झड़प के दौरान एक दलित किशोर की मौत होने की घटना की निंदा करते हुए शनिवार को कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टेउट में धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था जर्जर है। प्रदर्शन के बाद पार्टी के नेताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंपा। गौरतलब है कि रामपुर जिले में एक विवादित जमीन पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर वाले 'होर्डिंग' लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प के दौरान गोली लगने से एक दलित किशोर की मौत हो गयी थी, तथा दो लोग घायल हो गए थे। शनिवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अगुवाई में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टेउट में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार की जर्जर कानून व्यवस्था के खिलाफजमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि रामपुर के सिलाईवारा गांव में एक पार्क में बाबा भीमराव अंबेडक की तस्वीर की होर्डिंग लगाने की वजह से दलित समुदाय के 17 वर्षीय लड़के सुमेश की पुलिस की गोली से मौत हो गई। सुमेश 10 वीं बोर्ड की परीक्षा देकर घर लौट रहा था तभी पुलिस की फायरिंग से उसकी मौत हो गई। कहा कि यूपी पुलिस ने सबूत छिपाने के लिए जबरन सुमेश के शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करवा दिया उन्होने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था धवस्त है, जिसका सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण सामने है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ न्यायिक जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन कहीं जाने वाली सरकार दिन-रात गुणगान करने से नही थक रही। प्रदेश की कानून व्यवस्था आज जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। भाजपाइयों द्वारा आई.आई.टी .बीएचयू कैंपस में गैंगरेप का दुस्साहस व न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने पर मजबूर हुई महिला जज का मामला हो, पेड़ से लटके हुए नाबालिग बहनों के शव तो कहीं ईटों से कुचल कर हत्या कर देने का प्रकरण हो यह सब घटनाये भाजपा सरकार की गंदी सोच की पोल खोलती है। कहा कि अब समय आ गया है: कांग्रेस पार्टी को लोकसभा में भारी मतों से जिताकर लाना होगा तभी देश में सच्चे लोकतंत्र की रक्षा हो सकेगी। धरना प्रदर्शन में जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे ,जिला उपाध्यक्ष तारीक वसीर, आईसीसी की पूर्व सदस्य किरण वर्मा, किसान जिला अध्यक्ष वीरसिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य ,जिला महासचिव रमाशंकर राठौर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रीना वर्मा समेत तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर 46 शिकायतों में से 10 को मौके पर मिला न्याय

**छिबरामऊ कन्नौज।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकार अन्य विभाग अध्यक्षों की मौजूदगी में संपन्न हुआ जिसमें राजस्व विभाग की 34 शिकायत दर्ज की गई सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया पुलिस विभाग की 6 शिकायत दर्ज की गई दो का मौके पर निस्तारण किया गया विकास विभाग की तीन शिकायतें दर्ज की गई एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया विद्युत विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई स्वास्थ्य विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई कल 46 शिकायत दर्ज की गई 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर फरियादियों की संख्या बहुत कम रही।

### बाइकों की टक्कर में जेल वार्डर घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से आ रही बाइक के चालक ने एक अन्य बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार जेल वार्डर गंभीर रूप से घायल हो गया। जेल अधीक्षक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिला कारागार अनौगी अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण दत्त त्रिपाठी द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार को जेल बॉर्डर राजेश कुमार पुत्र प्रेमलाल निवासी ग्राम टुंडा शेखपुर पोस्ट डेगरी सहवर थाना अमापुर जिला कासगंज बाइक पर सवार होकर जेल की ओर जा रहा था। जैसे ही सियरमऊ मंदिर के निकट पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रहे बाइक चालक मोनिश पुत्र यूनुस निवासी शरीफपुर ने कन्नौज ने जेल बॉर्डर राजेश कुमार की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### देश की जनता ने मोदी के लिए किया गठबंधन अबकी बार चार सौ पार: सुब्रत पाठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** शनिवार को भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया की अध्यक्षता में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अथिति के रूप में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व सांसद सुब्रत पाठक मौजूद रहे। बैठक का संचालन लोकसभा सयोजक नरेंद्र राजपूत ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने कहा कि भाजपा गठबंधन कार्यकर्ताओं की दम पर अब 405 सीटे जीतने जा रहा है। भाजपा को जीत दिलाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप जैसे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की रहती है, विपरीत परिस्थितियों में भी अगर तैरने का साहस किसी में है तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में है। भाजपा कार्यकर्त्ता अपनी ज़िम्मेदारी का अहसास करता है और उसे निभाता भी है। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सब अब चुनाव की दहलीज पर खड़े है और कभी चुनाव आचार संहिता लग सकती है। कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी को जो दायित्व मिला है उसको निभाना है। सांसद सुब्रत पाठक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई अपने पिता के दम पर सांसद है तो कोई अपने पति के दम पर सांसद है, पर मैं तो आज जो कुछ भी हूं कन्नौज की महान जनता के दम पर हूं। श्री पाठक ने कहा कि कई परिवारवादी पार्टियों ने मोदी के खिलाफ गठबंधन किया है, तो वहीं देश की जनता ने मोदी के लिए गठबंधन कर लिया, कहा कि देश की जनता एक बार फिर मोदी को प्रधानमन्त्री के रुप में देखना चाहती है।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# झमाझम वारिश से सरसों की फसल को नुकसान, आलू की खुदाई पर पड़ा असर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**झमाझम बारिश** होने से खेतों में खड़ी किसानों की गेहूं की फसल जमीन पर गिर पड़ी। जिससे किसानों की फसल को भारी भरकम नुकसान हुआ। शनिवार को हुई झमाझम बारिश ने ठिठुरन बढ़ा दी। दूसरी तरफ आलू की खुदाई पर भी असर पड़ने लगा। इसके साथ ही बारिश होने से खेत में कटी पड़ी सरसों में भी नुकसान की सम्भावना बढ़ गई।

बीती आधी रात से बारिश रुक-रुककर हुई, लेकिन शनिवार को हुई तेज बारिश ने खेतों को तर कर दिया। स्कूल व काम पर जाने वाले लोग छाता का सहारा लेकर निकलते सड़क पर नजर आये। अधिक बारिश होने से आलू व सरसों की फसल में नुकसान होना तय है। पकी खड़ी फसल में पानी भरने से आलू सड़ सकता है। कटी पड़ी फसल सरसों की फसल के दाने खराब होने की आशंका है। इस बार आलू की बंपर पैदावार हो रही है, लेकिन मौसम किसानों को मुसीबत में डाल रहा है। मौसम अनुकूल रहने से फसल अच्छी हुई। घना कोहरा पड़ने पर किसानों ने दवाओं का छिड़काव कर आलू बचा लिया। इससे उत्पादन बेहतर हो रहा है। अब आलू की फसल पककर तैयार है। किसान कोल्ड स्टोरेज भेजने को खुदाई करने में जुटा था। मौसम बिगड़ने से खुदाई रुक गई है। खेत में लगे ढेर भीगने से आलू दागी हो सकता है। जिन खेतों में पानी भर गया है उसमें आलू सड़ने की आशंका है। किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।उसे कोल्ड स्टोरेज की जगह आलू को मंडी भेजना मजबूरी हो जाएगी। इस वर्ष आलू का भाव भी बीते वर्षों की अपेक्षा अच्छा चल रहा है। जिससे आलू उत्पादन करने वाले किसानों के चेहरों पर उत्साह देखा जा सकता है, परंतु जिन किसानों ने गेहूं की फसल उगाई है और वह गेहूं अब तैयारी पर है ऐसी स्थिति में बरसात और तेज हवा के कारण गेहूं की फसल जमीन पर गिर पड़ी है। जिससे उत्पादन में कमी आने की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्रीय किसान राम भरोसे, हरिओम, दाताराम, प्यारेलाल, गोविंद, दीनदयाल, राम सहाय, पातीराम आदि लोगों ने बताया कि इस समय होने वाली बरसात से किसानों को नुकसान भी है और लाभ भी हो रहा है।



खेतों में बिछी पड़ी गेहूँ की फसल — समृद्धि न्यूज



खेतों में पड़ा खुदा आलू — समृद्धि न्यूज

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दो साथी घायल

**संकिसा, समृद्धि न्यूज**

**मेरापुर थाना** क्षेत्र के गांव दिवरा निवासी बाइक सवार युवक प्रदीप कुमार उम्र 25 वर्ष पुत्र राकेश कुमार शर्मा व शिवम राजपूत पुत्र रामचंद्र तथा शिवम का रिस्तेदार युवक नाम पता अज्ञात की बाइक में मोहम्मदाबाद-संकिसा मार्ग पर गांव हमीरखेड़ा व राजेन्द्र नगर के बीच किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पंहुची मेरापुर पुलिस ने तीनों घायलों को चार पहिया वाहन से सीएचसी मोहम्मदाबाद भेज दिया। चिकित्सक ने देखते ही प्रदीप कुमार शर्मा को मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर घायल शिवम व शिवम के रिस्तेदार युवक को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया के लिए रेफर कर दिया। मेरापुर पुलिस ने मृतक प्रदीप कुमार शर्मा के परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना पर मृतक के पिता व भाई अशोक, विपिन, सुदामा एवं ग्राम प्रधान पति विनोद कुमार राजपूत सीएचसी मोहम्मदाबाद पंहुचे। घटना के बाद से प्रदीप कुमार की माता पुष्पा देवी आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अविवाहित प्रदीप कुमार अपने भाई अशोक, विपिन, सुदामा से छोटा था। प्रधान पति विनोद कुमार राजपूत ने बताया कि प्रदीप कुमार आदि अचरा जाने की बात कहकर बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।



मृतक का फाइल फोटो

## खबरें चलते-चलते

### प्रशिक्षिका चमन शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को सामाजिक गतिविधियों का दिया प्रशिक्षण



छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देती चमन शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ की प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में रोवर्स प्रभारी डॉ0 अमित कुमार एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ0 अनामिका सक्सेना के निर्देशन में रोवर्स/रेन्जर्स प्रशिक्षिका चमन शुक्ला के द्वारा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को रोवर रेंजर्स के पांच दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस प्रशिक्षिण का ध्वजारोहण के साथ शुभारम्भ हुआ। छात्र-छात्राओं को रोवर्स रेंजर्स की विभिन्न गतिविधियां के साथ-साथ कई प्रकार की पट्टियों के विषय में बताया गया। आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी दिशा निर्देश दिए गये। छात्र छात्राओं को सैल्यू, करना, गांठ लगाना, प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार के गुण सिखाये गये। छात्र/छात्राओं ने बड़े ही उत्साह से प्रशिक्षिका द्वारा बताई गई। सभी ज्ञानवर्धक बातों को न केवल सीखा तथा अभ्यास भी किया। प्रशिक्षका द्वारा मनभावन गीतों की लड़ियां भी पिरोयी गई। सभी ने मिलकर सुक्ष्म आहार ग्रहण किया। प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने सभी रोवर्स एवं रेंजर्स के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हुए अध्यक्षता की। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व छात्र-छात्राओं में हर्षित शर्मा, वैभव शर्मा, सूर्यकांत, सुमित, विनय, अरुण, प्रियांशु लाल, अमित जाटव, अनिरुद्ध, सिम्मी शर्मा, शिवानी, शिखा पूजा, मुस्कान, बबली, किरण आदि उपस्थित रहीं।

### भाजपा ने मुकेश राजपूत पर तीसरी बार लगाया दांव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा सांसद मुकेश राजपूत पर भाजपा ने तीसरी बार दांव लगाया है। जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। बताते चलें कि वर्ष 2014 तथा वर्ष 2019 में भाजपा ने उन्हें टिकट दी थी। दोनों ही बार वह विजयी हुये थे। अब तीसरी बार भाजपा ने पुनः 2024 में उन्हें लोकसभा सदर सीट से प्रत्याशी बनाया है। इस घोषणा से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। कई भाजपा नेताओं ने उन्हें फोन कर बधाई दी। इसके अलावा कई समथकों ने उनके निवास पर पहुंचकर बधाई दी और उनका मुंह मीठा कराया।



जानकारी देते सांसद मुकेश राजपूत

# सम्पूर्ण समाधानः अमृतपुर में दो व सदर में आधा दर्जन शिकायतें हुईं निस्तारित

**अमृतपुर/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपर जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बारिस के चलते मात्र 25 फरियादी ही पहुंचे। जिसमें से दो की समस्याओं का निस्तारण मौके पर कर दिया गया, जबकि शेष को आश्वासन की घुट्टी पिलाकर चलता कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसील परिसर में अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति व एडीएम रवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 25 फरियादी अपनी-अपनी समस्यायें लेकर पहुंचे। जिसमें से मौके पर मात्र 02 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। एडीएम ने कहा कि समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। फर्जीफिकेशन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं जायेगा। सर्वाधिक शिकायतें कब्जे से संबंधित पहुंचीं। इस मौके पर कई विभागों के अधिकारी व सीओ मौजूद रहे। वहीं सदर तहसील में एसडीएम सदर गजराज सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 80 फरियादी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमे से मात्र आधा दर्जन शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय आदि अधिकारी मौजूद रहे।



अमृतपुर में शिकायतें सुनते एडीएम व एसडीएम आदि — समृद्धि न्यूज

# विकलांग भाई को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भाई ने विकलांग भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर भाई के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पपड़ी मिलकिया निवासी देवेन्द्र जाटव उम्र 42 वर्षीय पुत्र रामेश्वर जाटव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह दोनों पैरों से विकलॉग है। उसकी माँ किश्वरवती के नाम 17 विसे जमीन है। हम चार भाई हैं। मॉ राज किशोर के नाम सारी जमीन करने को कह रही थी। जब हमने इसका विरोध किया और कहाकि हम चारों भाइयों के नाम बराबर बंटवारा कर दो। इसी बात पर गुस्साए भाई राज किशोर ने विकलांग भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर भाई के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़ित का मेडीकल परीक्षण करवाया।



जानकारी देता पीड़ित विकलांग

# रक्तदान शिविर में करीब एक दर्जन ने किया रक्तदान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब एक दर्जन लोगों ने पहुंचकर रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा प्रभारी डा0 शोभित शाक्य ने बताया कि सुबह से लेकर दोपहर तक चले इस शिविर में 10 लोगों ने हिस्सा लिया और रक्तदान किया। यह रक्त ब्लड बैंक में सुरक्षित करवाया गया है जो समय पर जरूरतमन्द लोगों के काम आएगा। उन्होंने कहा कि एक यूनिट ब्लड करीब तीन लोगों की जान बचा सकता है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। इसमें शरीर में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होती है न ही कमजोरी आती है, बल्कि ब्लड निकल जाने के बाद तेजी से नया ब्लड बनता है। मुंसिफ कोर्ट अधिवक्ता सुरजीत कुमार ने रक्त देने के दौरान सीएमओ डा0 अवनींद्र कुमार ने प्रशत्रि पत्र प्राप्त किया।



अधिवक्ता सुरजीत कुमार को प्रशस्ति पत्र देते सीएमओ

# बीडीओ ने सफाई कर्मचारियों को चेताया बोले कार्य करें अन्यथा होगा निलंबन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

प्रभारी विकास खंड अधिकारी ने एडीओ पंचायत के साथ सफाई कर्मचारियों की बैठक ली। कार्य अंसतोषजनक पाये जाने पर कड़ी नाराजगी जतायी।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर शनिवार को प्रभारी विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह के साथ विकास खंड क्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में असंतोषजनक कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को नोटिस जारी किया तथा कई सफाई कर्मचारियों को चेतावनी दी कि वह समय से गांव में सफाई व्यवस्था करें। यदि ऐसा नहीं पाया जाता है तो उक्त सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत में समय से पहुंचकर सफाई का कार्य करें। जिससे कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर दिखाया जा सके। इस मौके पर प्रभारी विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, अवनीश सक्सेना अकाउंटेंट, लिपिक सुरेश चंद्र, आलोक दीक्षित तथा सफाई कर्मचारी लवलेश कुमार, वृंदा प्रसाद, दानवीर सिंह, राजवीर सिंह, राजीव कुमार सहित समस्त विकास खंड क्षेत्र के सफाई कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।



सफाई कर्मचारियों की बैठक लेते प्रभारी बीडीओ — समृद्धि न्यूज

# तहसील दिवस में राजस्व विभाग की छायी रहीं शिकायतें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी की** अध्यक्षता सम्पूर्ण समाधन दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर कुल 156 शिकायतें आयीं। जिसमें से 8 का मौके पर निस्तारण किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कायमगंज मे आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी डा0 बीके सिंह ने की। डीएम ने दूर दराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर दोनों पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आपनी साइट क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया जाय एवं उस क्षेत्र के विभागीय कार्यो की समीक्षा की जाये। उसकी आख्या उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा शिकायतों का निष्पक्षतापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाये। शिकायतों का ग्राउन्ड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए। बार-बार समाधान दिवस में वहीं शिकायतें नहीं आनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा मे शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय विधायिका सुरभि, सीएमओ, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 सजय सिंह, सीएमओ डा0 अवनींद्र कुमार, उपजिलाधिकारी यदुवश वर्मा, क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार सृजन कुमार, चिकित्सा प्रभारी डा0 शोभित शाक्य, एसडीओ शमीम अन्सारी, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कम्पिल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार बिन्द, शमसाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी, नवाबगंज थानाध्यक्ष आमोद सिंह सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते जिलाधिकारी

## तहसील में अव्यवस्थित रिकार्ड देख डीएम ने जतायी नाराजगी



तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी वी0के0 सिंह ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया। जिससे हड़कंप मच गया। तहसील में अलमारियों में रिकॉर्ड अव्यवस्थित तरीके से रखे हुये पाये गये। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कोर्ट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# एनसीसी ग्रुप कमांडर ने एनसीसी बटालियन का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफीसर कर्नल रोमिल शर्मा की अगुवाई में एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर अलीगढ़ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पीएस सांगवान ने बटालियन का निरीक्षण किया। उन्होंने क्लोदिंग, शस्त्र, सिम्युलेटर, ट्रेनिंग ब्रांच आफिस का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा एनसीसी कैडेट्स केशव, शिवा, गर्ल कैडेट महिमा सागर, दिव्यांसी आदि को विभिन्न क्षेत्रों में एनसीसी के महत्व के बारे में बताया तथा एनसीसी के क्षेत्र में अच्छे काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। बटालियन में ये ग्रुप कमांडर का प्रथम निरीक्षण था, हाल ही में उनको अलीगढ़ ग्रुप का ग्रुप कमांडर नियुक्त किया गया है। उन्होंने ने अपने निरीक्षण में अपने अनुभव भी साझा किए तथा देश सेवा के लिए सभी एएनओ को प्रेरित करने के साथ ही सभी पीआई स्टाफ को देश की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग में सभी गुण सिखाने के लिए निर्देश दिये। इस अवसर पर 12यूपी बटालियन एनसीसी के मेजर केके सिंह, कैप्टन बलविंदर सिंह, लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, लेफ्टि0 चंचल शर्मा, अवधेश खोजी, एसीटीओ डॉ0 सत्येंद्र कुमार, सूबेदार मेजर हरकेश सिंह, जेसीओ सूबेदार राजवीर, सूबेदार भीम सिंह, सूबेदार रंजीत सिंह, सूबेदार सुरेश, सीएचएम जय राम, बीबी राणा, हवलदार विक्रम, लिपिक गिरीश चंद्र, इंद्रेश आदि मौजूद रहे।



ले0 गिरीजा शंकर से हाथ मिलाते ग्रुप कमांडर

# पीएम मोदी ने मंत्रालय का गठन कर सहकारिता क्षेत्र को दिया नया जीवन

## गृह मंत्री अमित शाह ने शहरी सहकारी बैंकों के लिए एनयूसीएफडीसी का किया उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए अम्ब्रेला संगठन नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि जब तक सहकारी संस्थाओं के बीच सहकार और परस्पर आगे बढ़ाने की ताकत नहीं दी जाएगी, तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा कि लगभग 20 वर्षों के संघर्ष के बाद आज एनयूसीएफडीसी की स्थापना हो रही है और यह हम सभी के लिए बहुत ही शुभ दिन है।

उन्होंने कहा कि पहले सहकारिता मंत्रालय और सहकारी क्षेत्र अनेक मंत्रालयों में बिखरा हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के 75 साल बाद अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता क्षेत्र को नया जीवन दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को एक अंब्रेला सहकारिता मंत्रालय के रूप में मिला है। 125 वर्षों तक सहकारी क्षेत्र ने संघर्ष किया और अपना अस्तित्व बचाए रखा, लेकिन अब सरकारी तंत्र के सहयोग से यह तेजी से प्रगति करेगा और देश की अर्थव्यवस्था में सम्मान हासिल करेगा। सहकारिता आंदोलन को जनांदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सहकारिता मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत जैसे विशाल देश में विकास का पैमाना सिर्फ आंकड़े नहीं हो सकते, बल्कि देश के विकास में कितने लोगों की भागीदारी है, ये बहुत बड़ा पैरामीटर होना चाहिए।

अमित शाह ने कहा कि ये अंब्रेला संगठन समय की आवश्यकता है और सेल्फ-रेगुलेशन के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक भी है। इस संगठन के बनने के बाद देश में शहरी सहकारी बैंकों का विकास कई गुना बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि अंब्रेला संगठन का एक प्रमुख काम बीआर एक्ट के लिए छोटे से छोटे बैंक को तौयार करना होना चाहिए। हमारा लक्ष्य आगे बढ़ते हुए हर शहर में शहरी सहकारी बैंक खोलना होना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा और सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी सहित अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे।

# हिमाचल के पांच जिलों में बर्फबारी एनएच समेत 350 सड़कें अवरूद्ध

एजेंसी

> जनजातीय जिलों में यातायात व्यवस्था बिजली आपूर्ति प्रभावित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मार्च महीने का आगाज मौसम के कड़े तेवरों से हुआ है। राज्य के पांच पर्वतीय जिलों में लगातार दूसरे दिन भी बर्फ गिरने का दौर जारी है। वहीं राजधानी शिमला सहित राज्य के मैदानी हिस्सों में व्यापक वर्षा हो रही है। कई जगह अंधड़ भी चल रही है। खराब मौसम की वजह से लाहौल घाटी में हिमखंड गिरने का खतरा बढ़ गया है।

ताजा बर्फबारी से जनजातीय जिलों में यातायात व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और संचार व्यवस्था प्रभावित हुई है। चार नेशनल हाईवे समेत 350 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप है। बर्फबारी व आंधी से 1314 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। लाहौल स्पीति और कुल्लू व मनाली उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थान बर्फबारी के कारण आज बंद रखे गए हैं। इस बारे में संबंधित एस.डी.एम. द्वारा आदेश जारी किए गए है। साथ में यह भी स्पष्ट किया गया है हिमाचल प्रदेश बोर्ड द्वारा ली जा रही परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही होगी। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार किन्नौर, लाहौल स्पीति, कुल्लू, चंबा और शिमला जिला में बर्फ गिर रही है। लाहौल-स्पीति जिला के केलंग में डेढ़ फुट, उदयपुर में दो फुट से अधिक जबकि त्रिलोकनाथ में ढाई फुट जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार फीट तक बर्फबारी हुई है। किन्नौर जिला के छितकुल और आसरंग में दो फुट, कल्पा व सांगला में डेढ़ फुट, हिमपात हुआ है। चम्बा जिला में भी बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है इससे कई सड़क मार्ग अवरूद्ध हुए है।

# प्ले स्टोर से भारतीय ऐप को हटाने की अनुमति नहीं : केन्द्र सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय ऐप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है। आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है।

मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय मैट्रिमोनी ऐप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करते हुए कहा, भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है। मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए ऐप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा, मैंने पहले ही गूगल से बात की है। मैंने उन ऐप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे। इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है। मंत्री ने कहा, युवाओं और उद्यमियों की ऊर्जा को सही दिशा देनी चाहिए।

## आरएनआई का नाम बदलकर हुआ, पीआरजीआई अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और इसके नियमों को अपने राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही यह अधिनियम एक मार्च से लागू हो गया है। अधिसूचना के अनुसार आरएनआई का नाम बदलकर प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (पीआरजीआई) कर दिया गया है। अब से पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और प्रेस एवं पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नये अधिनियम के तहत देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करता है।

# साढ़े तीन हजार से अधिक युवाओं को रोजगार

> आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में उत्तराखंड में बेरोजगारी दर में आई कमी

समृद्धि न्यूज

**एक साल में बनाया रिकॉर्ड**

एक साल में यूकेपीएससी के माध्यम से 6635 अफसरों तथा समूह ग के पदों पर 7644 युवाओं को पुलिस दूर संचार, रैंकर्स, आबकारी सिपाही, पशुपालन, रेशम, शहरी विकास, वन विभाग, शिक्षा विभाग में एलटी, कृषि विभाग,पेयजल निगम, विभिन्न विभागों में सहायक लेखाकार, लेखाकार, अनुदेशक, कार्यशाला अनुदेशक, वाहन चालक, सचिवालय रक्षक, मत्स्य विभाग आदि में नौकरी देकर धामी सरकार ने रिकॉर्ड बनाया है। फारेस्ट गार्ड के 2000 से ज्यादा पदों पर भी नियुक्ति की गई।



**देहरादून।** धामी सरकार का फोकस अधिक से अधिक रोजगार सृजन पर है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर पूरे प्रदेश में सेवायोजन विभाग के माध्यम से आयोजित हो रहे हैं और रोजगार मेलों के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। विगत चार माह में सेवायोजन विभाग राज्य के लगभग साढ़े तीन हजार युवाओं को रोजगार दिलाने में कामयाब रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी विभागों के अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी युवाओं को अधिकाधिक रोजगार प्राप्त हो इसके लिए राज्य की धामी सरकार निरंतर प्रयासरत है। धामी सरकार के इन्हीं सब प्रयासों का प्रतिफल है कि राज्य में बेरोजगारी दर में भी ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई है। राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट बताती है कि उत्तराखंड में बेरोजगारी दर में भारी कमी देखने को मिली है। वर्ष 2021- 22 में उत्तराखंड में 8.4 फीसदी बेरोजगारी दर थी, जो 2022-23 में घटकर 4.9 फीसदी रह गई है। इधर, राज्य सेवायोजन विभाग के माध्यम से प्रत्येक जनपद में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फार्मा से लेकर सिक्योरिटी, बैंकिंग,सेल्स मार्केटिंग आदि कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। विगत चार माह में सेवायोजन विभाग के माध्यम से लगभग साढ़े तीन हजार युवाओं को नौकरियों के अवसर उपलब्ध हुए।

# नेशनल सोलर एक्सपो का आयोजन सात से

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** नेशनल सोलर एंड ईवी एक्सपो 24 का आयोजन उत्तर प्रदेश सोलर पावर डेवलपमेंट एसो एवं सह आयोजक यूपीनेडा के साथ यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड लखनऊ द्वारा ऐसोचैम यूपी यूके के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सोलर पावर डेवलपमेंट एसो हमेशा से ही प्रदेश स्तर पर जन जन को सोलर और पर्यावरण संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता आया है।

प्रधानमंत्री मोदी की सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्रदेश सरकार की सहायता से इस योजना में और तेजी आए और ज्यादा ज्यादा इसका लाभ जन जन तक पहुंचे, इसी क्रम को बृहद रूप देते हुए उत्तर प्रदेश सोलर पावर डेवलपमेंट एसो ने एक छत एक समाधान के लिए एक्सपो का आयोजन कर रही है, जिसमे 10 बड़े राज्यों से विभिन्न कंपनीया अपने प्रोडक्ट जैसे बैटरी, पैनल, इन्वर्टर, अर्थिंग, केबल ऑन ग्रिड, ऑफ ग्रिड और हाइब्रिड सोलर का प्रदर्शन करेगी। वही आज के पर्यावरण को शुद्ध रखने के मुहिम में इलेक्ट्रिकल गाड़ियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सपो का आयोजन 7,8,9 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में होगा। इस एक्सपो का उद्देश्य प्रधानमंत्री की योजना सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना को जन जन तक पहुंचना है, जिसमे प्रधानमंत्री जी द्वारा 1 करोड़ घरों में सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा है।

इस योजना में लगभग 22 हजार मेगा वॉट का लक्ष्य 2022 से 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है एक्सपो का आयोजन राज्य सरकार के सोलर योजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

प्रेस कान्फ्रेंस मे यूपीएसपीडीए के संरक्षक एवं एसोचैमयूपी-यूके के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारिक हसन नकवी, यूपीएसपीडीए के अध्यक्ष अनवेश सिंह चौहान एसोचैमयूपी-यूके अध्यक्ष डीपी सिंह, यूपीएसपीडीए के उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, अखिलेश त्रिपाठी, आईएनए सोलर के उपाध्यक्ष अजय शर्मा, एवं लूम सोलर से संजय मिश्रा इत्यादि एकसपो के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।

## हिमाचल में कांग्रेस की सरकार कायम, बगावतियों पर होगी कार्रवाई : दिग्विजय

**मुरैना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पर कथित तौर पर संकट को लेकर कहा कि वहां सरकार कायम है और बगावतियों पर समय आने पर कार्रवाई की जाएगी। श्री सिंह राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आज यहां आए हुए हैं। इसी मौके पर उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार कायम है। सरकार के गिरने की अफवाहें वही षड्यंत्रकारी लोग फैला रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस की सरकारें गिराने का ठेका लिया हुआ है। उन्होंने कहा कि वक्त आने पर बगावतियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री गांधी की यात्रा के संदर्भ में श्री सिंह ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों की आवाज को बुलंद करना है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चंबल क्षेत्र में कांग्रेस कभी कमजोर नहीं रही।

# सुएज इंडिया ने सफाई कर्मियों के लिए किया सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम

समृद्धि न्यूज

> एएससीआई और वॉश ने किया सुएज श्रमिकों का सुरक्षा सर्वेक्षण

**लखनऊ।** राजधानी में वन सिटी वन ऑपरेटर के तहत सीवर मेंटेंस के लिए उत्तरदायी संस्था सुएज इंडिया ने सफाई कर्मियों के लिए बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया है। डॉ. स्नेहलता ने यह बात गुरुवार को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) और उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग के संयुक्त सर्वेक्षण के दौरान कही। यह व्यापक सर्वेक्षण सुएज सफाई कर्मियों के लिए कार्यस्थल पर किए गए सुरक्षा इंतजामों को लेकर किया गया।

एएससीआई फैकल्टी का प्रतिनिधित्व करने वाली डॉ. स्नेहलता ने बताया, यह देखना बेहद सुखद है कि सुएज जैसा अंतराष्ट्रीय संगठन दुनिया भर से बेहतरीन सुरक्षा प्रथाओं को लागू कर रहा है। संगठन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए लागू किए गए सुरक्षा उपायों से श्रमिक भी खुश है। एएससीआई की एक टीम ने इंदिरा नगर के सी ब्लॉक स्थित जल कल वाटर टैंक परिसर में स्थित सुएज के जोन 7 कार्यालय का दौरा किया। टीम ने 30 से अधिक सीवर सफाई कर्मचारियों से बातचीत की और उनसे सुरक्षा प्रोटोकॉल, पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) के उपयोग और समग्र सुरक्षा प्रथाओं को लेकर उनके अनुभवों के विषय में जानकारी प्राप्त की। सुएज के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, राजेश मठपाल ने सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, सुएज का सुरक्षा मंत्र यह है कि प्रत्येक कर्मचारी अपने सहकर्मी, अपने भाई और अपने समुदाय का रक्षक है। हम साइट पर जीवन रक्षक नियम लागू करते हैं। ये नियम इसलिए बनाए गए हैं ताकि हम सब सुरक्षित रहें।

## खबरें एक नजर में

### विकास की गति में अवरोध बनी मोदी सरकार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय देश ने प्रगति की जो रफ्तार पकड़ी थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उस गति में अवरोध बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली सरकार ने गरीबों को मजबूती प्रदान कर देश को विकास की रहा दिखाई लेकिन श्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में सिर्फ मित्रों का हित साधा जा रहा है।श्री गांधी ने कहा, संप्रग सरकार में तेज़ी से आगे बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था के लिए नरेंद्र मोदी 'स्पीड ब्रेकर' बन गए हैं। कांग्रेस ने गरीबों को मज़बूत कर विकास को गति दी वहीं श्री मोदी चंद मित्रों के फायदे के लिए देश को खोखला कर रहे हैं। देश की निरंतर प्रगति में नीतियों महत्व देने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा, नीतियों में देशवासियों को आगे रखे बिना देश का विकास असंभव है। झूठे प्रचार के विपरीत आर्थिक मोर्चे पर भाजपा सरकार कांग्रेस के आस-पास भी नहीं है। आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं।

### राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान शाम 6 बजे तक रहेगा खुला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अब एक घंटा अधिक समय तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। उद्यान अब 31 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। यह रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहता है। राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 31 मार्च तक जनता के दर्शन के लिए खुला रहेगा। लोग सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे (अंतिम प्रवेश – शाम 5 बजे) के बीच उद्यान में जा सकते हैं। पहले यह सुबह 10 से शाम 5 बजे तक (अंतिम प्रवेश- शाम 4 बजे) खुला रहता था। ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है। वॉक-इन आगंतुकों को राष्ट्रपति भवन के गेट के पास सुविधा काउंटर या स्वयं सेवा कियोस्क पर अपना पंजीकरण कराना होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने 1 फरवरी को उद्यान उत्सव-ढ्ढ 2024 का उद्घाटन किया और 2 फरवरी से अमृत उद्यान को जनता के लिए खोल दिया गया। अमृत उद्यान 5 मार्च को विशेष श्रेणियों और अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा। सभी आगंतुकों की सुविधा के लिए सुबह 9.30 बजे से केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन (गेट 4) और अमृत उद्यान (गेट 35) के बीच मुफ्त शटल बस सेवा उपलब्ध है।

### गंभीर का सियासी पिच से सन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने का फैसला किया है। गंभीर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा को संबोधित पोस्ट में लिखा मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से अनुरोध किया है कि मुझे मेरे राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करें ताकि मैं अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह को हृदय से धन्यवाद देता हूं जिन्होने मुझे लोगों की सेवा करने का अवसर दिया। जय हिन्द। गौरतलब है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों की पहली सूची आने से पहले गंभीर ने राजनीतिक करियर को अलविदा कहा है। उन्होने राजनीति की पिच पर अपनी पारी की शुरुआत 2019 में लोकसभा चुनाव से कुछ पहले भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर की थी। पार्टी ने उन्हे पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट का टिकट दिया था। इस फैसले को सही साबित करते हुये गंभीर ने आम आदमी पार्टी प्रत्याशी आतिशी मार्लेना को पराजित कर संसद की दहलीज लांघी थी।

### आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत

**हरिद्वार, समृद्धि न्यूज।** आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ घटना की सूचना आईआईटी प्रशासन व परिजनों को दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार को सुबह थाना कलियर क्षेत्र में नहर पटरी पर उत्तरा टेक कॉलेज के पास दो व्यक्तियों की मोटर साइकिल दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना मिली। दोनों को गंभीर चोट लगी थी। स्थानीय पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों आई आईटी रुड़की के पीएचडी के छात्र थे। मृतकों की पहचान शशि गौरव पुत्र शशि भूषण सिन्हा निवासी ग्राम धनामा थाना परवलपुर जिला नालंदा बिहार (उम्र 33) व कमलेश मीणा पुत्र बाबू लाल मीणा निवासी नीम का थाना राजस्थान ( 34 वर्ष) के रूप में हुई।

### महाशिवरात्रि पर केदारनाथ कपाट खुलने की तिथि होगी तय


**गुप्तकाशी।** विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि विधि -विधान एवं पंचांग गणना पश्चात शुक्रवार 8 मार्च महाशिवरात्रि के अवसर पर तय होगी। इसी दिन भगवान केदार नाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति के श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी तय हो जायेगाा। कपाट खुलने की तिथि तय करने के लिए पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में शिवरात्रि के अवसर पर प्रात: 9 बजे से धर्मिक समारोह शुरू हो जायेगा। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ- मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में रावल आचार्य-वेदपाठीगण पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा-अर्चना,विधि- विधान, पंचांग गणना पश्चात श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय करेंगे। श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के कार्यक्रम में पंचगाई हक-हकूकधारी सहित केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्यगण एवं मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह,कार्याधिकारी आरसी तिवारी, सहित विशिष्टजन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

### राष्ट्रपति ने संत कवि भीम भोई को श्रद्धांजलि अर्पित की



**संबलपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के संबलपुर जिले में संत कवि भीम भोई को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने रायराखोल का दौरा किया और संत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वह केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ मधुपुर स्थित चौसठी सिद्धंकर धूनी मंडप गईं और सदा प्रज्वलित रहने वाले हवन में तेल डालकर 19वीं सदी के संत को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह चौसठी सिद्धि आश्रम गईं। वहां राष्ट्रपति ने संतों के साथ संक्षिप्त चर्चा की और आश्रम के पुराने पेड़ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आश्रम परिसर में पौधा भी लगाया। उन्हें संत कवि भीम भोई की एक तस्वीर और एक पुस्तक भेंट की गई। राष्ट्रपति ने आश्रम के लोगों के साथ भी बातचीत की और बच्चों को चॉकलेट बांटे। मुर्मू, भीम भोई की प्रशंसक हैं और उन्होंने जुलाई 2022 में राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में उनका उल्लेख किया था। राष्ट्रपति ने 28 फरवरी को ओडिशा का अपना चार दिवसीय दौरा शुरू किया। वह मयूरभंज, क्योंझर, संबलपुर, गंजाम, कटक और खुर्दा जिलों में कई कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

# वायु प्रदूषण शरीर के साथ दिमाग पर भी डालता है असर, साफ हवा रोक सकती है सुसाइड के मामले



चीन में किए गए एक अध्ययन से यह बात सामने आयी है कि वायु प्रदूषण का स्तर कम होने से आत्महत्या की दर में कमी आ सकती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के अनुसंधानकर्ताओं का अनुमान है कि वायु प्रदूषण को कम करने के चीन के प्रयासों ने केवल पांच वर्षों में देश में आत्महत्या के कारण होने वाली 46,000 मौतों को रोका है।

**वायु प्रदूषण कई बीमारियों को देता है न्यौता :** अध्ययन रिपोर्ट 'नेचर सस्टेनेबिलिटी पत्रिका में प्रकाशित हुई है। इसमें कहा गया है कि वायु गुणवत्ता मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में शामिल है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि वायु प्रदूषण जैसे मुद्दों को अकसर एक शारीरिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में देखा जाता है जो अस्थमा, हृदय रोग और फेफड़ों के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है।

**आत्महत्या के दर में आई कमी :** अनुसंधान टीम ने पूर्व में भारत में आत्महत्या की दर पर तापमान के प्रभाव का अध्ययन किया था जिसमें पाया गया कि अत्यधिक गर्मी ऐसी घटनाओं को बढ़ाती है। टीम इस तथ्य को जानने को लेकर उत्सुक थी कि चीन में आत्महत्या की दर दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक तेजी से कम हुई है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि साल 2000 में देश की प्रति व्यक्ति आत्महत्या दर वैश्विक औसत से अधिक थी लेकिन दो दशक बाद यह उस औसत से नीचे आ गई है।

**मानसिक बीमारी का कारण बनता है वायु प्रदूषण :** माना गया है कि वायु प्रदूषण का बढ़ा हुआ स्तर मानसिक बीमारी का कारण बन सकता है क्योंकि ये प्रदूषक तनाव हार्मोन कोर्टिसोल को बढ़ाते हैं। यह आगे मस्तिष्क में एक अन्य रसायन के स्तर को प्रभावित करता है जिसे डोपामाइन या हैप्पी हार्मोन के रूप में जाना जाता है। कहा जाता है कि चिंता या अवसाद के लक्षणों से पीड़ित लोग वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसका मतलब यह है कि चिंता या अवसाद से पीड़ित बिना किसी मानसिक बीमारी वाले शख्स की तुलना में वायु प्रदूषकों से अधिक प्रभावित होता है।

**वायु प्रदूषण के कारण होता है टीनएज डिप्रेशन :** वायु प्रदूषण के कारण टीनएज डिप्रेशन ज्यादा होता है । चिंता या अवसाद के लक्षणों से पीड़ित बच्चे वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। उदास किशोरों के शरीर पहले से ही कमजोर होते हैं क्योंकि उनकी जीने की इच्छा खत्म हो जाती है।

# दुनिया में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या एक अरब



दुनिया भर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की कुल संख्या एक अरब से अधिक हो गई है। 'द लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक वैश्विक विश्लेषण में यह जानकारी दी गई। शोधकर्ताओं ने साथ ही बताया कहा कि 1990 के बाद से सामान्य से कम वजन वाले लोगों की संख्या कम हो रही है और मोटापा अधिकतर देशों में कुपोषण का सबसे आम रूप बन गया है। मोटापा और कम वजन दोनों ही कुपोषण के रूप हैं और कई मायनों में लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। एनसीडी जोखिम कारक सहयोग (एनसीडी-रिस्क) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वैश्विक डेटा के विश्लेषण के अनुसार, दुनियाभर के बच्चों और किशोरों में 2022 में मोटापे की दर 1990 की दर से चौगुनी रही। अध्ययन में कहा गया है कि वयस्कों में, मोटापे की दर महिलाओं में दोगुनी से अधिक और पुरुषों में लगभग तिगुनी हो गई। अध्ययन के अनुसार, 2022 में 15 करोड़ 90 लाख बच्चे एवं किशोर और 87 करोड़ 90 लाख वयस्क मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। अध्ययन के अनुसार 1990 से 2022 तक विश्व में सामान्य से कम वजन वाले बच्चों और किशोरों की संख्या में कमी आई है। दुनियाभर में समान अवधि में सामान्य से कम वजन से जूझ रहे वयस्कों का अनुपात आधे से भी कम हो गया है।

**लड़कियों के वजन हुए कम**

शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन के लिए 190 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच वर्ष या उससे अधिक उम्र के 22 करोड़ से अधिक लोगों के वजन और लंबाई का विश्लेषण किया। इस अध्ययन में 1,500 से अधिक शोधकर्ताओं ने योगदान दिया। उन्होंने यह समझने के लिए शरीर द्रव्यमान सूचकांक(बीएमआई) का विश्लेषण किया कि 1990 से 2022 के बीच दुनिया भर में मोटापे और सामान्य से कम वजन की समस्या में क्या बदलाव आया है। अध्ययन में पाया गया कि 1990 से 2022 के बीच वैश्विक स्तर पर मोटापे की दर लड़कियों और लड़कों में चार गुना से अधिक हो गई है और यह चलन लगभग सभी देशों में देखा गया है।

**करोड़ों लोग अब भी कुपोषण से पीड़ित**

यह ताजा अध्ययन पिछले 33 साल में कुपोषण के दोनों रूपों संबंधी वैश्विक रुझानों की विस्तृत तस्वीर पेश करता है। ब्रिटेन के 'इंपीरियल कॉलेज लंदन के प्रोफेसर माजिद इज्जती ने कहा कि ''यह बहुत चिंताजनक है कि मोटापे की महामारी जो 1990 में दुनिया के अधिकतर हिस्सों में वयस्कों में साफनजर आती थी, अब स्कूल जाने वाले बच्चों और किशोरों में भी दिखाई देती है। इसके अलावा, खासकर दुनिया के कुछ सबसे गरीब हिस्सों में करोड़ों लोग अब भी कुपोषण से पीड़ित हैं। कुपोषण के दोनों रूपों से सफलतापूर्वक निपटने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम स्वस्थ एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता बढ़ाएं और इसे किफायती बनाएं।

शोधकर्ताओं ने बताया कि सामान्य से कम वजन वाली लड़कियों का अनुपात 1990 में 10.3 प्रतिशत से गिरकर 2022 में 8.2 प्रतिशत हो गया और लड़कों का अनुपात 16.7 प्रतिशत से गिरकर 10.8 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि लड़कियों में सामान्य से कम वजन की दर में कमी 44 देशों में देखी गई, जबकि लड़कों में यह गिरावट 80 देशों में देखी गई।